खबरों के 69 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

जबलपुर, गुरुवार 03 जुलाई 2025 । वर्ष – 69 । अंक – 228 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ लंबी विदेश यात्रा पर मोदी
■ योगी बंदर की लीला और... 04
■ अब्राहम अकॉर्ड से जुड़ेगा बड़ा इस्लामिक...
■ अमेरिका के पास हो गई हथियारों की... 09
■ घी, साबुन और स्नैक्स होंगे सस्ते?
■ जुलाई में 8 दिन बंद रहेगा शेयर बाजार 11
■ भारत ने इंग्लैंड पर...
■ दूसरे टेस्ट में स्मिथ... 10

सार संक्षेप

## मोदी पांच देशों की यात्रा पर रवाना



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अफ्रीका, कैरेबियाई और दक्षिण अमरीकी क्षेत्र के पांच देशों की यात्रा पर बुधवार सुबह रवाना हुए। आठ दिन की इस यात्रा के दौरान मोदी घाना, त्रिनिदाद एवं टोबेगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामिबिया जाएंगे। प्रधानमंत्री ने इस यात्रा के लिए प्रस्थान करने से पहले एक वक्तव्य में कहा कि मुझे विश्वास है कि इन पांच देशों की मेरी यात्रा से दक्षिण के देशों के साथ हमारे मैत्रीपूर्ण रिश्ते मजबूत होंगे। प्रधानमंत्री चार और पांच जुलाई को अर्जेंटीना में होंगे और वहां से ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील के रियो डि जेनेरियो जाएंगे और वहां पांच से सात जुलाई तक ब्रिक्स की बैठकों में हिस्सा लेंगे।

## तेलंगाना फार्मा प्लांट विस्फोट में 40 मौतों की पुष्टि, एक-एक करोड़ के मुआवजे का एलान

**पशम्यलारम।** तेलंगाना के पशम्यलारम में फार्मा प्लांट में हुए विस्फोट में सिगाची इंडस्ट्रीज ने 40 लोगों की मौत होने की पुष्टि की है। कंपनी ने मृतकों को एक-एक करोड़ रुपये मुआवजा देने का एलान किया है। कंपनी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि हम दुख के साथ तेलंगाना कारखाने में हुई दुर्घटना की जानकारी साझा कर रहे हैं। इस हादसे में हमारी टीम के 40 सदस्यों की मौत हो गई और 33 से अधिक लोग घायल हो गए। कंपनी ने कहा कि दुर्घटना के बाद से ही हम आपातकालीन प्रतिक्रिया, परिवार सहायता का समन्वय कर रहे हैं। इसके अलावा जांच और अनुपालन प्रयासों में सहयोग दे रहे हैं। सिगाची इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने मृतकों के परिवारों को एक करोड़ रुपये की मुआवजा राशि देने की प्रतिबद्धता जताई है, जबकि घायलों को पूर्ण चिकित्सा और पुनर्वास सहायता मिलेगी। कंपनी ने कहा कि यह दुर्घटना प्लांट में रिएक्टर विस्फोट के कारण नहीं हुई। हम इसकी जांच के बाद सही जानकारी देंगे।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष ने अनुशासन को बड़ा बताते हुए कहा है- पार्टी से दांए बांए जाने वालों को दिक्कत होगी।

**चुहिया- हां प्रिये**- अनुशासन की घुटी ने ही पार्टी को फर्श से अर्श पर पहुंचाया है।

# बाढ़ का कहर, भूस्खलन, बादल फटे, 50 से ज्यादा मौतें

*__नई दिल्ली, भोपाल, देशबन्धु।__ देशभर में मानसून की रफ्तार तेज होते ही मौसम ने विकराल रूप ले लिया है। हिमाचल प्रदेश, ओडिशा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में मूसलाधार बारिश, बादल फटने और बाढ़ की घटनाओं ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। सबसे ज्यादा असर हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में देखा गया, जहां बादल फटने और अचानक आई बाढ़ से 51 लोगों की मौत हो चुकी है और कई लोग लापता हैं। बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और स्थानीय पुलिस लगातार अभियान चला रही है। भारी बारिश के कारण ब्यास नदी उफान पर है और राज्य में रेड अलर्ट जारी कर दिया गया है।*

- हिमाचल में 16 जगह बादल फटे
- 406 सड़कें बंद
- मध्यप्रदेश के 18 जिलों में भारी वर्षा बाढ़
- बालासौर के 3 हजार से ज्यादा लोग राहत शिविरों में भेजे गए



देश में भारी बारिश और भूस्खलन से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है, जहां उत्तराखंड में चार धाम यात्रा पर रोक लगाई गई है, कई नदियां उफान पर हैं और शहरों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। हिमाचल प्रदेश में 20-21 जून को मानसून की एंट्री हुई थी। अब तक 20 से ज्यादा जगह बादल फटने की घटना हो चुकी हैं। अकेले 30 जून की रात मंडी और किन्नौर में 16 जगह बादल फटे थे। इस मानसून में राज्य में लैंडस्लाइड-बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में अब तक 51 लोगों की मौत हो चुकी है। 22 से ज्यादा लोग लापता हैं। 40 के करीब मकान पूरी तरह ढह गए हैं। मंडी जिले से बहने वाली ब्यास नदी उफान पर है। राज्य में आज तेज बारिश का रेड अलर्ट है। मंडी के पास सराज क्षेत्र में बादल फटने के बाद भारी बारिश से पटिकरी पावर प्रोजेक्ट पूरी तरह तबाह हो गया। घटना के वक्त इसमें 12 कर्मचारी काम कर रहे थे। सभी ने किसी तरह भागकर जान बचाई। उधर मध्यप्रदेश के 18 जिलों में भारी वर्षा से बाढ़ के हालात हैं, नदियां उफान पर हैं।

राजस्थान के अलग-अलग हिस्सों में हो रही बारिश आफत बन गई है। कोटा के मोड़क कस्बे में बाढ़ के हालात हैं। घर, स्कूल, हॉस्पिटल, एटीएम तक में पानी भर गया है। चार-चार फीट तक पानी घरों में बह रहा है। चित्तौड़गढ़ के रावतभाटा में गूंजली नदी का पानी पुल के ऊपर से तक बह रहा है। आधा दर्जन से अधिक गांवों का संपर्क कट गया है। छत्तीसगढ़ के राजपुर क्षेत्र में बारिश में गागर नदी में मछली पकड़ने गए 3 पहाड़ी कोरवा बच्चे 4 घंटों तक फंसे रहे। अचानक नदी का जलस्तर बढ़ने से यह हादसा हुआ।

# 50 साल से खेती कर रहे, पट्टे और बही भी हैं लेकिन उजाड़ दिया

## तारादेही के ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, लगाया जाम

**दमोह, देशबन्धु।** तेंदूखेड़ा ब्लॉक के तारादेही क्षेत्र में वन विभाग की कार्रवाई के खिलाफ आदिवासी समुदाय का आक्रोश बुधवार को सड़कों पर नजर आया। सुबह सैकड़ों की संख्या में आदिवासी महिलाएं और पुरुष एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन पर बैठ गए।

जब अधिकारियों ने उनकी बात नहीं सुनी तो उन्होंने तारादेही-महाराजपुर मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया, जिससे सागर-जबलपुर मार्ग पर घंटों तक यातायात ठप रहा। दरअसल, वन विभाग द्वारा अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इसे लेकर आदिवासियों का कहना है कि वे पिछले 50 वर्षों से इस जमीन पर रह रहे हैं और खेती कर रहे हैं। कई लोगों के पास पट्टे और बही भी हैं। फिर भी उन्हें खेती करने से रोका जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि विभाग उन्हें खेती के लिए ट्रैक्टर की जगह बैल और हल से खेत जोतने की सलाह देता है, जो आज के दौर में संभव नहीं है। प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही तेंदूखेड़ा एसडीएम सौरभ गंधर्व, तहसीलदार विवेक व्यास और एसडीओपी डीएस ठाकुर मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें आश्वासन दिया कि जिनके पास वैध दस्तावेज हैं, उन्हें खेती करने से नहीं रोका जाएगा।



### वन विभाग ने दी सफाई

तारादेही रेंजर देवेंद्र गुर्जर ने कहा कि जिन लोगों के पास वैध पट्टे और बही हैं, उन्हें खेती करने से नहीं रोका जा रहा है। सिर्फ अवैध अतिक्रमण हटाया गया है। वहीं, एसडीएम सौरभ गंधर्व ने कहा कि आदिवासी समाज की समस्याएं सुनी गई हैं और जिन्हें अधिकार प्राप्त हैं, उन्हें पूरा सहयोग दिया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान जिला पंचायत सदस्य बबीता पोर्ते, जनपद अध्यक्ष तुलाराम यादव, योगेंद्र सिंह तेकाम सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के लोग मौजूद रहे।

## उत्तराखंड में 3 कांवड़ियों की मौत, 14 गंभीर घायल

**टिहरी।** उत्तराखंड में आज सुबह कांवड़ियों के साथ हादसा हो गया। ट्रक में सवार होकर करीब 17 कांवड़ यात्री टिहरी से नरेंद्रनगर आ रहे थे कि अचानक ट्रक बीच सड़क पलट गया। हादसा ऋषिकेश गंगोत्री हाईवे पर जाजल फकोट के पास हुआ। ट्रक पलटने से उसमें सवार सभी 17 कांवड़ यात्री दब गए। हादसे में 3 यात्रियों की मौत हो गई है और बाकी 14 घायल हैं, जिन्हें उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया गया है। हादसे की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी थी। पुलिस ने मौके पर आकर बचाव अभियान चलाया। लोगों के साथ मिलकर ट्रक के नीचे से घायलों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया। ट्रक को जेसीबी की मदद से सीधा करके रेस्क्यू किया गया।

### टिहरी में ट्रक पलटने से हुआ हादसा

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी बृजेश भट्ट ने हादसे की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि ट्रक में सवार होकर कांवड़ यात्री ऋषिकेश से गंगोत्री जा रहे थे। हाईवे पर फोकट के पास मोड़ काटते समय ड्राइवर का ट्रक से कंट्रोल छूट गया और ट्रक सड़क पर पहाड़ी की तरफ पलट गया। अगर ट्रक सड़क के दूसरी ओर पलटता तो खाई में गिर जाता और बड़ा हादसा होता। ट्रक पलटता देखकर राहगीरों ने पुलिस को फोन किया। जानकारी मिलते ही पुलिस एसडीआरएफ की टीम को लेकर मौके पर पहुंची। घायलों को एंबुलेंस से नरेंद्र नगर स्वास्थ्य केंद्र फोकट भिजवाया गया। डॉक्टरों ने 4 गंभीर घायलों को ऋषिकेश एम्स रेफर कर दिया। 9 कांवड़िए नरेंद्र नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ही हैं।

### प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद बोले हेमंत खण्डेलवाल

## पार्टी से बड़ा है अनुशासन

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश भाजपा को अपना नया अध्यक्ष मिल गया है। भाजपा आफिस में आयोजित कार्यक्रम में हेमंत विजय खंडेलवाल ने मध्य प्रदेश भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला। इस मौके पर नए प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि- भाजपा के इस पर्व की प्रक्रिया पूरी हुई। मैं मानता हूं कि जो दायित्व सौंपा गया है, वो अहम है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने भाजपा में अनुशासन की बात की।

उन्होंने कहा कि पार्टी में अनुशासन बड़ा होता है। सब मिलकर काम करते हैं। इस वजह से यहां पर सभी का सम्मान होता है। भाजपा का परिवार कई वर्षों से कांग्रेस के विरुद्ध झंडा बुलंद करता आया है और आगे भी करता रहेगा उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के सम्मान में कोई कमी नहीं आएगी। भाजपा उनके रग-रग में है। हेमंत खंडेलवाल ने ये भी मैसेज देने की कोशिश की पार्टी सर्वोपरी है और अनुशासन सबसे बड़ा है। उन्होंने कहा कि पार्टी से जो दाएं-बाएं होगा, उसको दिक्कत होगी। सत्ता और संगठन दोनों मिलकर काम करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष वी.डी. शर्मा समेत भाजपा के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और वी. डी. शर्मा ने खंडेलवाल को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने इस मौके पर खंडेलवाल का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की उम्मीद जताई।




### कहा- दांए-बांए जाने वालों को होगी दिक्कत

## पद्म पुरस्कार के लिए नामांकन 31 जुलाई तक

**नई दिल्ली।** अगले वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार-2026 के लिए ऑनलाइन नामांकन की अंतिम तारीख 31 जुलाई 2025 है। सरकार के अनुसार पद्म पुरस्कार कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों/विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों/सेवा के लिए प्रदान किए जाते हैं।

## प्रदेश के विकास और कपड़ा उद्योग में नया युग शुरू : मुख्यमंत्री

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार जिले में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री मित्रा पार्क के प्रथम चरण में अधोसंरचना विकास की प्रक्रिया आरंभ होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह का हृदय से आभार माना है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार द्वारा धार की 2158 एकड़ भूमि पर लगभग 2050 करोड़ की लागत से विकसित हो रहे पीएम मित्रा पार्क के लिए हाल ही में 773 करोड़ रुपए के टेंडर जारी किए गए हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह पहल मध्यप्रदेश में कपड़ा उद्योग (टेक्सटाइल सेक्टर) को नई गति प्रदान करेगी। मध्यप्रदेश लगातार विकसित राज्य बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा दी गई पीएम मित्रा पार्क की सौगात निश्चित रूप से प्रदेश के विकास और कपड़ा उद्योग में नए युग का शुभारंभ करेगी। पीएम मित्रा पार्क में 20 एमएलडी शून्य अपशिष्ट जल निकासी संयंत्र, सौर ऊर्जा आधारित पॉवर प्लांट, प्लग एंड प्ले इकाइयां और श्रमिकों के लिए आवासीय सुविधाएं विकसित की जाएँगी। सभी निर्माण कार्य 14 माह के भीतर पूर्ण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि पीएम मित्रा पार्क के लिए शीघ्र ही भूमि आवंटन के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। अब तक 10 हजार करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं, जो उद्योग जगत के उत्साह को दर्शाता है।

- मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का माना आभार
- केंद्र सरकार से मिली पीएम मित्रा पार्क की सौगात -
- कपड़ा उद्योग को नई गति देने के लिए धार में 2158 एकड़ भूमि पर विकसित हो रहा पीएम मित्र पार्क







खुरापात

### बदायूं के मंदिर में नमाज पढ़ने के मामले में पुजारी ने किया खुलासा

# अली मोहम्मद तो 40 साल से कर रहे मंदिर की सफाई

**बदायूं।** उप्र के बदायूं में एक मुस्लिम के मंदिर में नमाज़ पढ़ने का वीडियो वायरल होने के बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई के बाद मंदिर के पुजारी का कहना है कि वह पिछले करीब 40 साल से मंदिर में आता-जाता था। सेवा करता था, साफ-सफाई भी करता था। परिवार वालों का कहना है कि उनसे मंदिर में नमाज पढ़ने जैसी गलती कैसे हुई, ये उन्हें भी नहीं पता। बहरहाल परिजन उसकी जमानत के लिए कोर्ट के चक्कर काट रहे हैं।

मंदिर में नमाज़ पढ़ते हुए जिस शख्स का वीडियो वायरल हुआ है, उसका नाम अली मोहम्मद है। ये वीडियो वैसे तो तीन महीने पुराना बताया जा रहा है लेकिन अब वायरल होने पर पुलिस ने संज्ञान लिया है। बदायूं की दातागंज पुलिस ने दो सिपाहियों की शिकायत पर आरोपी अली मोहम्मद के ख़िलाफ़ एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया है। दातागंज कोतवाली के तहत पापड़ गांव के बाहर ब्रह्मदेव नाम से एक मंदिर है। वहां कई देवी-देवताओं की प्रतिमाएं हैं। दातागंज के सीओ केके तिवारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के डहरपुर गांव निवासी अली मोहम्मद का मंदिर परिसर में नमाज़ पढ़ते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसके बाद दातागंज कोतवाली में तैनात हेड कांस्टेबल सुरेंद्र कुमार और विश्वजीत सिंह ने अली मोहम्मद के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया। इस पर उसे गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है।



### पुराना वीडियो वायरल कर फिजां बिगाड़ने की कोशिश

इस मामले में जब मंदिर के पुजारी परमात्मा दास से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अली मोहम्मद पिछले करीब 40 वर्षों से मंदिर आता-जाता रहा है। वह मंदिर में अक्सर साफ-सफाई का काम भी करता था। पुजारी ने बताया कि यह वीडियो तीन महीने पुराना है। तब मामला शांत हो गया था। लेकिन अब किसी ने वीडियो वायरल कर दिया। इसके बाद तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं।

एक समाचार चैनल ने अली मोहम्मद के घर जाकर उनकी बहू शायमा से बात की। शायमा ने बताया कि उनके ससुर अली मोहम्मद कई वर्षों से पापड़ गांव के मंदिर जाते थे। >>शेष पृष्ठ 2 पर

# देश-विदेश

## शेख हसीना को छह माह जेल की सजा

**ढाका, (एजेंसियां)।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को अदालत की अवमानना के आरोप में दोषी ठहराया गया है और छह महीने जेल की सजा सुनाई गई है। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने सजा का एलान किया है। बुधवार को तीन सदस्यों वाली पीठ ने यह फैसला सुनाया। बांग्लादेशी मीडिया के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण की पीठ की अध्यक्षता जस्टिस मोहम्मद गुलाम मुर्तजा मजूमदार ने की। यह पहली बार है जब किसी मामले में शेख हसीना को जेल की सजा सुनाई गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बीते साल शेख हसीना की एक ऑडियो क्लिप लीक हुई थी। यह ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हुई और उसके बाद बांग्लादेशी मीडिया ने भी इसे प्रसारित किया था।

# रूस से दोस्ती तोड़ दो वरना, ट्रंप ने अब भारत को धमकाया

**वाशिंगटन।** अंतरराष्ट्रीय राजनीति में एक बार फिर गर्माहट आ गई है। इस बार मामला अमेरिका, भारत और रूस के त्रिकोणीय संबंधों से जुड़ा है। डोनाल्ड ट्रंप और उनके सहयोगी अब खुलकर उन देशों को निशाना बना रहे हैं जो रूस के साथ अपने व्यापारिक रिश्ते जारी रखे हुए हैं और भारत उनका प्रमुख टारगेट बन गया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने साफ संकेत दिए हैं कि अगर भारत रूस के साथ अपने मजबूत होते व्यापारिक रिश्तों को नहीं रोकेगा, तो अमेरिका भारतीय उत्पादों पर 500 फीसदी तक आयात शुल्क (टैरिफ) लगा सकता है। रिपब्लिकन सीनेटर लिंडसे ग्राहम, जो ट्रंप के करीबी माने जाते हैं, ने एक इंटरव्यू में कहा कि अमेरिकी सीनेट में एक नया बिल पेश होने वाला है। इसमें यह प्रावधान है कि जो भी देश रूस के साथ व्यापार जारी रखेंगे, उन पर भारी टैरिफ लगाया जाएगा। उन्होंने कहा, भारत और चीन, दोनों देश रूस से 70त्न तक तेल खरीद रहे हैं। यह व्यापार ही रूस को युद्ध लड़ने में मदद दे रहा है। अगर यह नहीं रुका, तो अमेरिका को सख्त कदम उठाने ही होंगे।



### गुंडागर्दी पर उतर आए अमेरिकी राष्ट्रपति

**सीनेट में मिल सकता है भारी समर्थन**-इस प्रस्ताव को सिर्फ रिपब्लिकन नहीं, बल्कि डेमोक्रेटिक सीनेटर रिचर्ड ब्लूमेंथल का भी समर्थन प्राप्त है। लिंडसे ग्राहम का कहना है कि इस बिल को सीनेट में 84 से ज्यादा सीनेटरों का समर्थन मिल सकता है और इसे अगस्त में पेश किए जाने की तैयारी है। ट्रंप ने अपने सहयोगियों से साफ कहा है कि अब कार्रवाई का समय आ गया है।

**अमेरिका की चिंता और रणनीति**-ट्रंप प्रशासन अब यह मानता है कि रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने के लिए केवल प्रतिबंध पर्याप्त नहीं हैं। अमेरिकी गृह सचिव मार्को रूबियो के मुताबिक, युद्ध तीसरे साल में प्रवेश कर चुका है और ऐसे में उन देशों को भी निशाने पर लेना जरूरी हो गया है जो रूस को आर्थिक रूप से मजबूत बनाए हुए हैं।

### भारत-रूस व्यापार में रिकॉर्ड वृद्धि

ट्रंप प्रशासन की चिंता की एक बड़ी वजह है भारत-रूस के बीच लगातार बढ़ता द्विपक्षीय व्यापार। आंकड़ों की मानें तो 2024-25 में यह व्यापार 68।7 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जबकि 2020 से पहले यह केवल 10।1 अरब डॉलर था। इस तेजी की सबसे बड़ी वजह रही है भारत द्वारा रूस से क्रूड ऑयल की बड़े पैमाने पर खरीद। दोनों देशों ने साल 2030 तक 100 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य तय किया है। भारत ने रूस को निर्यात भी काफी बढ़ाया है, जिससे यह रिश्ता केवल ऊर्जा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि रणनीतिक साझेदारी का रूप लेता जा रहा है।

# मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने किया औचक निरीक्षण

**लखनऊ।** मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने आज लखनऊ कानपुर रोड (स्कूटर इंडिया चौराहा) स्थित हिंदुजा समूह की प्रमुख भारतीय कंपनी और देश की अग्रणी वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता कंपनी अशोक लीलैंड का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अशोक लीलैंड के संबंधित अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि बाउंड्री वॉल के किनारे अस्थाई अवैध अतिक्रमण है। जिसके क्रम में मंडलायुक्त ने नगर निगम के उपस्थिति संबंधित अधिकारियों को अवैध अतिक्रमण तत्काल हटाये जाने को लेकर निर्देश दिया।

उक्त के पश्चात अशोक लीलैंड के संबंधित अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि हाईवे साइड के किनारे ड्रेनज के सुदृड़ीकरण कार्य किया जाना है। जिसके क्रम में मंडलायुक्त ने एनएचआई व पीडब्ल्यूडी को उक्त स्थान का निरीक्षण करते हुए ड्रैनेज



सिस्टम तत्काल सही कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्लेस मेकिंग एवं हॉर्टिकल्चर कार्य यूपीसिडा द्वारा कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। मंडलायुक्त द्वारा संपूर्ण परिसर का स्थलीय जायजा लेते हुए संबंधित द्वारा अवगत कराया गया कि माह अक्टूबर तक संपूर्ण कार्य पूर्ण करा लिया जाएगा।

## भारतीय नौसेना के बेड़े में शामिल हुआ उदयगिरि

**नई दिल्ली।** नौसेना के तरकश में तमाल के बाद एक और घातक तीर जुड़ गया है, वो है उदयगिरि। तमाल रूस में बना है तो उदयगिरि अपने देश में। प्रोजेक्ट 17 ए के तहत मझगांव डॉक शिप बिल्डर्स लिमिटेड ने इसे तैयार किया है। मझगांव डॉकयार्ड ऐसे सात फ्रिगेट बना रहा है जिसमें उदयगिरि दूसरा है। यह लॉन्चिंग के 37 महीने में नौसेना को हैंड ओवर कर दिया गया है जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। उदयगिरि को आप शिवालिक क्लास का आधुनिक संस्करण कह सकते हैं। वैसे ये नीलगिरी क्लास का दूसरा फ्रिगेट हैं। यह मल्टी मिशन फ्रिगेट ब्लू वाटर नेवी संचालन में सक्षम है। यह भारत के समुद्री इलाके में पारंपरिक और आपारंपरिक खतरों का मुकाबला करने में पूरी तरह सक्षम हैं।

## अचानक 10 मिनट में 26000 फीट नीचे गिरा जापान एयरलाइंस का विमान

**टक्य।** जापान में बोइंग 737 के एक और विमान दुर्घटना का शिकार होने से बाल-बाल बचा है। बोइंग का यह विमान चीन से उड़ान भरकर जापान की राजधानी टोक्यो जा रहा था। शंघाई में उड़ान भरते ही विमान में खराबी आ गई और वो अचानक नीचे आने लगी। करीब 26 हजार फीट ऊपर से विमान को नीचे गिरता देख यात्रियों ने विदाई संदेश लिखकर रख दिए। हालांकि, आखिर में विमान की लैंडिंग सेफ तरीके से जमीन पर हुई।

**विमान में सवार थे 191 यात्री**-साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक इस बोइंग के इस विमान में 191 यात्री सवार थे। चालक दल के सदस्यों को जोड़कर यह करीब 200 के आसपास है। अधिकांश यात्री चीन के थे, जो जापान के टोक्यो जा रहे थे। जापान सरकार के मुताबिक केबिन में कुछ टेक्निकल फॉल्ट की समस्या सामने आई थी, जिसे पायलट ठीक करने की कोशिश में जुट गए। इसी दौरान विमान को 10 मिनट में 26000 फीट ऊंचाई से नीचे लाया गया। शुरुआती रिपोर्ट में कहा गया है कि जब विमान ने केबिन में हवा का दबाव बनाए रखने वाले प्रेशराइजेशन सिस्टम में फॉल्ट के बारे में अलर्ट जारी किया, तो पायलटों ने एयर ट्रैफिक कंट्रोलर से संपर्क किया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### बदायूं के मंदिर में.....

अक्सर वहीं रहते भी थे। वे मंदिर की साफ-सफाई का काम करते थे। नमाज पर उन्होंने कहा कि उनसे गलती कैसे हुई, यह उन्हें भी नहीं पता। फिलहाल पुलिस ने उनके ससुर को जेल भेज दिया है। उनके पति जान मोहम्मद जमानत के लिए बदायूं शहर की कोर्ट के चक्कर काट रहे हैं। जेल जाने से पहले अली मोहम्मद ने मीडिया से बातचीत में बताया था कि वे मंदिर परिसर में साफ-सफाई का काम करते थे। वहां गायों का गोबर भी डालते थे। जिस दिन उन्होंने नमाज अदा की, उस दिन भी वे सफाई कर रहे थे, जिससे देर हो गई थी। इसी वजह से उन्होंने वहीं नमाज पढ़ ली। अली मोहम्मद ने कहा कि इसके लिए वे क्षमा चाहते हैं।


**न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल, जबलपुर**
**आम इश्तहार**
रा.प्र.क्र. 2740/ अ-6/2024-25
आवेदक श्री मुन्नालाल यादव पिता प्यारेलाल यादव निवासी:- सांई कालोनी माढोताल जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क्र./वसीयत क्र./दानपत्र क्रमांक 3049 दिनांक 08/03/2011 के माध्यम से मौजा/माढोताल प.ह.न. 25/31 स्थित भूमि खसरा नं./प्लाट नं./160/1 रकवा 800 वर्गफुट पर विक्रेता फौत श्रीमती सरोज बाई यादव पति मुन्नालाल यादव मृत्यु दिनांक 24/02/2021 विधिक वारसान मुन्नालाल यादव (पति) राजा राजेन्द्र (पुत्र) रानी (पुत्री) से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र एवं फार्म पी-।। खसरा की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 07/07/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 30/6/25 इश्तहार किया गया।
जारी दिनांक- 30/06/2025
पेशी दिनांक- 07/07/2025
नायब तहसीलदार, तहसील अधारताल जबलपुर
र.नं. 1032

(वसीयत)
**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/400/अ-6/2025-2026
**आम इश्तहार**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती ज्योति सोनकर / स्व. युवराज सोनकर नि.- 248 मदन मोहन मालवीय वार्ड भरतीपुर जबलपुर ने नजूल ब्लाक नं. 91 प्लाट नं. 89/2 निर्मित रकवा/रकवा 600 व.फु./अवि. हिस्सा .... वर्गफुट/हे. विक्रय पत्र/हकत्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक .... मृत्यु दिनांक 30/04/2023 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, ... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 91 प्लाट नं. 89/2 निर्मित रकवा/रकवा 600 व.फु./अवि. हिस्सा .... /ग्राम भरतीपुर प.ह.नं. ... खसरा नं. .... रकवा 600 व.फु./हे. मु. सुमित्रा बेवा छेदीलाल सोनकर सा. भरतीपुर के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 14/07/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 25/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 25/06/2025
पेशी दिनांक 14/07/2025
तहसीलदार, रांझी, जबलपुर
र.नं. 1035

**न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क्र./179/अ-6/2025-2026
जबलपुर, दिनांक 30/06/2025
**आम इश्तहार**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक पवन कुमार आनंद बगैरह पिता स्व. तिलक राज आनंद निवासी 1249 नेपियर टाउन जबलपुर के द्वारा मौजा सुभाषनगर शीट नंबर-246 प्लाट नंबर 238/1 स्थित खसरा नंबर ..... में से रकवा 5538.5 व.फु. भूमि पर व्यौहार रामप्रसाद सिंह आत्मज राजेन्द्र सिंह सभी अभिलेख में दर्ज वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र/ फौती/ वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 15/07/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक-30/06/2025
पेशी दिनांक-15/07/2025
तहसीलदार अधारताल जबलपुर
र.नं. 1026

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/384/अ-6/2025-2026
**आम इश्तहार**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नर्बदा बाई पाण्डे/स्व. राम सजीवन पाण्डे नि- 1254 होमसांइस कॉलेज रोड मानकुंवर वाई कॉलेज के पीछे ने नजूल ब्लाक नं. 05 प्लाट नं. 7/3, 7/4 एवं 8 निर्मित रकवा/रकवा 164 व.फु. विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक दिनांक 17.03.1989 मृत्यु दिनांक ..... को हो जसने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किए जाने का आवेदन पत्र... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/ पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 05 प्लाट नं. 7/3, 7/4 एवं 8 निर्मित रकवा/रकवा 164 व.फु./ अवि. हिस्सा... व.फु. / हे. ग्राम सिविल स्टेशन रकवा 164 व.फु. हे. महेन्द्र पाल, रमेश चंद, सत्यपाल पिता मदनलाल वेदप्रकाश पिता सीताराम रामस्वरूप पिता रामदास मलिक बगैरा. के नाम दर्ज हैं। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 09/07/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 23/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 23/06/2025
पेशी दिनांक 09/07/2025
तहसीलदार, रांझी, जबलपुर
र.नं. 1030

**नाम सुधार सूचना**
मैं गोपाल तंतुवाय पिता श्री दालचंद तंतुवाय निवासी मकान नंबर 601, खेरमाई मंदिर के पास, आजाद चौक, जबलपुर (मध्यप्रदेश) यह घोषणा करता हूं कि मेरी हायर सेकेंडरी की मार्कशीट में मेरा नाम गोपाल प्रसाद कोरी (Gopal Prasad Kori) पिता का नाम श्री दालचंद कोरी (Sri Dalchand Kori) दर्शाया गया है जो कि गलत है मेरा सही नाम गोपाल तंतुवाय (Gopal Tantuway) हैं एवं मेरे पिता का पूरा नाम दालचंद तंतुवाय (Dalchand Tantuway) हैं जो कि सभी आधिकारिक दस्तावेजों आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं बैंक अकाउंट में सही दर्ज है। गोपाल प्रसाद कोरी एवं गोपाल तंतुवाय दोनों एक ही व्यक्ति के नाम हैं।
पूरा नाम- गोपाल तंतुवाय पिता दालचंद तंतुवाय है।
नया सही नाम- गोपाल तंतुवाय पिता दालचंद तंतुवाय है।
र.नं. 996

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार तहसील आधारताल, जिला जबलपुर**
रा.प्र.क्र. 1256/अ-6/2025-2026
जबलपुर, दिनांक.....
**आम इश्तहार**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुनील कुमार बड़ेरिया पिता स्व. सूरज प्रमाद बडेरिया निवासी एसबीआई चौक बिजय नगर जबलपुर के द्वारा मौजा इमालिया ब्लॉक नंबर... प्लॉट नंबर... स्थित भूमि खसरा नंबर 173/1, 172/2, 173/2, 174/2 171, 172/1, 174/1, 169, 168/2 48, 52, में से रकबा 0.0200, 0.0200, 0.0200, 0.2100, 0.8400, 0.0100, 0.4000, 1.0900, 0.0800, 0.9100 हे. वर्गफुट भूमि जो आवेदक के रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक .... से क्रय किया जाना लेख किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक.... तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक -28/06/25
पेशी दिनांक - 15 /07/25
अतिरिक्त तहसीलदार अधारताल, जबलपुर
र.नं. 997

(फौती)
**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/379/अ-6/2025-2026
**आम इश्तहार**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद सरफराज अन्य / स्व. मोहम्मद अहमद बक्स नि.- 939 लकड़गंज मस्जिद मोहम्मद सरफराज जद के पास ने नजूल ब्लाक नं. 108 प्लाट नं. 50/2 निर्मित रकवा/रकवा 710 व.फु./अवि. हिस्सा .... वर्गफुट/हे. विक्रय पत्र/हकत्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक .... मृत्यु दिनांक 29/08/2023 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, ... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 108 प्लाट नं. 50/2 निर्मित रकवा/रकवा 710, व.फु./अवि. हिस्सा .... /ग्राम बेलबाग प.ह.नं. ... खसरा नं. .... रकवा 710 व.फु./हे. अहमद बक्स पिता मुहम्मद बक्ष निवासी लकडगंज के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 09/07/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 23/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 23/06/2025
पेशी दिनांक 09/07/2025
तहसीलदार, रांझी, जबलपुर
र.नं. 1036

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क्र. 0580/ अ-6/2025-26
**आम इश्तहार**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक 1. कमरून निशा पति स्व. नियाज मोहम्मद 2. नूरजहां बेगम पिता स्व. नियाज मोहम्मद पति समीर रिजवी द्वारा मौजा बैतला नं. बं.-52 प. ह. नं.-22/25, तहसील अधारताल जिला जबलपुर में स्थित भूमि खसरा नं.-135/7 रकबा 910 वर्गफुट भूमि नियाज, मोहम्मद की मृत्यु दिनाक 9/11/2017 को हो जानेके कारण वर्तमान राजरत अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र/फौती/वसीयतनामा/के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 16/07/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयवधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक- 02/07/2025
पेशी दिनांक- 16/07/2025
नायब तहसीलदार, तहसील अधारताल जबलपुर
र.नं. 1027

**नाम सुधार की सूचना**
मैं JITENDRA ROHANI S/O HARI LAL ROHANI यह सूचित करता हूं कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम JITENDER ROHANI लिखा हुआ है जिसे बदलकर मैंने अपना नाम JITENDRA ROHANI रख लिया है, जो कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, एवं बैंक पासबुक आदि में भी लिखा हुआ है।
अतः मेरे नाम को JITENDRA ROHANI ही पढ़ा-लिखा एवं समझा जावें ।
पूर्व नाम - JITENDER ROHANI
वर्तमान नाम - JITENDRA ROHANI
पता - 33, SOUTH CIVIL LINES, NEAR SP BANGLOW, JABALPUR (M.P.) 482001
र.नं. 1028

**आम सूचना**
आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा सुनवानी खसरा नं. 63/1/1 रकवा 0.9000 हे. एवं खसरा नं. 63/1/2 रकवा 0.6900 हे. कुल रकवा 1.5900 हे. का विक्रय अनुबंध, मेरे पक्षकार डॉ. संजय गौतम जबलपुर से पूर्व में हो चुका है। उपरोक्त भूमि/सम्पत्ति तहसील मझौली से सिहोरा मुख्य डामल रोड हनुमान कुटी से लगी हुई है, उपरोक्त विक्रय अनुबंध पत्र में अरविन्द जती, आभांश जती और अभी जती के साथ एवं सहमति उनकी बहन अर्चना जति एवं परिवार वालों से जो गंगा नगर गढ़ा जबलपुर वालों से प्राप्त है। निकट भविष्य में उपरोक्त सम्पत्ति/भूमि का बैनामा पंजीयन शीघ्र अतिशीघ्र होना है, यदि उक्त सौदा में किसी व्यक्ति या संस्थान बैंक या अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर मय दस्तावेज सहित मुझसे या मेरे पक्षकार से संपर्क करें, बाद अवधि उक्त आपत्ति अमान्य होगी।
जबलपुर, दिनांक : 02-07-2025
एस.के. मन्नासे (एडवोकेट)
म.प्र. उच्च न्यायालय
कार्यालय- 475, नरसिंह वार्ड, मदन महल, जिला जबलपुर (म. प्र.)
मो.नं. 9926349977
र.नं. 1037

**आम सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती कुमुद बेंटिया धर्मपत्नी श्री प्रदीप कुमार बेंटिया निवासी- 307/3, स्टेट बैंक कॉलोनी, सिंगल स्टोरी, चेरीताल यार्ड, जिला जबलपुर (म.प्र) ने संपत्ति स्वामी श्री विक्की अम्बवानी पिता श्री आत्मज स्व श्री बूलचंद अम्बवानी निवासी 308, इलाहाबाद बैंक के पीछे, मोतीमहल, मदनमोहन मालवीय यार्ड, भरतीपुर, जिला जबलपुर (म.प्र.) वालों से उनके स्वामित्व एवं अधिपत्य की संपत्ति (दुकान) जो कि नगर निगम मकान नं. 1021/1 का हिस्सा है, जो तहसील व जिला जबलपुर के नगर निगम सीमांतर्गत जवाहरगंज वार्ड में स्थित नजूल ब्लॉक नंबर- 77 गंजीपुरा, प्लाट नंबर- 118/4 की भूमि पर निर्मित बहुमंजिला बिल्डिंग के तल मंजिल में स्थित दुकान जिसका कुल विक्रय निर्मित रकवा 164 वर्गफुट है जिसे क्रय किये जाने का सौदा किया है, तथा निकट भविष्य में शीघ्र ही उपरोक्त वर्णित संपत्ति का रजिस्टर्ड विक्रय/हस्तांतरण पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करवाने जा रही है। यदि किसी भी आम/खास व्यक्ति, निजी/शासकीय या अर्धशासकीय विभाग या बैंक या वित्तीय संस्था आदि को उक्त संव्यवहार के संबंध में कोई आपत्ति हो या उपरोक्त संपत्ति में कोई हित/दावा हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के सात दिवस (7 दिन) के भीतर अपनी आपत्ति या दावा लिखित रूप से मय दस्तावेजों के साथ कार्यलीन समय में मेरे कार्यालय में प्रस्तुत कर मुझसे संपर्क कर सकता है । निर्धारित समयावधि के बाद कोई भी आपति या दावा न तो मान्य होगा और ना ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारी होगा तथा मेरा पक्षकार उपरोक्त वर्णित संपत्ति का रजिस्टर्ड विक्रय/हस्तांतरण पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करवा लेगा ।
जबलपुर, दिनांक-03/07/2025
आदित्य शर्मा (अधिवक्ता)
मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर म.प्र.
कार्यालय- 26, नगर निगम मार्केट, पुलिस कण्ट्रोल रूम के सामने, घंटाघर, जिला जबलपुर 482001 मो. 9589466948, 9821072162
नोट- यह कि उपरोक्त आम सूचना प्रकाशित कराने में हम पक्षकारों की पूर्ण सहमति है, हमारे निर्देशानुसार ही अधिवक्ता महोदय के द्वारा इस आम सूचना का प्रकाशन करवाया जा रहा है। र.नं.- 1031

Presiding Officer: श्रीमती शाम्भवी सिंह कोपरिहा
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाश हेतु)
(RCSA/0000048/2025)
शंकर जी महाराज मंदिर द्वारा न्यासी उमेश पटैल व अन्य... वादी
Vs
शीला बाई व अन्य ..... प्रतिवादी
Process Id-2025
पेशी दिनांक 22/07/2025
प्रेषिति
(1) आम जनता पता- आम जनता एवं प्रकाशन हेतु
यह कि प्रार्थी शंकर जी महाराज मंदिर द्वारा न्यासीगण उमेश पटैल व अन्य ने आपके विरुद्ध सिविल सूट के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 27 जून 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी- उपस्थिति हेतु समंस के वाद पत्र की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें: 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
(श्रीमती शाम्भवी सिंह कोपरिहा)
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ खण्ड) पाटन, जिला जबलपुर (म.प्र)
र.नं. 999

Presiding Officer: श्रीमती शाम्भवी सिंह कोपरिहा
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाश हेतु)
(RCSA/0000047/2025)
रामचन्द्र जी महाराज मंदिर द्वारा न्यासी उमेश पटैल ...... वादी
Vs
शीला बाई व अन्य ..... प्रतिवादी
Process Id-2025
पेशी दिनांक 22/07/2025
प्रेषिति
(1) आम जनता पता- आम जनता समाचार एवं प्रकाशन हेतु जिला जबलपुर
यह कि प्रार्थी रामचन्द्र जी महाराज मंदिर द्वारा न्यास उमेश पटैल ने आपके विरुद्ध सिविल सूट के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 28 जून 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
न्यायालय की मुद्रा
टिप्पणी- उपस्थिति हेतु समंस के साथ वाद पत्र की छायाप्रति संलग्न है।
कृपया ध्यान दें: 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।
(श्रीमती शाम्भवी सिंह कोपरिहा)
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ खण्ड) पाटन, जिला जबलपुर (म.प्र)
र.नं. 998

**पश्चिम मध्य रेल**
इंजीनियरिंग निर्माणशाखा शुद्धिपत्र
ई. निविदा क्रमांक DYCEHQWCR-03
दिनांक : 23.06.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय द्वारा जारी ई-निविदा नोटिस क्रमांक डिप्टी DYCEHQWCR-03 Dated: 23.06.2025 जिसके बन्द होने की तारीख: 15/07/2025 एवं समय 15:00 बजे निर्धारित की गई थी। उक्त निविदा की बन्द होने की तारीख अब दिनांक 22.07.2025 समय 15:00 बजे तक बढ़ाई जाती है, कार्य का नाम : निर्माण विभाग पश्चिम मध्य रेलवे के लिए क्लाउड कांफ्रिग्शन के साथ परियोजना प्रबंधक और सूचना प्रणाली (P.M.I.S) सेवाए प्रदान करना एवं जी.आई. एस मॉड्यूल के साथ समय/दूरी पर आधारित योजना और शेड्यूलिंग कार्यक्रम तक मासिक समर्थन ओर सदस्यता सेवाए सोफ्टवेयर लाइसेंस शुल्क सहित। निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।
(हस्ता)
उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण) मुख्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम मध्य रेल**
विद्युत (परियोजना) शाखा – खुली निविदा
एनआईटी नं. ईएल–जेबीपी–प्रोजेक्ट –25–पीएसएसए–1
उप मुख्य विद्युत अभियंता (परियोजना) पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर भारत के राष्ट्रपति के लिए उनकी ओर से निम्नलिखित कायो के लिए ऑन–लाइन के माध्यम से प्रतिष्ठित और अनुभवी ठेकेदारों से ई–निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और प्राप्त ऐसे किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार नही किया जाएगा। **निविदा क्रमांक : ईएल–जेबीपी–प्रोजेक्ट–25–पीएसएसए–1 दिनांक 28.06.2025, कार्य का नाम लोकेशन सहित :** पश्चिम मध्य रेलवे के उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/परियोजना,जबलपुर एवं भोपाल मंडल परिक्षेत्र में 2x25 के.वी. अपग्रेडेशन परियोजनाओं के विभिन्न खंडों/स्थलों के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी (पीएसएसए) उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी), **निविदा की अनुमानित लागत मूल्य (रु में) : रुपए 21,01,52,483.40/-, निविदा फार्म की कीमत** : निल, **कार्यलय का पता** : उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (परियोजना) पश्चिम मध्य रेलवे,जबलपुर ग्राउंड फ्लोर,मुख्य परियोजना प्रबंधक (परियोजना), कार्यालय, रेलवे स्टेडियम के बाजु में जबलपुर 482001, **बिड सिक्यूरिटी (रुपए में)** :रुपए12,00,800.00/– **समापन अवधि : 21 माह, निविदा जमा करने की तिथि** : दिनांक 05,08,2025 (15:00 बजे तक), **निविदा खुलने की तिथि एवं समय :** दिनांक 06.08.2025 को (11:00 बजे तक), निविदा सूचना की पूर्ण विवरण वेवसाईट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (परियोजना), जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।
(हस्ता)
उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (परियोजना) पश्चिम मध्य रेलवे/जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


## कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव, मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)

प्रारूप V
(नियम 10 देखे)

### धारा 19 (1) के तहत् पुनर्वासन एवं पुनर्व्यावस्थापन घोषणा का प्रकाशन

सचिव, राजस्व विभाग

क्रमांक 724 /अ.वि.अ./भू-अर्जन / 2024 गोटेगांव, दिनांक 27/06/2025

**रा.मा.क्र. 0005/अ-82/2024-25 ग्राम-गंगईखुर्द प.ह.नं.-30 नं.ब.-116 तहसील-गोटेगांव जिला-नरसिंहपुर**

जहां सरकार को ऐसा प्रतीत होता है कि लोक प्रयोजन चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना के डूब क्षेत्र हेतु ग्राम-गंगईखुर्द प.ह.नं.-30 नं.ब.-116 तहसील गोटेगांव जिला नरसिंहपुर में कुल 0.862 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है। इसलिये घोषणा की जाती है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू-खंड है, जो 0.862 हेक्टेयर है ग्राम गंगईखुर्द तहसील गोटेगांव जिला नरसिंहपुर में है, जिसका विस्तृत ब्यौरा निम्नलिखित है -

ग्राम-गंगईखुर्द, तहसील-गोटेगांव, प.ह.नं.-30

| स. क्र. | हितबद्ध व्यक्ति का नाम एवं पता | स्वामित्व का प्रकार | खसरा नंबर | अर्जित हेतु रकबा हे. में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | वसोरी पिता गोरेलाल राजगौड सा. देह | भूमिस्वामी | 15 (S) | 0.010 |
| 2 | हेमराज पिता बेनीसिंह राजगौड सा. देह | भूमिस्वामी | 2/1 (S) | 0.152 |
| 3 | भुवानीसिंह पिता वेनीसिंह राजगौड सा. देह | भूमिस्वामी | 2/2 (S)<br>3 (S) | 0.088<br>0.032 |
| 4 | बुन्देलसिंह पिता भोपतसिंह राजगौड़ सा. देह | भूमिस्वामी | 5/1 (S) | 0.012 |
| 5 | कृपा राम पिता भूपत सिंह गौड़ बृजेश कुमार पिता फूल सिंह गौड़ सूरत सिंह हिम्मत सिंह गौड़ नेकरानारायण गौड़ ओंकार कुसुम बाई बुंदेल सिंह पिता भूपत सिंह गौड़ जाति राजगौड़ सा. देह | भूमिस्वामी | 6 (S) | 0.037 |
| 6 | विजयसिंह पिता भोजराज सिंह गौड सा. जबलपुर | भूमिस्वामी | 9 (S) | 0.020 |
| 7 | हीरासिंह पिता डेलनसिंह राजगौड़ राजकुमार पिता डेलनसिंह राजगौड कोमलसिंह पिता शोभासिंह गौड़ मुकेश सिंह पिता शोभासिंह गौड़ शिवरानी बेवा शोभासिंह गौड़ बम्होरी तेंदूखेड़ा जिला दमोह | भूमिस्वामी | 38 (S) | 0.014 |
| 8 | हुकुम सिंह धनाबाई राधाबाई पिता जुगराज गौड भूरीबाई गौड़ वेवा लक्ष्मण गौड़ रमेशसिंह रघुवीर गुड्डीबाई शांतिबाई पिता लक्ष्मण रामसिंह ठाकुर अरविन्द ठाकुर अर्चनाबाई पिता अनारीलाल जाति गौड पता सा.देह | भूमिस्वामी | 40 (S) | 0.150 |
| 9 | धर्मदास वल्द रह्ली मेहरा सा. करेली सेवा खातेदार ग्राम नौकर | सेवाभूमि | 41 (S) | 0.052 |
| 10 | श्रीराम उर्फ टेकसिंह पिता हेमराज उर्फ खेमराज राजगीड | भूमिस्वामी | 42 (S) | 0.100 |
| 11 | बुध्दीबाई पिता कम्मू सा. ढीमर नोनपिपरिया | भूमिस्वामी | 43 (S) | 0.147 |
| 12 | गोधन पिता मानसिंह राजगौड़ सा.देह | भूमिस्वामी | 45/2 (S) | 0.048 |
| | कुल योग | | | 0.862 |

1. यह घोषणा हितबद्ध व्यक्तियों के आक्षेपों को सुनने और भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का 30) की धारा 15 में यथा उपबंधित सम्यक जांच करने के पश्चात् की गयी है। 2. कार्यपालन यंत्री रा.अ.बा.लो.सा. नहर संभाग नरसिंहपुर के द्वारा प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है कि भू-अर्जन के कारण विस्थापित होने वाले संभावित कुटुम्ब की संख्या निरंक है, अतः इनके लिये पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित करने का प्रश्न उद्भूत नही होता है। 3. चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना के डूब क्षेत्र हेतु हितबद्ध व्यक्तियों में से किसी भी व्यक्ति का विस्थापन नहीं होने से धारा 19 की उपधारा (2) के तहत् पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन स्कीम का सार प्रकाशित करने की आवश्यकता नहीं है। 4. उक्त भूमि के या उक्त भूमि के किसी भाग में पड़े कोयला, लौह पत्थर, स्लेट या अन्य खनिजों की खानें है, खान और खनिज के ऐसे भागों, में जिन्हें उस प्रयोजन, जिसके लिए भूमि अर्जित की जा रही है, की परियोजना के निर्माण चरण के दौरान खोदे जाने या हटाये या उपयोग किए जाने की अपेक्षा है, को छोड़कर आवश्यक नही है। 5. अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गोटेगांव के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

(देवंती परते)
भूअर्जन अधिकारी
गोटेगांव, जिला - नरसिंहपुर

(शीतला पटले)
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग
जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।


G-15049/25

# देश-प्रदेश

उवाच

## हम की भावना से बढ़ती है हमारी ताकत : डॉ. यादव

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय परिषद सदस्यों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता इस भाव से काम नहीं करता कि मैं राजनीति कर रहा हूं। वह क्षेत्र के विकास और भारत माता की सेवा के लिए काम करता है। उन्होंने कहा कि अपनी भूमिका को कैसे और आगे बढ़ाऊ, अपनी कमजोरियों को दूर कर किस तरह से अच्छाईयों को धारण करूं। इसी भावना के साथ हमारी निर्वाचन प्रक्रिया पूरी हो गई और किसी को पता नहीं चला। डॉ. यादव ने कहा कि हमारे बीच तुम नहीं, हम की भावना है इसी से हमारी ताकत बढ़ती है।



### वन्य-जीव रेस्क्यू सेंटर विकसित करने मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश, कहा-

# वनतारा जैसे नवाचारों से वन्य-जीव संरक्षण और ईको-सिस्टम बनेगा

- चीतों के पुर्नस्थापन की तैयारी
- वनवासियों के अधिकारों का किया जा रहा सम्मान



**भोपाल, देशबन्धु।** राज्य में 'जियो और जीने दो' की भावना को केंद्र में रखकर सह-अस्तित्व आधारित ईको-सिस्टम विकसित किया जा रहा है, जिससे न केवल जैव विविधता का संरक्षण हो रहा है, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिल रहा है और वनवासियों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में वन्यजीव संरक्षण की दिशा में कई नवाचार किए जा रहे हैं इनमें वन्यजीव अभयारण्यों के संरक्षण और प्रबंधन में उच्च तकनीक का अनुप्रयोग, गुजरात के 'वनतारा' से प्रेरित रैस्क्यू सेंटर, दुर्लभ जीवों जैसे चीते, घड़ियाल एवं कछुओं के एक अभयारण्य से दूसरे में पुर्नस्थापन और संरक्षित क्षेत्रों की फेंसिंग शामिल हैं। डॉ. यादव ने आज वन विभाग के अधिकारियों को गुजरात के 'वनतारा' वन्यजीव पुनर्वास केंद्र का अध्ययन कर प्रदेश में भी ऐसा ही रेस्क्यू और एनिमल वेलफेयर प्रोजेक्ट स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल वन्यजीवों के संरक्षण और पुनर्वास में एक नई मिसाल पेश करेगी। साथ ही उन्होंने प्रदेश के घने वनों और वन्यजीव पर्यटन को राजस्व वृद्धि का एक प्रमुख माध्यम बताया। उन्होंने वन अधिकारी-कर्मचारियों के लिए विशेष सुविधाओं और उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रोत्साहन की घोषणा की।

उन्होंने यह भी बताया कि वन विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों से प्रदेश में वन क्षेत्र और राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रदेश में वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों में परिवर्तित करने की प्रक्रिया जारी है। जैव-विविधता को बढ़ावा देने के लिए कई स्थलों को जैव-विविधता विरासत घोषित किया गया है। वन-अग्नि की घटनाओं पर विभाग की प्रतिक्रिया अब पहले से अधिक त्वरित हुई है, जो प्रभावी वन प्रबंधन को दर्शाता है।

अफ्रीका से लाए चीतों की कूनो में सफल पुनर्स्थापना के बाद इन चीतों को प्रदेश एवं देश के दूसरे अभयारण्यों में बसाने की प्रकिया भी प्रारंभ की जा चुकी है। प्रदेश के बुंदेलखंड वन क्षेत्रों में फैले वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में चीता पुनर्स्थापना की तैयारियां चल रही हैं, जिससे जैव विविधता में वृद्धि होगी। जलीय जीव संरक्षण के रूप में नर्मदा में महाशीर मछली जैसे जलजीवों के लिए प्रजनन केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। चंबल में कछुआ, मगरमच्छ एवं घड़ियाल एवं गंगा डॉल्फिन के संरक्षण के लिए केंद्र पहले से ही स्थापित हैं। संरक्षित क्षेत्रों के लगभग 160 किलोमीटर क्षेत्र में फेंसिंग की जा रही है। इससे वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। डॉ. यादव ने कहा कि टाइगर रिजर्व की घोषणा से जनजातीय समुदायों और वनवासियों के अधिकारों को प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा और उनका पूर्ण सम्मान किया जाएगा। सह-अस्तित्व के लिए सह-प्रबंधन की नीति अपनाई जाएगी और जहां आवश्यक होगा, वहां पुनर्वास की समुचित व्यवस्था की जाएगी।

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान से उच्च शिक्षा मंत्री परमार ने की चर्चा

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में कार्यों, नवाचारों और प्रगति से अवगत कराया



**भोपाल, देशबन्धु।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने बुधवार को भोपाल में भेंट कर उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा को लेकर सारगर्भित चर्चा की।

उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री प्रधान को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में राज्य शासन के नीतिगत निर्णयों, शिक्षा में किए जा रहे कार्यों एवं नवाचारों से अवगत कराया। श्री परमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसरण में प्रदेश के समस्त जिलों में स्थापित किए गए प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस और उनमें भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ की स्थापना एवं प्रगति के सम्बंध में अवगत कराया। श्री परमार ने पाठ्यक्रमों में भारतीय ज्ञान परम्परा के द्रुतगति से समावेश के लिए विभिन्न कार्यशालाओं एवं संगोष्ठियों से प्राप्त अनुशंसाओं की जानकारी भी दी।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री प्रधान को उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा में भारतीय भाषा के समावेश के लिए हो रहे कार्यों की जानकारी से भी अवगत कराया। श्री परमार ने विद्यार्थियों के गुणात्मक एवं संज्ञानात्मक विकास के लिए मजबूत आधार तैयार करने, उद्योगजगत की आवश्यकता अनुरूप रोजगारपरक पाठ्यक्रमों की समावेशिता को बढ़ावा देने और देश की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित एवं संवर्धित करने के लिए किए जा रहे कार्यों एवं प्रगति से भी अवगत कराया।

इस अवसर पर स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, सचिव स्कूल शिक्षा डॉ संजय गोयल, आयुक्त तकनीकी शिक्षा अवधेश शर्मा सहित उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं स्कूल शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

### लोकपथ मोबाइल ऐप की सफलता पर मंत्री सिंह ने दी बधाई

# 95 प्रतिशत से अधिक समस्याओं का हुआ त्वरित समाधान



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के लोक निर्माण विभाग द्वारा विकसित लोकपथ मोबाइल ऐप ने अपनी पहली वर्षगांठ के साथ एक सराहनीय उपलब्धि दर्ज की है। बुधवार को लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में इस अवसर पर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें ऐप के अब तक की सफलता, नागरिकों की भागीदारी और आगामी लक्ष्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा लोकपथ ऐप की शुरुआत 2 जुलाई 2024 को की गई थी। ऐप ने अपने पहले ही वर्ष में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। अब तक इस ऐप पर 7800 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 95 प्रतिशत से अधिक का त्वरित समाधान कर दिया गया है। लगभग 1.5 लाख नागरिकों द्वारा ऐप को डाउनलोड किया जाना यह दर्शाता है कि जनता में इसकी उपयोगिता और विश्वसनीयता को लेकर गहरी स्वीकार्यता बनी है। ऐप की सफलता पर मंत्री श्री सिंह ने विभागीय अधिकारियों को बधाई देते हुए लोकपथ ऐप को जनभागीदारी आधारित डिजिटल गवर्नेंस का प्रभावी उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्ष में ऐप के 5 लाख डाउनलोड सुनिश्चित करने का लक्ष्य है, जिसके लिए व्यापक जनजागरण और प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाएगा। लोकपथ ऐप को राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिली जब 'कौन बनेगा करोड़पति' जैसे प्रतिष्ठित कार्यक्रम में अभिनेता अमिताभ बच्चन ने इससे संबंधित प्रश्न प्रस्तुत किया। इससे यह स्पष्ट होता है कि मध्यप्रदेश का यह नवाचार अन्य राज्यों के लिए भी एक प्रेरणास्त्रोत बन चुका है। बैठक में प्रमुख अभियंता केपीएस राणा, एस.आर. बघेल, भवन विकास निगम के प्रमुख अभियंता अनिल श्रीवास्तव, सड़क विकास निगम के तकनीकी सलाहकार आर.के. मेहरा, भोपाल परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता संजय मस्के, आनंद राणे, बी.पी. बोरासी समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे और ऐप के क्रियान्वयन व सुधार की दिशा में अपने बहुमूल्य सुझाव प्रस्तुत किए।

# संसद की सुरक्षा में सेंध के आरोपी नीलम-महेश को राहत

### दिल्ली हाईकोर्ट ने 50 हजार रुपए के निजी बॉण्ड पर दी जमानत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद की सुरक्षा में चूक के मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने दो आरोपियों नीलम आजाद और महेश कुमावत को जमानत दे दी है। हाईकोर्ट ने आरोपियों को 50-50 हजार रुपए के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की दो जमानतों पर राहत प्रदान की। निचली अदालत ने दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

बता दें कि 13 दिसंबर 2023 को संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले में अन्य आरोपियों के साथ गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले निचली अदालत ने आरोपियों की जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। जिसके बाद आरोपियों ने निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी थी। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद और हरीश वैद्यनाथन शंकर की बेंच ने नीलम आजाद और महेश कुमावत को जमानत दी है। मामला 2023 का है, जिस दिन संसद पर हुए आतंकवादी हमले की बरसी भी थी। लोकसभा में शून्यकाल के दौरान सागर शर्मा और मनोरंजन डी दर्शक दीर्घा से नीचे सदन में कूद गए थे। उन्होंने जूते से स्मोक कैन निकालकर पीली गैस छोड़ी और नारेबाजी की। लगभग उसी समय, दो अन्य आरोपियों अमोल शिंदे और नीलम आजाद ने संसद परिसर के बाहर रंगनी गैस छोड़ी और नारेबाजी की। आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। दिल्ली पुलिस ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त और पुख्ता सबूत हैं। पुलिस का तर्क था कि जमानत देने से इनके भागने, गवाहों को प्रभावित करने और सबूतों से छेड़छाड़ करने का जोखिम है।

### हफ्ते में 3 दिन थाने में देंगे हाजिरी

अदालत ने जमानत देने से पहले कुछ शर्तें भी रखी हैं। न्यायाधीश ने उन्हें मीडिया को साक्षात्कार न देने और घटना से संबंधित सोशल मीडिया पोस्ट न करने का भी निर्देश दिया। इसके अलावा दोनों व्यक्तियों को हर सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को सुबह 10:00 बजे संबंधित पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट करने और दिल्ली-एनसीआर से बाहर न जाने का भी निर्देश दिया है।

## सांसद ने अपनी बेटी का दाखिला शासकीय स्कूल में कराया

**भोपाल, देशबन्धु।** शहडोल सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने अपनी बेटी गिरीश नंदिनी सिंह का दाखिला अनूपपुर जिले के ग्राम राजेंद्र के शासकीय प्राथमिक कन्या विद्यालय में कराया है। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह के इस निर्णय की सराहना की। स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने कहा कि इस सकारात्मक संदेश से अन्य जन-प्रतिनिधियों एवं नागरिकों को प्रेरणा मिलेगी। जन-सामान्य में सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता के प्रति उनका विश्वास और अधिक मजबूत होगा।

# 80 साल की मां ने बेटे के साथ आसमान में लगाये गोते



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उम्र, बीमारी और ऊंचाई डॉ. श्रद्धा चौहान के लिए कोई मायने नहीं रखती, जिन्होंने अपने 80वें जन्मदिन को विश्वास की छलांग के साथ मनाया। चक्कर, सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस और प्रोलैप्स्ड स्पाइनल डिस्क को चुनौती देते हुए, वह 10,000 फीट से छलांग लगाकर टेंडम स्काईडाइव पूरा करने वाली सबसे उम्रदराज भारतीय महिला बन गईं।

इस उल्लेखनीय उपलब्धि को उनके बेटे ब्रिगेडियर सौरभ सिंह शेखावत की मौजूदगी ने और भी खास बना दिया, जो स्काईहाई इंडिया में एक कुशल सैनिक, पर्वतारोही, घुड़सवार और स्काईडाइविंग प्रशिक्षक हैं। साथ में, उन्होंने एक मील का पत्थर मनाने के लिए आकाश में उड़ान भरी, जिसने तब से हजारों लोगों के दिलों पर कब्जा कर लिया है।

स्काईहाई इंडिया द्वारा इंस्टाग्राम पर शेयर की गई छलांग का एक वीडियो पहले ही 1,26,000 से अधिक बार देखा जा चुका है। क्लिप एक शक्तिशाली परिचय के साथ शुरू होती है: भारत में स्काईडाइव करने वाली सबसे उम्रदराज महिला से मिलें। वह 80 वर्ष की हैं। कैप्शन में लिखा है : एक माँ। एक मील का पत्थर। एक ऐसा पल जो उड़ान भर गया। हिम्मत की कोई उम्र नहीं होती। प्यार की कोई ऊँचाई नहीं होती। वीडियो में, ब्रिगेडियर शेखावत गर्व से अपनी माँ का परिचय देते हैं : वह 80 साल की हो रही हैं। और आज मुझे अपनी माँ के साथ कूदने का सौभाग्य और सम्मान मिला है। एक दिल को छू लेने वाले पल में, डॉ. चौहान अपने बेटे के गाल पर एक चुंबन देते हैं और उसे जन्मदिन की शुभकामनाएँ देते हैं, जिससे शांति और आत्मविश्वास झलकता है।

वह उस दिन अपने पूरे हुए जीवन भर के सपने को याद करती हैं : तमन्ना जो बचपन में थी कि हम भी आकाश में उड़े जैसे हवाई जहाज़ उड़ रहे हैं, वो हमारे बेटे के द्वारा इच्छा पूरी हो रही है, बहुत गर्व का पल है। (बचपन से ही मेरा सपना था कि मैं हवाई जहाज की तरह आसमान में उड़ूं, लेकिन अब मेरा बेटा मुझे पूरा कर रहा है। यह बहुत गर्व का पल है।) विमान में चढ़ते समय अपने बेटे का हाथ थामे डॉ. चौहान ने अटूट उत्साह दिखाया। पूरी तरह से तैयार और निडर मां-बेटे की जोड़ी ने खुले आसमान में छलांग लगाई और जयकारों और जश्न के बीच सुरक्षित उतर गए। वीडियो का अंत उनके जन्मदिन का केक काटने और दिल से शुभकामनाएं प्राप्त करने से होता है - उनमें से एक वीडियो कॉल के माध्यम से है - और फिर स्क्रीन पर संदेश आता है- क्योंकि साहस की कोई उम्र नहीं होती। जन्मदिन मुबारक हो, आयरन लेडी। सोशल मीडिया यूजर्स ने उनकी तारीफ की।

एक टिप्पणी में लिखा था, क्या सपना सच होने जैसा पल है... सर, आप और आपकी मां दोनों ही कई पीढ़ियों के लिए प्रेरणा हैं। जन्मदिन की शुभकामनाएं मैडम। एक अन्य ने लिखा, वाह... यह कितना अद्भुत और प्रेरणादायक है। आपको और शक्ति मिले! ब्रिगेडियर शेखावत ने आभार व्यक्त करते हुए कहा- इस तरह के प्यार, स्नेह और शुभकामनाओं के लिए आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। घर पहुँचने के बाद, मैं अपनी माँ को सभी संदेश पढ़ने के लिए कहूँगा क्योंकि वह इंस्टाग्राम पर नहीं हैं। एक बार फिर, आप सभी का धन्यवाद।

## सावित्रीबाई फुले के नाम से अब जाना जाएगा एनआईपीसीसीडी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले संगठन राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान (एनआईपीसीसीडी) का नाम बदलकर सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान कर दिया गया है। बुधवार को एक विज्ञप्ति में महिला बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के हवाले से कहा गया है कि एनआईपीसीसीडी का नाम बदलकर सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान करना भारत के अग्रणी समाज सुधारकों में से एक की विरासत को एक श्रद्धांजलि है और यह महिला एवं बाल-केंद्रित विकास के प्रति हमारी सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।


## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, Army no 13767317N Rank HAV Name RAKESH KUMAR OF UNIT-1 JAK RIF Presently residing at VILL- LANGHA, PO- BALAKRUPI, TEH- JAISINGHPUR, DISTT- KANGRA, STATE- HP, PIN-176082, शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि मेरी मताजी का नाम SHILA DEVI से SHEELA DEVI के रुप में परिवर्तन हुआ है इस आशय का शपथ पत्र साथ में सलग्न है द्वारा शपथ पत्र दिनांक 02/07/2025 नोटरी जबलपुर मप्र । कृति

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, Army no 13769948P Rank HAV Name NARESH PUNDIR OF UNIT- 1 JAK RIF Presently residing at VILL-MOHALA DOBA NEAR KUNDAN KA BAGH, PO- NAHAN, TEH- NAHAN, DISTT- SIRMOUR, STATE- HP, PIN-173001, शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे पिताजी का नाम SARGIAN PUNDIR से SARGYAN SINGH एवं मेरी माताजी का नाम MHANTI DEVI से MANTI DEVI परिवर्तन हुआ है इस आशय का शपथ पत्र साथ में संलग्न है। द्वारा शपथ पत्र दिनाँक 02/07/2025 नोटरी जबलपुर मप्र । कृति

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, KESHORI CHHETRI is legally MOTHER of Army no 13769118Y Rank HAV Name SURAJ CHHETRI of Unit-3 JAK RIF Presently residing at VILL-UPPER BONG BUSTY (NASPATI DARA), PO- KALIMPONG, TEH- KALIMPONG, DISTT- DARJEELING STATE- WB, PIN-734301, शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि मेरा नाम KESHORI CHHETRI से KESHAR MAYA CHHETRI परिवर्तन हुआ है इस आशय का शपथ पत्र साथ में संलग्न है। द्वारा शपथ पत्र दिनॉक 01/07/2025 नोटरी जबलपुर मप्र । कृति

**Change of Name**

I Purvi Sahu W/o Vidit Sahu R/o 63 Jain Residency Samdariya Green city Jabalpur (MP) 482002, I have changed the name of my minor Daughter namely Nivita Sahu aged about 8 years and she shall here after be known as AARYA SAHU Affidavit No. CN 411429
R.No. 995

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र./सं. क्र. 11/25-26 दि. 2.7.25

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती साक्षी ठाकुर पति दीपक ठाकुर ने वार्ड क्रमांक- 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई वार्ड के प्लाट नं. 63, नर्मदा चैतन्य सागर के सम्पत्ति के पिन क्रमांक- 2000265758 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा.... व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 900 वर्गफुट प्रथम तल 900 वर्गफुट पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री अखिल कुमार खेमरिया पिता चक्रधर खेमरिया का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11
र.नं. 1029 नगर निगम, जबलपुर

**न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क्र./....../अ-6/2024-2025
जबलपुर, दिनांक 26/6/25

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपक ओक वगैरह पिता सुरेश ओक निवासी धारण नगर पुणे महाराष्ट्र के द्वारा मौजा ..... नजूल ब्लॉक नंबर.... प्लॉट नंबर 145/1A स्थित भूमि खसरा नंबर.... में से रकवा 800 अवि वर्गफुट भूमि पर अपर्णा दीपक ओक की मृत्यु दिनांक 14/12/2024 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र/ फौती/वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 10/7/25 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 26/06/25
पेशी दिनांक - 10/07/25
तहसीलदार
र.नं. 1025 अधारताल जबलपुर

**न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल, जबलपुर**
रा.प्र.क्र./1048/अ-6/2024-2025
जबलपुर, दिनांक 1/7/25

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोपाल कृष्ण नामदेव पिता स्व. सीताराम नामदेव निवासी पंजाब एण्ड सिंध बैंक के पीछे सुहागी जिला जबलपुर के द्वारा मौजा.... नजूल ब्लॉक नंबर 05 प्लॉट नंबर 07 स्थित भूमि खसरा नंबर... में से रकवा 950 वर्गफुट भूमि पर सीताराम नामदेव 17/05/2016 एवं गोमती देवी नामदेव की मृत्यु दिनांक 27/01/202 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र/फौती / वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 16/7/25 तक इस न्यायालय में स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
जारी दिनांक - 01/07/25
पेशी दिनांक - 16/07/25
तहसीलदार
र.नं. 1000 अधारताल जबलपुर

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं पुरुषोत्तम उम्र 58 वर्ष आत्मज श्री जीवनलाल निवासी म.नं. 101. जासूजा सिटी, धनवन्तरी नगर गढ़ा, जिला जबलपुर (म.प्र.) का निवासी हूं तथा मैं 6वीं बटालियन एस.ए.एफ. रांझी जबलपुर में 391, प्रधान आरक्षक के पद पर कार्यरत हैं। मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम पुरुषोत्तम पिता श्री जीवनलाल दर्ज है तथा मेरे आधार कार्ड पेन कार्ड एवं परिचय पत्र में मेरा नाम पुरुषोत्तम कोरी (PURUSHOTTAM KORI) पिता स्व. जीवन लाल कोरी (Late. JEEWAN LAL KORI) दर्ज है। मैं अपने सर्विस रिकार्ड में अपना नाम पुरुषोत्तम पिता श्री जीवनलाल के स्थान पर सही नाम पुरुषोत्तम कोरी (PURUSHOTTAM KORI) पिता स्व. जीवन लाल कोरी (JEEWAN LAL KORI) संशोधित कर दर्ज कराना चाहता हूँ। अतः मुझे पुरुषोत्तम कोरी (PURUSHOTTAM KORI) पिता स्व. जीवन लाल कोरी (Late. JEEWAN LAL KORI) के नाम से जाना पहचाना एवं लिखा पढ़ा जावें!

पुराना नाम - पुरूषोत्तम
नया नाम - पुरूषोत्तम कोरी
(PURUSHOTTAM KORI)
पिता का नाम - श्री जीवनलाल
पिता का नाम - स्व. श्री जीवनलाल कोरी
(Late. JEEWAN LAL KORI)
कृति

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं बाबू लाल उम्र 62 वर्ष आत्मज श्री अवसेरी निवासी 6वीं बटालियन एस.ए.एफ. रांझी जिला जबलपुर (म.प्र.) का निवासी हूँ तथा मैं 6 वीं बटालियन एस.ए.एफ. रांझी जबलपुर में एस. आई. के पद पर कार्यरत हूँ। मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम बाबू लाल पिता अवसेरी दर्ज है तथा मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड में मेरा नाम बाबू लाल (BABU LAL) पित्ता अवसेरी साकेत (AWSERI SAKET) दर्ज है। मैं अपने सर्विस रिकार्ड में अपना नाम बाबू लाल पिता अवसेरी के स्थान पर सही नाम बाबू लाल (BABU LAL) पित्ता अवसेरी साकेत (AWSERI SAKET) संशोधित कर दर्ज कराना चाहता हूँ! अतः मुझे बाबू लाल (BABU LAL) पित्ता अवसेरी साकेत (AWSERISAKET) के नाम से जाना पहचाना एवं लिखा पढा जावें ।

पुराना नाम - बाबू लाल
नया नाम - बाबू लाल
(BABU LAL)
पिता का नाम - अवसेरी
पिता का नाम - अवसेरी साकेत
(AWSERI SAKET)
कृति

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक -13 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय/ 2025/26/एम/73 दिनांक 01.7.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अरुनव घोष पिता श्री तरूण कुमार घोष मकान नं. 1198/SF-202-B वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती द्वितीय तल 1838 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग-13 मुख्यालय,
र.नं.- 1029 नगर निगम, जबलपुर

**जन्मतिथि सुधार सूचना**

मैं, No. 15140092F Rank EX NK Name- NAND LAL SINGH YADAV s/o Late RAMSUKH YADAV, UNIT- 150 FD REGT. हा.मु. जबलपुर शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करता हूँ कि :
यह कि सर्विस रिकार्ड मे मेरी पत्नि सरिता यादव की जन्मतिथि 10/03/1981 दर्ज हैं जो कि गलत है । यह कि मेरी पत्नि के आधार कार्ड, पेनकार्ड, एवं शिक्षा के रिकार्ड में उसकी जन्मतिथि 09/03/1983 दर्ज हैं जो कि सही है ।
यह कि सर्विस रिकार्ड / पी.पी.ओ. रिकार्ड में मेरी पत्नि सरिता यादव की जन्मतिथि सुधार करते हुये 10/03/1981 के स्थान पर 09/03/1983 दर्ज किया जाये।

गलत जन्मतिथि
10/03/1981
सही जन्मतिथि
09/03/1983 कृति

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं SHWETA MEHTA W/O NEERAJ MEHTA यह सूचित करती हूं कि विवाह पूर्व मेरा नाम SHWETA था जो कि मेरे पेन कार्ड एवं विवाह पूर्व के अन्य दस्तावेज / रिकार्ड आदि में दर्ज है विवाह पश्चात मैंने अपना नाम परिवर्तित कर SHWETA MEHTA रख लिया है, जो कि मेरे आधार कार्ड, आदि में भी लिखा हुआ है। अतः मेरे नाम को SHWETA MEHTA ही पढ़ा लिखा एवं समझा जावें ।

पूर्व नाम
SHWETA
वर्तमान नाम
SHWETA MEHTA कृति

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, Paravva Jamalur W/o Theerthayya Hiremath ARMY NO 15748099X RANK SIGMN unit HQ 1 STC, JABALPUR (M.P.) P.O. Marakumbi Tq Savadatti District Belagavi State Karnataka Pin- 591119. I, have changed my name from PARAVVA THEERTHAYYA HIREMATH to PARAVVA JAMALUR and my DOB 25/05/1997 to 20/05/1997 Vide Affidavit No. BV 761979 dated 01/07/2025 Before Notary Public, Jabalpur (M.P.)

INCORRECT NAME
PARAVVA THEERTHAYYA HIREMATH
INCORRECT DOB - 25/05/1997
CORRECT NAME
PARAVVA JAMALUR
CORRECT DOB - 20/05/1997
कृति

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, ARMY NO. 15723040M RANK NK NAME ASISH KUMAR CHOUDHARY S/O BANWARI LAL OF UNIT 1 TTR, 1 STC, JABALPUR (MP). have changed my MOTHER name from SAVITRI DEVI to SAVATRI DEVI and MOTHER Date of Birth 01/01/1969 to 24/12/1973 Vide Affidavit No. BV 592026 dated 01/07/2025 Before Notary Public, Jabalpur (M.P.)

INCORRECT NAME
SAVITRI DEVI
INCORRECT DOB - 01/01/1969
CORRECT NAME
SAVATRI DEVI
CORRECT DOB - 24/12/1973
कृति

देशबन्धु

जबलपुर, गुरूवार 03 जुलाई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# लंबी विदेश यात्रा पर मोदी

एक महीने से भी कम समय में प्रधानमंत्री मोदी फिर से विदेश यात्रा पर निकल गए हैं। इस बार घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया इन पांच देशों की यात्रा श्री मोदी कर रहे हैं, जो 8 दिनों की होगी। हमेशा की तरह इस बार भी सरकारी बयान में बताया गया है कि विदेश यात्रा का मकसद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की स्थिति को मजबूत करना है। भारतीय प्रधानमंत्री इन देशों के राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों से मुलाकात करेंगे और आपसी सहयोग और विकास पर चर्चा करेंगे। इसमें कुछ नया नहीं है, हमेशा यही तो होता है कि दूसरे राष्ट्राध्यक्षों से श्री मोदी की हाथ मिलाते, गले मिलते, सौहार्द्रपूर्ण माहौल में हंसते-मुस्कुराते चर्चा करते और विभिन्न करारों पर हस्ताक्षर करते तस्वीरें आती हैं। देश को बताया जाता है कि दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। भारत को विकसित करने के लिए सारे देश मदद कर रहे हैं। लेकिन इन तस्वीरों की हकीकत तब समझ आती है, जब ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी बड़े से भारतीय प्रतिनिधिमंडल को अलग-अलग देशों में अपना पक्ष रखने के लिए भेजना पड़ता है।

विदेश नीति की परीक्षा पहलगाम हमले या ऑपरेशन सिंदूर जैसी असामान्य स्थितियों में ही होती है, और इस कड़वी सच्चाई को स्वीकार करना ही चाहिए कि इस परीक्षा में मोदी सरकार बुरी तरह विफल रही।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के युद्धविराम को लेकर हो रहे बेहूदे दावे थम ही नहीं रहे हैं और प्रधानमंत्री मोदी ने खुद इन दावों को खारिज नहीं किया है तो अब तक भारत सरकार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसकी सफाई देनी पड़ रही है। अभी विदेश मंत्री एस जयशंकर से अमेरिकी पत्रिका न्यूजवीक के लिए हो रहे एक साक्षात्कार में फिर यह सवाल पूछा गया कि राष्ट्रपति ट्रंप ने कई बार कहा है कि 'संघर्ष को रोकने के लिए व्यापार को एक साधन के रूप में इस्तेमाल किया गया। क्या इससे व्यापार समझौते की बातचीत पर कोई असर पड़ा है?' इस सवाल से साफ समझ आता है कि ट्रंप के दावे को अब दुनिया भी मान रही है। अगर श्री मोदी ने पहले ही बार में इस पर आपत्ति जताई होती तो शायद इस तरह के सवाल नहीं उठते। लेकिन अब सवाल उठ रहे हैं और विदेश मंत्री सफाई दे रहे हैं कि 9 मई की रात अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वांस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन किया था तो वह भी उसी कमरे में मौजूद थे। जयशंकर ने कहा कि तब प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा था कि भारत पाकिस्तान की धमकियों से डरेगा नहीं बल्कि इसका जवाब देगा।

सोचने वाली बात यह है कि जो बयान भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री पहले दे चुके हैं, जिसे अभी विदेश मंत्री एस.जयशंकर भी कह रहे हैं, उस बात को अब तक प्रधानमंत्री मोदी अपने मुंह से क्यों नहीं बोलते। आखिर किसने उनके मुंह पर चुप की उंगली रखी है। क्या लंबी-लंबी विदेश यात्राओं से ये उंगली हटेगी या मुंह पर ताले और बढ़ेंगे। अभी कनाडा में जी-7 की बैठक में श्री मोदी शामिल हुए थे, और पखवाड़े बाद ही अब ब्रिक्स सम्मेलन के लिए वे रवाना हुए हैं। ऐसे अंतरराष्ट्रीय मंचों का इस्तेमाल सभी देश अपनी स्थिति बेहतर बनाने के लिए करते हैं, हालांकि इनमें असली जोर व्यापार का होता है, क्योंकि इस समय पूरी वैश्विक राजनीति कारोबारी हितों के इर्द-गिर्द घूम रही है। ऐसे में श्री मोदी की मौजूदा यात्रा में भी व्यापार को बढ़ाने के संकेत अलग-अलग तरीकों से दिए गए हैं।

प्रधानमंत्री मोदी सबसे पहले घाना जाएंगे और यात्रा के अंतिम चरण में स्वदेश वापसी के समय नामीबिया जाएंगे। ये सारे देश अफ्रीकी और लैटिन अमेरिकी हैं और कहा जा रहा है कि इससे ग्लोबल साउथ के भारतीय एजेंडे को नई धार मिल सके। बता दें कि ग्लोबल साउथ शब्द पहली बार 1969 में राजनीतिक कार्यकर्ता कार्ल ओग्लेसबी ने इस्तेमाल किया था। इसमें अमूमन वही सारे देश हैं, जिन्हें तीसरी दुनिया के देश कहा जाता है। दुनिया के उत्तरी हिस्से में संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, यूरोप के देशों से अलग दक्षिण हिस्से में आने वाले अफ्रीकी, द.अमेरिकी और कई एशियाई देशों को ग्लोबल साउथ के तहत रखा जाता है। इनकी चिंताएं और सरोकार लगभग एक जैसे हैं। हालांकि इनमें चीन का दबदबा है और वहीं आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड जैसे देशों का रुख भी कई बार ग्लोबल नार्थ की तरफ ही दिखाई देता है। ऐसे में ग्लोबल साउथ के बैनर तले जो नयी वैश्विक व्यवस्था बनाने की कोशिश चल रही है, वह कितनी कारगर होगी, कहा नहीं जा सकता। वैसे अभी श्री मोदी जिन देशों में जा रहे हैं, या ग्लोबल साउथ में जो देश आते हैं, उनसे भारत के संबंध पहले ही अच्छे रहे हैं। इन सभी देशों में प.नेहरू की बनाई विदेश नीति के कारण ही भारत की साख मजबूत बनी हुई है। अगर इसी विदेश नीति पर मोदी सरकार चलती रहती तो फिर इतनी विदेश यात्राओं के बाद भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर समर्थन जुटाने के लिए भारत को जद्दोजहद नहीं करनी पड़ती।

वैसे ब्रिक्स सम्मेलन के अलावा श्री मोदी की मौजूदा यात्रा का बड़ा मकसद व्यापार को बढ़ाना ही दिख रहा है। घाना पश्चिमी अफ्रीका की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। घाना से भारत में होने वाले आयात में 70 प्रतिशत से ज्यादा सोना होता है। घाना के लिए भारत सबसे बड़ा निर्यातक देश है। घाना से श्री मोदी त्रिनिदाद और टोबैगो जाएंगे, इस कैरेबियाई क्षेत्र में भारतीय मूल के 40-45प्रतिशत लोग रहते हैं। भारत और त्रिनिदाद और टोबैगो के बीच आर्थिक संबंध बहुत ही ज्यादा मजबूत हुए हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में दोनों देशों के बीच कुल व्यापार 341.61 मिलियन डॉलर तक पहुंच चुका है। यहां से श्री मोदी अर्जेंटीना जाएंगे, और ट्रंप के चहेते राष्ट्रपति जेवियर मिलेई के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। रक्षा, कृषि, खनन, तेल और गैस, नवीकरणीय ऊर्जा, व्यापार और निवेश पर इस दौरान खास जोर रहेगा। इसके बाद ब्राजील में ब्रिक्स सम्मेलन के बाद अपनी राजकीय यात्रा के लिए प्रधानमंत्री ब्रासीलिया जाएंगे। जहां राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष, प्रौद्योगिकी, कृषि और स्वास्थ्य जैसे आपसी हित के क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी को व्यापक बनाने पर चर्चा होगी। ब्राजील, दक्षिण अमेरिका में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। सबसे आखिरी में श्री मोदी नामीबिया जाएंगे, जहां वे संसद को भी संबोधित करेंगे। हाल के वर्षों में भारत और नामीबिया के बीच व्यापार बढ़ा है। 2000 में यह 3 मिलियन डॉलर से भी कम था जो अब लगभग 600 मिलियन डॉलर हो गया है। भारत में चीते नामिबिया से ही लाए गए थे।

# योगी बंदर की लीला और जनजागरुकता

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

सोशल मीडिया पर रील्स, मीम्स बनाने का पागलपन, इस मंच को झूठी, नफरती खबरें फैलाने का जरिया बनाना, हर वर्ग के लोगों का अधिकाधिक वक्त सोशल मीडिया पर बीतना, इन सब बातों पर पिछले कुछ वक्त में काफी चिंता बढ़ी है। समाजशास्त्रियों के लिए यह अध्ययन का नया विषय ही बन गया है कि संचार क्रांति का यह कैसा दौर आया है, जिसमें एक के बाद एक नयी लहर उठती है। मियादी बुखार की तरह कभी भी कोई भी चीज वायरल हो जाती है। नैतिक-अनैतिक के बीच का हर अंतर सोशल मीडिया पर मिटाया जा चुका है। न किसी का लिहाज, न कोई पाबंदी, बस जिसे जो कहना है, लिखना है, दिखाना है, सुनाना है, वह अपने मन की करे। असल मायनों में मन की बात सोशल मीडिया पर चलती है। इसमें कभी कुछ ऐसा हो जाए, जिस पर बड़ा विवाद हो, तब कुछ पोस्ट्स को प्रतिबंधित किया जाता है, लेकिन तब तक उसका स्क्रीन शॉट सुरक्षित रख लिया जाता है या सामग्री ही किसी और तरीके से स्टोर कर ली जाती है। आसान शब्दों में, एक बार जो चीज सोशल मीडिया पर आ गई, उसे नष्ट करना मुश्किल होता है।

ऐसे सोशल मीडिया के दौर में 'बंदर लीला योगी' के वीडियो काफी वायरल हो रहे हैं। जैसा कि इसके नाम से ही जाहिर है, इसमें एक बंदर साधु या योगी की वेशभूषा में बैठा हुआ नजर आता है और उसकी लीला यह है कि यह योगी बंदर ज्वलंत सामाजिक-राजनीतिक विषयों पर धीर-गंभीर बातें करता है। देश में शिक्षा की बदहाली से लेकर टीआरपी के लिए मीडिया की उछलकूद सब पर इस योगी बंदर का ध्यान है और वह अपने भक्तों को इस पर प्रवचन देता है कि उसकी निगाह में यह सही है या गलत।

एक वीडियो में कथावाचक बना बंदर कहता है, 'जिस देश में सरकारी स्कूलों की छतें टपकती हों और मंदिर सोने से जड़े हों, वो देश कभी विकसित नहीं हो सकता। अगर मंदिरों का पैसा स्कूलों में लगाया जाए तो भारत विकसित हो सकता है, लेकिन ऐसा इसलिए नहीं होगा क्योंकि कुछ लोगों को डर है कि अगर बच्चे पढ़ गए, तो सवाल पूछेंगे। वहीं एक प्रवचन में योगी बंदर ने कहा कि 'अगर मंदिर में चढ़ाया गया पैसा भगवान का है, तो फिर वो जनता में क्यों नहीं बांटा जाता?'

पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर के वक्त मीडिया के बड़े हिस्से ने जिस किस्म की रिपोर्टिंग की, उसकी धज्जियां भी योगी बंदर ने उड़ाई हैं। इसमें उसने कहा है कि अगर सर्कस देखना हो तो बाहर मत जाना, मोबाइल पर टीवी चैनल खोल देना। टीआरपी के लिए इतने मरे जा रहे कि हमारे सैनिक बार्डर पर खड़े हैं और ये कह रहे हैं इस्लामाबाद पर कब्जा। ये वही लोग हैं, जिन्होंने मुंबई हमलों के दौरान एनएसजी की लोकेशन ब्रॉडकास्ट कर दी और कहीं न कहीं उससे आतंकवादियों को मदद मिली। वो कहते हैं कि भारत अब विकसित होने ही वाला है। अरे लोगों के पास स्कूल-कॉलेज की फीस भरने के पैसे नहीं हैं, और तुम हवा में भारत को विकसित बना रहे हो।

एक अन्य वीडियो में योगी बंदर ने बताया है कि अगर श्री राम भारत के प्रधानमंत्री होते तो कैसा भारत होता। जिसमें आस्ट्रेलिया की तरह प्रदूषण मुक्त हवा होती। पुलिसवाले भाग-भागकर एफआईआर लिखते, भले सामने नेता का बेटा ही क्यों न हो। भारत का ट्रेड और एग्रीकल्चर फल फूल रहा होता। सबको समान न्याय मिलता, छुआछूत को मिटा दिया जाता, जाति को काम के आधार पर किया जाता, न कि जन्म के आधार पर। सरकारी अस्पतालों में साफ-सफाई होती। मंदिरों में भगवान का नाम लेकर साइंस और टेक्नॉलॉजी का ज्ञान साझा किया जाता। किसान खुदकुशी नहीं करते। वोटरों को बांटने के लिए नफरती भाषण नहीं दिए जाते। आरटीआई एक्टिविस्टों की हत्या नहीं होती। गंगा नदी एकदम साफ होती। आम आदमी के कोर्ट केस 20-20 साल नहीं चलते। मूवी का हीरो एक साथ सौ लोगों की हत्या करे तो उसे ग्लोरिफाई नहीं किया जाता और ऐसी फिल्मों की भारत में कोई जगह नहीं होती। अगर किसी कारण से जंगल काट भी दिए जाते तो ट्राइबल लोगों को गर्वमेंट आईडी दी जाती और उनकी शिक्षा का ख्याल रखा जाता।

एक और वीडियो में योगी बंदर ने कहा कि अगर आज हनुमान जी होते तो कहते कि मुझे तुम्हें अपना वंशज कहने में शर्म आती है। एक कंपनी का सीईओ भी बिल्ली के रास्ता काटने पर रुक जाता है। अरे तुम सीईओ हो कि चूहे हो। हमने तो रावण को घर में घुसकर मारा था, तुम एक बिल्ली से डर गए। तुम विश्वगुरु कैसे बनोगे, तुम डेढ़ सौ करोड़ हो, लेकिन डरे हुए हो। वो बताते कि हमने राम सेतु मंत्र फूंककर नहीं बनाया था, नल और नील नाम के दो इंजीनियरों से बनवाया था। वो तुम्हें जागृत करते कि जहां समाज डरा हुआ हो, वहां साइंटिस्ट कम और गुलाम ज्यादा पैदा होते।

भारत का अपना एआई क्यों नहीं बन पाया, इस बारे में भी योगी बंदर ने बताया है कि हमारे पास डेटा ही नहीं है, सारा डेटा यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक के पास है। अमेरिका ने चैटजीपीटी, चीन ने डीप सीक बना लिया। हमारे इंजीनियरों ने जब कू ऐप बनाया था तो उसके जरिए डेटा इकट्ठा हो सकता था, लेकिन उन्हें सपोर्ट नहीं मिला और चार साल में ही कू ऐप बंद हो गया।

> भारत का अपना एआई क्यों नहीं बन पाया, इस बारे में भी योगी बंदर ने बताया है कि हमारे पास डेटा ही नहीं है, सारा डेटा यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक के पास है। अमेरिका ने चैटजीपीटी, चीन ने डीप सीक बना लिया। हमारे इंजीनियरों ने जब कू ऐप बनाया था तो उसके जरिए डेटा इकट्ठा हो सकता था, लेकिन उन्हें सपोर्ट नहीं मिला और चार साल में ही कू ऐप बंद हो गया।

श्रीराम के शासन का भारत, हनुमानजी की सीख से लेकर मीडिया की नैतिकता, अंधविश्वास, विज्ञान और टेक्नॉलॉजी सभी विषयों पर यह एआई जनरेटेड योगी बंदर प्रवचन देता है। इसमें जो बातें कहीं गई हैं, उन्हें अक्सर लोग आपसी चर्चाओं में करते हैं, लेकिन अब माहौल ऐसा हो चुका है कि इन्हें खुलकर कहने की हिम्मत नहीं दिखाई जा रही। जो ऐसी हिम्मत दिखाते हैं, उन्हें किसी न किसी तरह की प्रताड़ना का शिकार होना पड़ता है।

इस एआई जनरेटेड बंदर को जिसने भी बनाया है, उसने ज्वलंत मुद्दों को रोचक तरीके से जनता तक पहुंचाने का काम किया है। धर्मभीरू भारतीय समाज को उसकी भलाई के लिए सलाह देने का यह तरीका कारगर है कि उसमें धर्म का आवरण डाल दिया जाए। यही बंदर अगर शिक्षक, वैज्ञानिक, अंतरिक्ष यात्री, किसान, मजदूर या नेता की तरह दिखाई देता, तब भी उसकी बातें रोचक और जागरुक करने वाली तो होतीं, लेकिन उनका वह असर नहीं दिखाई पड़ता, जो अब दिख रहा है। बंदर बैठकर प्रवचन दे रहा है, यह बात तो रोचक है ही, दूसरा महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह बंदर रूढ़िवादिता को खारिज कर आधुनिक युग के हिसाब से चलने की सलाह भक्तों को दे रहा है। वर्ना इस समय समाज की बुद्धि ऐसे प्रवचनकारियों ने भ्रष्ट की हुई है, जो हथेली को मोबाइल बनाकर हनुमानजी से सीधे बात करने का ढोंग करते हैं और भक्तों को मूर्ख बनाते हैं। लोगों में इतनी चेतना भी दिखाई नहीं देती कि वे पूछ सकें कि अगर हनुमान जी से सीधे बात हो ही जाती है, तब हथेली को मोबाइल बनाने की भी क्या जरूरत, इस सीधे कनेक्शन के लिए तो किसी भी चीज की दरकार नहीं होनी चाहिए। लेकिन लोगों को मूर्ख बनाकर ही ऐसे ढोंगी खुद ऐशो आराम का सारा सामान जुटा लेते हैं। दुनिया की सैर करते हैं, महंगे कपड़े, जूते, चश्मे पहन कर रौब झाड़ते हैं कि सवाल मत पूछना वर्ना और महंगा पहन कर चिढ़ाऊंगा। भारत विकसित हो रहा है, भारत विश्वगुरु बन रहा है, इस तरह का भ्रम फैलाने में ऐसे ही ढोंगी साधु, बाबा, योगी सरकार की मदद करते हैं। सत्ता पर बैठे लोग इन की आरती उतारते हैं, इनके आडंबर को बढ़ावा देते हैं। कोई अपने घर में कितना भी अंधविश्वास माने, पाखंड को बढ़ावा दे, भक्ति के नाम पर कट्टरता फैलाए, उसे रोका नहीं जा सकता, लेकिन जब जनता के पैसे पर समाज में इन चीजों को बढ़ाया जा रहा है और देश का नुकसान हो रहा है, तब तो आवाज उठानी ही चाहिए। जनता का काम करने के लिए बैठी सरकारों से सवाल होने चाहिए कि आपका वक्त लोककल्याणकारी कार्यों से ज्यादा पूजा पाठ में क्यों लग रहा है। जनता के पैसे ढोंगियों पर लुटाने के अपराध पर इन्हें सत्ता से बाहर किया जाना चाहिए। लेकिन इस समय डरा हुआ समाज यह नहीं कर रहा है। ऐसे में पुनर्जागरण के एक नए दौर की जरूरत महसूस हो रही है। योगी बंदर की बातें काफी क्रांतिकारी हैं, और इसमें प्रयुक्त भाषा बिल्कुल आम बोलचाल की है, ताकि जनता इसे फौरन समझ ले। हालांकि इन बातों का सिलसिला, ऐसे वीडियो आगे कब तक जारी रहेंगे, कहा नहीं जा सकता। खुद इस एआई से बने योगी बंदर ने कहा है कि हो सकता है ये वीडियो प्रतिबंधित हो जाएं। अगर ऐसा नहीं भी होता है, तब भी अभी बातों में जो धार दिख रही है, वह बरकरार रहे और किसी भी तरह मुद्दे से न भटका जाए, संविधान के उद्देश्यों को केंद्र में रख कर जन जागरुकता फैलाई जाए, यह जरूरी है।

# नये भाजपा अध्यक्ष के चयन में और देरी संभव

■ अरुण श्रीवास्तव

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 2025 में दशहरा के दिन अपना शताब्दी वर्ष मनायेगा। अधिकांश संगठन तो अपनी शताब्दी के करीब पहुंचने से पहले ही पतन की ओर अग्रसर हो जाते हैं या यहां तक कि विघटित हो जाते हैं। परन्तु आरएसएस अपनी राजनीतिक शाखा भाजपा के माध्यम से भारत पर शासन कर रहा है।

लेकिन शताब्दी वर्ष के शुभ अवसर पर इसके सरसंघचालक मोहन भागवत ने विडंबनापूर्वक संगठन पर अपना अधिकार और नियंत्रण खो दिया है। जहां पिछले सरसंघचालकों के शब्दों को भगवा पारिस्थितिकी तंत्र ने आज्ञाओं की तरह माना, वहीं शताब्दी वर्ष में भागवत के उपदेशों को कोई नहीं मानता। यह अब कोई रहस्य नहीं है कि नरेंद्र मोदी ने जानबूझ कर और योजनाबद्ध तरीके से उनकी छवि और विश्वसनीयता को कम किया है। अपने शासन के ग्यारह वर्षों के दौरान, आरएसएस प्रचारक मोदी ने आरएसएस मुख्यालय में भागवत से केवल एक बार मुलाकात की। इसका मतलब साफ है कि उन्होंने भागवत के सुझावों और सलाह की परवाह नहीं की। आरएसएस और खासकर भागवत भाजपा के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में आरएसएस नेता के लिए जोर दे रहे हैं। लेकिन मोदी का उनके निर्देश की अनदेखी करना उनके तिरस्कार का स्पष्ट प्रमाण है।

वास्तव में पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने 2024 में ही लोकसभा चुनाव से काफी पहले यह कहकर इस अनादर को प्रकट कर दिया था कि 'भाजपा को आरएसएस की जरूरत नहीं है'। जब से नड्डा ने 2023 में अपना कार्यकाल पूरा किया है, तब से भागवत पार्टी प्रमुख के रूप में आरएसएस नेता के लिए जोर दे रहे हैं। लेकिन नड्डा की औपचारिक सेवानिवृत्ति के ढाई साल बाद भी, उनका भाजपा अध्यक्ष के रूप में कार्य करना जारी है। कारण साफ है। मोदी को एक ऐसे अनुचर की जरूरत है जो उनके आदेशों का पालन करे। उन्हें समानांतर सत्ता केंद्र पसंद नहीं है। भाजपा अध्यक्ष के रूप में आरएसएस नेता उनके वर्चस्व के लिए संभावित खतरा साबित हो सकते हैं। यही कारण है कि मोदी जानबूझ कर उनकी दलीलों को नजरंदाज कर रहे हैं।

गोवा में भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में जब मोदी को प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में पेश किया गया था, तब भगवा कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच मोदी की राष्ट्रीय अपील और लोकप्रियता नहीं थी। लालकृष्ण आडवाणी के साथ भागवत ने उन्हें आगे बढ़ाया। निर्वाचित होने के बाद मोदी का पहला काम आडवाणी को अलग-थलग करना और उन्हें निष्क्रिय बनाना था। लेकिन उस समय भागवत को हटाने या अलग-थलग करने की हिम्मत वे नहीं कर पाये, क्योंकि वे आरएसएस प्रमुख थे। एक सुनियोजित चाल के तहत उन्होंने उन्हें नजरंदाज करना शुरू कर दिया, जिससे यह संदेश गया कि भागवत भाजपा के लिए किसी काम के नहीं हैं। मोदी ने भगवा पारिस्थितिकी तंत्र के अंदर सफलतापूर्वक ऐसी स्थिति बना दी, जहां भागवत की सलाह अवांछित थी। 2023 में ही आरएसएस के कई शीर्ष नेताओं ने भागवत को आगाह किया था और उनसे सख्ती बरतने को कहा था। लेकिन उन्होंने ऐसा करने की हिम्मत नहीं की। मोदी जहां खुद को भाजपा और भारत के लिए राजनीतिक रूप से अपरिहार्य साबित करने पर तुले हुए हैं, वहीं भागवत हिंदू और हिंदुत्व की राजनीति को बढ़ावा देने में आरएसएस की अजेयता को प्रदर्शित करने का प्रयास कर रहे हैं।

इसे समझने के लिए हाल ही में हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में हुए विधानसभा चुनावों के विश्लेषण से अधिक उपयुक्त तरीका और कुछ नहीं हो सकता। जहां मोदी और उनके सहयोगियों ने इन राज्यों में भाजपा की जीत को मोदी के करिश्मे से जोड़ा, वहीं आरएसएस ने दावा किया है कि इन चुनावी जीत का श्रेय आरएसएस के कार्यकर्ताओं को जाता है।

मोदी और भागवत के बीच ताजा सत्ता संघर्ष बिहार की मतदाता सूची संशोधन के मामले में सामने आया है। आरएसएस ने मोदी के कदम का सार्वजनिक रूप से विरोध नहीं किया है, लेकिन वह इसका समर्थन भी नहीं करता है। मोदी ने पहले ही बिहार में इस योजना को बड़े जोर-शोर से शुरू कर दिया है। आरएसएस नेताओं के अनुसार भी इस कदम का शिकार ईबीसी और दलितों की बड़ी आबादी होगी, जो आरएसएस के निशाने पर हैं। यह लगातार इन वर्गों को यह विश्वास दिलाता रहा है कि वे हिंदू हैं। गांवों में जाकर गणना करने वाले लोग उनके मूल निवासी होने के दावों के प्रमाण के रूप में मूल जन्म प्रमाण पत्र मांग रहे हैं।

यह एक खुला रहस्य है कि इनमें से एक बड़ी आबादी के पास अपनी पहचान साबित करने के लिए कोई दस्तावेज नहीं है। जाहिर है कि उन्हें अपनी राष्ट्रीय पहचान खोने का खतरा है। एक बार जब उन्हें राष्ट्रीयता से वंचित कर दिया जाता है, तो उन्हें वोट देने का अधिकार भी स्वतः ही छीन लिया जायेगा। यह स्पष्ट है कि मोदी अपने राजनीतिक अस्तित्व के लिए ऐसा कर रहे हैं। हाल ही में हुए चुनावों में उनकी निष्ठा बदली हुई, इंडिया ब्लॉक के पक्ष में दिखी जिससे मोदी को यह कड़ा संदेश गया है कि दलित और ईबीसी उन्हें पसंद नहीं करते हैं।

> 4 जुलाई से दिल्ली में तीन दिवसीय भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक का आयोजन बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। इन दो वर्षों के दौरान आरएसएस ने अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक की एक दर्जन से अधिक बैठकें की हैं। हर बैठक में अपनी पसंद का नया अध्यक्ष चुनने का मुद्दा गूंजा। यह बैठक अलग प्रकृति की होगी, जिसका स्वरूप अलग होगा। यह आरएसएस की बैठक है।

मोदी का यह चुनावी कदम उन्हें मध्यम वर्ग पर अधिक ध्यान केंद्रित करने और उनके बीच अपने समर्थन आधार को मजबूत करने में मदद करेगा। लेकिन इससे आरएसएस के राजनीतिक हित खतरे में पड़ जायेंगे, जो उन्हें हिंदू के रूप में पहचानने की कोशिश कर रहा है। इसका भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की आरएसएस की योजना पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। सूत्रों का कहना है कि आरएसएस शताब्दी समारोह के दौरान अपनी योजना की घोषणा करने के लिए दृढ़ था। लेकिन अब ऐसा लगता है कि वह कुछ और समय के लिए अपने फैसले को रोक देगा।

इस पृष्ठभूमि में 4 जुलाई से दिल्ली में तीन दिवसीय भारतीय प्रांत प्रचारक बैठक का आयोजन बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। इन दो वर्षों के दौरान आरएसएस ने अखिल भारतीय प्रांत प्रचारक की एक दर्जन से अधिक बैठकें की हैं। हर बैठक में अपनी पसंद का नया अध्यक्ष चुनने का मुद्दा गूंजा। यह बैठक अलग प्रकृति की होगी, जिसका स्वरूप अलग होगा। यह आरएसएस की बैठक है, लेकिन विश्वसनीय सूत्रों का मानना है कि भाजपा के कुछ शीर्ष नेता इस बैठक में भाग ले सकते हैं और अध्यक्ष चयन के मुद्दे पर आरएसएस पदाधिकारियों के साथ चर्चा कर सकते हैं। इन सूत्रों के अनुसार मोदी और अमित शाह ने आरएसएस नेतृत्व, खासकर भागवत को बिहार विधानसभा चुनाव तक मौजूदा व्यवस्था जारी रखने के लिए कहा है। मोदी ने चुनाव के लिए एक योजना तैयार की है और किसी भी संगठनात्मक विवाद से भाजपा के चुनावी हित प्रभावित होंगे, जो बदले में आरएसएस के दीर्घकालिक राजनीतिक हित को नुकसान पहुंचायेगा।

बिहार और बंगाल के कुछ क्षेत्रीय नेताओं की गुटबाजी और संभावित खतरे से पार्टी कमजोर होगी। इन राज्यों में आरएसएस के प्रभावी हस्तक्षेप को ध्यान में रखते हुए शताब्दी समारोह की योजना बनायी गयी है। उन्होंने आशंका जताई है कि भगवा ब्रिगेड असम पर अपनी पकड़ खो सकती है, जिससे पूर्व और उत्तर पूर्व में पार्टी की संगठनात्मक प्रभावशीलता प्रभावित हो सकती है। उनका तर्क है कि नये अध्यक्ष के लिए बिहार और बंगाल में विधानसभा चुनावों के मद्देनजर उभरने वाली चुनौतियों का सामना करना मुश्किल होगा। चुनौतियों का सामना करने के लिए, भाजपा ने संगठनात्मक बदलाव करने, मौजूदा राष्ट्रीय महासचिवों में से आधे को बदलने और महत्वपूर्ण पदों पर युवा नेतृत्व लाने की योजना बनाई है।

## आपके पत्र

### महिला आरक्षण की दहलीज़ पर लोकतंत्र

2023 में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारत में राजनीति के स्वरूप को बदलने का ऐतिहासिक अवसर है। हालांकि इसका क्रियान्वयन 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले संभव है, लेकिन यह तभी सफल होगा जब राजनीतिक दल अभी से महिलाओं के लिए अनुकूल वातावरण बनाएं। केवल आरक्षित सीटें देना पर्याप्त नहीं; दलों को आंतरिक कोटा, वित्तीय सहयोग, प्रशिक्षण, मेंटरशिप और निर्णयकारी भूमिका में महिलाओं को प्राथमिकता देनी होगी। अगर यह मौका चूक गया तो आरक्षण भी दिखावा बनकर जाएगा। समावेशी और सशक्त लोकतंत्र के लिए अब निर्णायक और नीतिगत पहल ज़रूरी है।

भारतीय राजनीति में महिलाओं की उपस्थिति हमेशा सीमित रही है। 2024 में चुनी गई 18वीं लोकसभा में सिर्फ 74 महिलाएं चुनकर आईं, जो कुल सीटों का मात्र 13.6प्रतिशत है। यह आंकड़ा 2019 की तुलना में भी घटा है और वैश्विक औसत 26.9प्रतिशत से काफी पीछे है। राज्य विधानसभाओं की स्थिति और भी चिंताजनक है, जहां औसतन केवल 9प्रतिशत ही महिलाएं विधायक हैं। यह न केवल लैंगिक असमानता को दर्शाता है बल्कि नीति-निर्धारण की उस प्रक्रिया को भी प्रभावित करता है जिसमें आधी आबादी की हिस्सेदारी नगण्य है।

राजनीति में महिलाओं की भागीदारी के निम्न स्तर के कई सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक कारण हैं। सबसे बड़ा कारण है भारतीय समाज की गहरी पैठी हुई पितृसत्तात्मक सोच। महिलाओं को पारिवारिक भूमिकाओं तक सीमित कर दिया जाता है, जिससे नेतृत्व के अवसर स्वाभाविक रूप से पुरुषों को मिलते हैं। 'सरपंच पति' जैसी प्रथाएं इस सोच को और भी स्पष्ट करती हैं।

राजनीतिक दलों के भीतर भी यह धारणा प्रचलित है कि महिलाएं चुनाव जीतने की दृष्टि से कमज़ोर प्रत्याशी होती हैं। लेकिन यह एक मिथक है, जिसे हाल के आंकड़े खारिज करते हैं। उदाहरण के लिए, 2024 लोकसभा चुनाव में महिलाएं केवल 9.6प्रतिशत उम्मीदवार थीं, लेकिन उनकी सफलता दर पुरुषों से अधिक थी -उन्होंने 13.6प्रतिशत सीटें जीतीं।

महिलाओं के सामने आर्थिक संसाधनों की कमी भी एक बड़ी बाधा है। भारत में चुनाव लड़ना अत्यंत महंगा है, और अधिकांश महिलाएं—खासकर ग्रामीण व पिछड़े वर्गों से—स्वतंत्र रूप से इतने संसाधन नहीं जुटा सकतीं। इसके अलावा, राजनीति का वातावरण भी महिलाओं के लिए असुरक्षित और शत्रुतापूर्ण रहता है। 2029 का चुनाव भारत के लिए एक ऐतिहासिक अवसर लेकर आएगा। लेकिन राजनीतिक दल अभी से महिला नेतृत्व को गढ़ने में निवेश नहीं करते तो यह आरक्षण भी केवल सत्ता में वंशवाद और प्रतीकात्मकता का विस्तार बनकर रह जाएगा।

अब वक्त है कि दल 'महिलाओं के लिए सीट छोड़ने' की बात नहीं करें, बल्कि 'महिलाओं को नेतृत्व के लिए खड़ा करने' की पहल करें। लोकतंत्र को मजबूत बनाने का यही असली रास्ता है।

-प्रियंका सौरभ



## ललित सुरजन की कलम से

### शेक्सपियर

*मैंने पहले भी लिखा है कि एक बार परसाई जी ने मुझसे कहा था कि अंग्रेजी, हिन्दी और उर्दू में क्रमशः शेक्सपियर, तुलसीदास और मिर्जा गालिब ये तीनों महान लेखक हैं, क्योंकि इनकी रचनाओं में जैसा जीवन विवेक है वैसा अन्यत्र नहीं है। परसाई जी की यह बात मुझे समय-समय पर याद आ जाती है। आज जबकि दुनिया बहुत बदल चुकी है, फिर भी ऐसे मौके बारंबार हमारे सामने आते हैं जब इन तीनों लेखकों की कोई न कोई उक्ति सहसा मानस पटल पर कौंध जाती है कि अरे, ऐसा तो उन्होंने कहा था। मसलन जब बाजारवाद की बात चलती है जो कि आजकल अक्सर होती है, तो गालिब का शेर याद आ ही जाता है- 'बाजार से निकला हूं खरीदार नहीं हूं' इसी तरह कभी तुलसी, तो कभी शेक्सपियर हमारी विचारयात्रा में साथ आ जाते हैं बल्कि यह कहना सही होगा कि वे हरदम हमारे संग चलते हैं। क्लासिक साहित्य में सबसे बड़ी खूबी यही है कि वह देशकाल की सीमाओं का अतिक्रमण करता है और हर युग में हर पीढ़ी के पाठक के साथ उसका एक अटूट रिश्ता बना रहता है।*

**( अक्षर पर्व जून 2014 में प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2014/06/blog-post_16.html

## अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस

### पर्यावरण पर प्लास्टिक प्रदूषण का कसता शिकंजा

दुनियाभर में जितने भी आविष्कार हुए, वो मानव जाति के विकास में सहयोग हेतु हुए, परंतु मानव ने अपनी आवश्यकताओं की सीमा को तोड़कर मनमानी शुरू कर दी और अपने साथ ही समस्त जीव सृष्टि के लिए विनाश का बिगुल फूंक दिया। ऐसा ही प्लास्टिक प्रदूषण आज हमारे पृथ्वी के लिए बड़ी समस्या बना है। धरती, आकाश, जल, हवा संपूर्ण वातावरण में प्लास्टिक प्रदूषण ने जीवन के लिए खतरा पैदा किया है और यह खतरा तेजी से घातक स्तर पर बढ़ रहा है, फिर भी लोग समझने को तैयार नहीं है। हम अक्सर देखते हैं कि विशिष्ट प्लास्टिक बैग और अन्य प्लास्टिक सामग्री पर प्रतिबंध के बावजूद अवैध तरीके से धड़ल्ले से उपयोग की जाती है। प्लास्टिक प्रदूषण जीवन चक्र को बाधित कर के नुकसान पहुंचा रहा है। इसी समस्या की गंभीरता को समझने के लिए हर साल 3 जुलाई को 'अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस' मनाया जाता है, इस वर्ष 2025 की थीम 'एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक बैग के उपयोग को कम कर के उसके टिकाऊ विकल्पों को बढ़ावा देना' है। यह थीम डिस्पोजेबल प्लास्टिक बैग की समस्या को समाप्त करने की आवश्यकता पर जोर देता है और पुनः प्रयोज्य विकल्पों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। अभियान का उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण के पर्यावरणीय प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना और प्लास्टिक मुक्त भविष्य के लिए कार्रवाई को प्रेरित करना भी है।

संयुक्त राष्ट्र के पर्यावरण कार्यक्रम अनुसार, हर साल 460 मिलियन मीट्रिक टन से ज्यादा प्लास्टिक का उत्पादन होता है। प्लास्टिक का इस्तेमाल लगभग सभी औद्योगिक गतिविधियों में, निर्माण में, वाहनों से लेकर इलेक्ट्रॉनिक्स, कृषि तक और सभी उपभोक्ताओं द्वारा किया जाता है। साल 2019 में पर्यावरण में वैश्विक प्लास्टिक कचरे में से 88 प्रतिशत या लगभग 20 मिलियन मीट्रिक टन मैक्रोप्लास्टिक था, जो सभी पारिस्थितिकी तंत्रों को प्रदूषित करता है। दुनिया का अधिकतर प्लास्टिक प्रदूषण बोतलों, कैप, शॉपिंग बैग, कप, स्ट्रॉ जैसे सिंगल-यूज़ उत्पादों से आता है। रोजाना दुनिया के महासागरों, नदियों और झीलों में 2,000 ट्रक प्लास्टिक कचरा डाला जाता है। यूएनईपी 2025 अनुसार, अब तक उत्पादित प्लास्टिक का केवल 9 फीसदी ही रीसाइकिल किया गया है, शेष वातावरण में प्रदूषण के रूप में मौजूद है।

प्लास्टिक प्रदूषण हमारे भोजन, पीने के पानी और हमारे द्वारा सांस ली जाने वाली ऑक्सीजन के माध्यम से भी हमारे शरीर में प्रवेश करता है। सौर विकिरण, हवा, धाराओं और अन्य प्राकृतिक कारकों के कारण, प्लास्टिक माइक्रोप्लास्टिक और नैनोप्लास्टिक में टूट जाता है। नैनोप्लास्टिक शरीर में सहज प्रवेश करने में सक्षम है। माइक्रोप्लास्टिक हमारे दिल, फेफड़े, लीवर, तिल्ली, गुर्दे और दिमाग में भी पाए गए हैं।

प्लास्टिक का उत्पादन उपभोक्ता की मांग को पूरा करने के लिए है, अगर हम उपभोक्ता ही प्लास्टिक से दूरी बना लें, तो समस्या काफी हद तक खत्म हो सकती है, प्लास्टिक के अन्य पर्याय को अपनाना और जागरूकता एवं पर्यावरण के बचाव के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति की आवश्यकता है। सबसे पहले अपना स्वार्थ और आलस छोड़ें, सरकारी नीतिनियमों का कड़ाई से पालन करें।

पर्यावरण हमें बेहतर जीवन देने के लिए है, अगर हम ही अपने पर्यावरण को बर्बाद करेंगे तो पर्यावरण भी हमें जीवन नहीं अपितु बर्बादी ही देगा, इस बात की गंभीरता को समझें और जागरूक नागरिक का फर्ज निभाएं।

-डा. प्रीतम

# भोपाल नवाब की पुश्तैनी संपत्ति के मामले में ट्रायल कोर्ट करें पुन: सुनवाई

## सैफ अली, शर्मिला सहित अन्य को हाईकोर्ट से झटका





**जबलपुर, देशबन्धु।** भोपाल रियासत के अंतिम नवाब मोहम्मद हमीदुल्ला खान की संपत्ति के उत्तराधिकार के संबंध में ट्रायल कोर्ट द्वारा साल 2000 में पारित आदेष को निरस्त कर दिया है। हाईकोर्ट जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेष का हवाला देते हुए ट्रायल कोर्ट को निर्देशित किया है कि उत्तराधिकारी विवाद की सुनवाई नये सिरे की जाये। एकलपीठ ने मामले की सुनवाई एक साल की निर्धारित समय अवधि में करने के आदेष जारी किये है।

जिला न्यायाधीश भोपाल के द्वारा पारित आदेश के विरुद्ध बेगम सुरैया रशीद,बेगम मेहर ताज नवाब साजिदा सुल्तान,नवाबजादी कमर ताज राबिया सुल्तान,नवाब मेहर ताज साजिदा सुल्तान एवं अन्य की तरफ से साल 2000 में दो अपील हाईकोर्ट में दायर की गयी थी। अपील में कहा गया था कि भोपाल रियासत का भारत संध में विलय 30 अप्रैल 1949 में हुआ था। लिखित समझौते के तहत. विलय के बाद नवाब के विशेष अधिकार जारी रहेंगे और निजी संपत्ति के पूर्ण स्वामित्व गद्दी (सिंहासन) का उत्तराधिकार भोपाल सिंहासन उत्तराधिकार अधिनियम 1947 के तहत होंगे। नवाब मोहम्मद हमीदुल्ला खान की मृत्यु के बाद साजिदा सुल्तान को नवाब घोषित किया था। भारत सरकार ने 10 जनवरी 1962 को पत्र जारी की संविधान के अनुच्छेद 366 (22) के तहत व्यक्तिगत संपत्ति का उल्लेख निजी संपत्ति के रूप में किया था। भारत सरकार का आदेश विधिसम्मत नहीं है, क्योंकि नवाब मोहम्मद हमीदुल्ला खान की मृत्यु के पश्चात उनकी निजी संपत्ति का बंटवारा मुस्लिम पर्सनल लॉ के अनुसार वादीगण और प्रतिवादियों के बीच होना चाहिए था। जिला न्यायालय ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय पारित निर्णय के आधार पर उनका आवेदन खारिज कर दिया था। एकलपीठ ने अपने आदेष में कहा है कि ट्रायल कोर्ट ने मामले के अन्य पहलुओं पर विचार किए बिना एआईआर 1997 (मिस तलत फातिमा हसन बनाम हिज हाइनेस नवाब सैयद मुर्तजा अली खान साहिब बहादुर और अन्य) में रिपोर्ट किए गए फैसले पर भरोसा करते हुए मुकदमों को खारिज कर दिया, लेकिन इस तथ्य पर विचार करने में विफल रहा कि बाद में इसे (2020) में रिपोर्ट किए गए एक मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज कर दिया गया था। विचाराधीन मुकदमे विभाजन के हैं, इसलिए, सीपीसी के आदेश 14 नियम 23 ए के प्रावधान के मद्देनजर, मेरी राय है कि इन मामलों को नए सिरे से तय करने के लिए ट्रायल कोर्ट में वापस भेजा जाता है। ट्रायल कोर्ट बदली हुई कानूनी स्थिति के मद्देनजर पक्षों को सबूत पेश करने की अनुमति दे सकता है।

# तीन दिन में दो अवैध मादक पदार्थ के तस्कर पुलिस गिरफ्त में

## आठ माह में 644 किलो गांजा, 70 ग्राम स्मैक तथा 22 हजार नशीले इंजेक्शन जब्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर पुलिस ने विगत आठ माह में प्रति तीन दिनों में अवैध मादक पदार्थ के कारोबार में लिप्त दो व्यक्तियों के गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विगत आठ माह में अवैध मादक पदार्थ के कारोबार में लिप्त 161 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 644 किलो 302 ग्राम गांजा,70 ग्राम 25 मिलीग्राम स्मैक तथा 22 हजार 109 नशीले इंजेक्शन किये गये है जब्त की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की।

पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 अक्टूबर 2024 को उन्होने अवैध मादक पदार्थ तथा नशीले इंजेक्शन के अवैध कारोबार में लिप्त तस्करों के खिलाफ कार्यवाही के आदेष जारी किए थे। पुलिस ने विगत आठ माह में अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी में लिप्त 133 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास 644 किलो 302 ग्राम गांजा बरामद किया। जिसका मूल्य 1 करो? 28 लाख 86 हजार है। अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी में लिप्त 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर 70 ग्राम 25 मिली ग्राम स्मैक बरामद की, जिनका मूल्य 7 लाख 2 हजार है।

इसी प्रकार नशीले इंजेक्शन के कारोबार मे लिप्त 20 आरोपियों को गिरफ्तार कर 22 हजार 109 इंजेक्शन जप्त किये गये है। प्रतिबंधित दवाइयों के कारोबार में लिप्त 2 आरोपियों को गिरफ्तार कर 7 लाख 50 हजार रूपये कीमती प्रतिबंधित दवाइयां जब्त की गयी है। उन्होंने बताया कि अवैध मादक पदार्थ के कारोबार में लिप्त व्यक्तियों के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव की घोषणा के अनुरूप जबलपुर बनेगा पर्यटन का नया केन्द्र : मंत्री श्री सिंह

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की घोषणा के अनुरूप वीरांगना रानी दुर्गावती के नाम पर प्रदेश का सांस्कृतिक और ऐतिहासिक शहर जबलपुर अब पर्यटन के क्षेत्र में भी नई पहचान की ओर अग्रसर है। पर्यटन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने के उद्देश्य से मदन महल की पहाड़ियों पर स्थित ठाकुरताल क्षेत्र को एक एमिनेंट पर्यटन हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी योजना में 'फॉरेस्ट सफारी - जू कम रेस्क्यू सेंटर' और संग्राम-सागर तालाब के समग्र विकास को भी सम्मिलित किया गया है। इस परियोजना को मूर्त रूप देने के लिए लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने वन मंडल अधिकारी श्री ऋषि मिश्रा एवं कंसलटेंट श्री दुबे के साथ आज भोपाल में विस्तृत चर्चा कर योजना की रूपरेखा तैयार की।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने बताया कि परियोजना को और अधिक गरिमा प्रदान करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसे वीरांगना रानी दुर्गावती जी के नाम पर विकसित करने की घोषणा की है। यह निर्णय जबलपुर के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक जुड़ाव को और भी सशक्त करेगा। लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह ने इस उपलब्धि के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार भी व्यक्त किया है।

# उद्योगों के विस्तार के लिए कार्यशाला आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की मध्य प्रदेश की नोडल एजेंसी लघु उद्योग निगम और उद्योग भागीदार लघु उद्योग भारती द्वारा जबलपुर में 3 जुलाई शाम 5 बजे जेएनकेवी, इंडियन कॉफी हाउस, अधारताल, जबलपुर में लघु उद्योग भारती सहयोग से उद्योगों के विस्तार एवं कार्य पद्धति में सुधार के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।


कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र की जनरल मैनेजर विनीत कुमार रजक द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय स्तर पर उद्योगों की कार्यप्रणाली में सुधार एवं विस्तार के लिए रैमपी नाम से कार्यशाला का आयोजन पूरे भारत में किया जा रहा है जिसके अंतर्गत मध्य प्रदेश के जबलपुर में स्थ्रह प्रबंधन, सर्टिफिकेशन, पॉलिसी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी प्रदान की जाएगी । उन्होंने बताया कि भारत में विकसित एमएसएमई की महत्वपूर्ण भूमिका है और इस भूमिका को भूमिका को भूमिका दी गई है। उद्योगों को अपना विस्तार एवं उसकी कार्य प्रणाली में सुधार करने की आवश्यकता है, जिससे कि वह अपनी कार्य क्षमता एवं उत्पाद की गुणवत्ता को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मापदंड पर पहुंचा सकते हैं।

लघु उद्योग भारती जो की एक राष्ट्रीय स्तर का संगठन है, उसके सहयोग से यह कार्यशाला जबलपुर में आयोजित की जा रही है जिसमें अधिक से अधिक उद्यमियों की सहभागिता का अनुरोध किया गया है द्य

लघु उद्योग भारती ने खाद्य और सुरक्षा कार्यक्रम का भी आयोजन किया है जिसकी मेजबानी खाद्य अधिकारी डीके दुबे और संजय गुप्ता करेंगे। आईसीआईसीआई बैंक के अधिकारियों द्वारा भी एक कार्यक्रम की मेजबानी की गई।

# फोटो पत्रकार नितिन पोपट नहीं रहे, अंतिम यात्रा आज

## मुख्यमंत्री ने जताया शोक, कहा- अपूर्णीय क्षति



**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी के वरिष्ठ प्रेस छायाकार नितिन पोपट का दुखद निधन शाम 6 बजे 79 वर्ष की आयु में हो गया हैं। वे ऊषा पोपट के पति, मितेश पोपट, संध्या अजीत हड़प के पिता थे।

उनकी अनंत यात्रा उनके निवास स्थान पत्रकार कॉलोनी रानीताल से कल दिनांक 3 जुलाई को दोपहर 3 बजे ग्वारीघाट श्मशान घाट के लिए रवाना होगी।

श्री पोपट के निधन से पत्रकारिता जगत को बड़ी क्षति हुई है, उन्होंने फोटो पत्रकारिता के अनेक आयाम स्थापित किये और अखबारों में फोटो पत्रकारों की अहमियत को भी जबलपुर में स्थापित किया। उनके निधन पर पत्रकार जगत में गहरा शोक छा गया।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट नितिन पोपट के निधन पर दुख व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा श्री पोपट ने अनेक प्रतिष्ठित समाचार पत्रों के लिए कार्य किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से स्व. श्री पोपट की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है। देशबन्धु परिवार की विनम्र श्रद्धांजलि।

# अब विपक्ष का ज्ञापन लेने से परहेज करने लगे अधिकारी





## कांग्रेसियों ने मचाया बवाल, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** अब प्रशासनिक अधिकारी सरकार के नाम ज्ञापन देने से बचने लगे हैं। ज्ञापन के माध्यम से विपक्ष के पास अपनी आवाज सरकार तक पहुंचाने का एक रास्ता था, भले ही इस तरह के ज्ञापन को बाद में सरकार कूंडेदान में डाल दें। लेकिन यह मार्ग भी लगता है बंद होने की कगार पर है। जिसका एक मामला बुधवार को जबलपुर के पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समक्ष देखने को मिला। हालांकि इस मामले को लेकर जमकर बवाल भी हुआ और पुलिस प्रशासन के निर्णय का विरोध करने वालों को पुलिस ने जबरिया उठाकर गिरफ्तार भी कर लिया। जिसके विरोध में सिविल थाना के सामने पुतला दहन भी किया गया।

**तानाशाही बरत रहे अधिकारी-** शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी, जबलपुर के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने बताया कि भाजपा सरकार का अलोकतांत्रिक और दमनकारी चेहरा एक बार फिर उजागर हो गया, जब शांतिपूर्ण ढंग से ज्ञापन देने पहुँचे कांग्रेसजनों के साथ पुलिस प्रशासन ने असंवैधानिक, अपमानजनक और तानाशाहीपूर्ण व्यवहार किया।

**ऐसे हुआ शुरू हुआ विवाद-** कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर दर्ज की गई झूठी एफआईआर के विरोध में बुधवार को शहर कांग्रेस के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता एसपी कार्यालय पहुंचे थे लेकिन एसपी ने मिलने से साफ इनकार कर दिया, जबकि वे कार्यालय में ही मौजूद थे। कांग्रेस नेताओं के अनुसार यह प्रशासनिक गरिमा और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का घोर अपमान भी है।

**आईजी को ज्ञापन-** पूरे घटनाक्रम के विरोध में आईजी को ज्ञापन दिया गया। इस दौरान दिनेश यादव, विनय सक्सेना, आलोक मिश्रा, अभिषेक चौकसे चिंटू, अमरीश मिश्रा, कौशल्या गोटिया, नन्हे लाल धुर्वे, अंजू सिंह बघेल मौजूद थे।

# रोजगार सृजन से जुडी प्रोत्साहन योजनाईएलआईलागू

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विनिर्माण क्षेत्र पर विशेष जोर देते हुए सभी क्षेत्रों में रोजगारसृजन, रोजगार क्षमता और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ाने के लिए रोजगार से जुड़ीप्रोत्साहन (ईएलआई) योजना को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत एक लाख करोड़ रूपये के परिव्यय के साथ दो वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक रोजगार के सृजन का लक्ष्य रखा गया है।राकेश सहरावत, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त-। ने बताया कि इस योजना के तहत, जहाँ पहली बार रोजगार करने वाले कर्मचारियों को एक महीने का वेतन (15,000 रूपये तक) मिलेगा, वहीं नियोक्ताओं को अतिरिक्त रोजगार पैदा करने के लिए दो साल की अवधि के लिए प्रोत्साहन दिया जाएगा, साथ ही विनिर्माण क्षेत्र के लिए दो साल तक विस्तारित लाभ दिया जाएगा। ईएलआई योजना का लक्ष्य 99,446 करोड़ रूपये के परिव्यय के साथ 2 वर्षों की अवधि में देश में 3.5 करोड़ से अधिक रोजगार के सृजन को प्रोत्साहित करना है।

# ललपुर से रांझी के बीच बिछाई जाने वाली लाइन बनी लोगों के लिये मुसीबत

## ननिज प्रशासन की नीद खुली, बारिश में नहीं होगा काम

**जबलपुर, देशबन्धु।** गौरीघाट से रांझी के बीच बिछाई जाने वाली पानी की पाईप लाइन लोगों के लिये परेशानी का कारण बन गई है। जगह-जगह सड़क के किनारे खोदे जाने से रिहायशी इलाकों के लोगों को आने जाने में असुविधा का सामना रोजाना करन पड़ रहा है। हालांकि अब ननिज प्रशासन की नीद खुली है। बारिश के दौरान काम नहीं किया जायेगा। वहीं जहां-जहां इस तरह की समस्याओं की शिकायत आ रही थी, वहां पर निकलने के लिये रैम्प बनाये जाने की बात कही जा रही है।

उल्लेखनीय है कि बीते कई माहों से गौरीघाट के ललपुर से रांझी के लिये नर्मदा जल की लाइन बिछाई जा रही थी। काम बेहद धीमी गति से चल रहा था। जिसका खामियाजा क्षेत्रीय लोगों को उठाना पड़ रहा था। इसकी भनक ननिज प्रशासन के अधिकारियों को लगी। इसके बाद समस्या से फिलहाल लोगों को निजात दिलाने के दिशा-निर्देश दिये गये। इस बारे में क्षेत्र के नागरिकों ने कहा है कि जब तीन माह में दो से तीन किलोमीटर ही लाइन डल पाई है तो कई किलोमीटर की लाइन में बिछाने में सालों लग जाएंगे।

### इनका कहना है

इस संबंध में जवाबदार मैदानी अमले से कहा गया है कि जहां-जहां पर इस तरह की शिकायत मिली है, वहां काम रोक दिया गया है। साथ ही लोगों के आवागमन को शुलभ बनाने के लिये व्यवस्थाएं की जाएंगी। जिसका असर आने वाले दिनों में देखने को मिलेगा।

# पीएम आवास में धोखाधड़ी के खिलाफ ज्ञापन

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय पत्रकार संघ ने गोहलपुर थाना क्षेत्र में घटित दो अत्यंत गंभीर मामलों की ओर आकषित कराया, जिनमें से एक सीधे तौर पर भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी से संबंधित है, वहीं दूसरा पत्रकारों के संवैधानिक अधिकार एवं पुलिस प्रशासन के सहयोग के अभाव को दर्शाता है। बताया गया कि कुदवारी में मकान देने के नाम पर कल्लू कोष्टा से दस हजार लिये गये लेकिन न तो मकान और न ही पैसा मिला। जिसके विरोध में शिकायत करने के बाद भी गोहलपुर पुलिस ने उचित कार्रवाई नहीं की। उल्टे मामले को उठाने वाले पत्रकार राजेश जैन आदि के साथ अभद्र बर्ताव किया गया।

घटना अत्यंत निंदनीय है और न केवल पत्रकारों के कर्तव्य पालन में बाधा डालती है, बल्कि जनता की आवाज को दबाने तथा भ्रष्टाचार को संरक्षण देने का भी प्रयास प्रतीत होता है।

पत्रकारों का कार्य जनसेवा में हो रहे अनुचित कार्यों को शासन और प्रशासन के सामने लाना है, और ऐसे दुर्व्यवहारों से उनके कार्य पर रोक लगाने का प्रयास सर्वथा अनुचित है। इसके विरोध में पुलिस प्रशासन को मांग पत्र देकर उचित कार्रवाई की मांग की गई है।

# उप स्टेशन प्रबंधक निलंबित दोष किसी का सजा किसी और को

**जबलपुर, देशबन्धु।** पमरे के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के उच्च अधिकारियों द्वारा अनुशासनहीनता बरतने वाले कर्मचारियों के विरूद्ध शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में उप वाणिज्य हेमंत पधारे को 1 जुलाई को निलंबित किया गया है। पमरे के मुख्य स्टेशन के एक मुख्य टिकट निरीक्षक ने नाम न जाहिर करने के आग्रह पर बताया कि विगत दिवस एक अज्ञात यात्री स्टेशन में बीमारी अवस्था में कराह रहा था, उस ओर किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारियों का ध्यान ही नहीं दिया गया। उल्लेखनीय है कि मंडल रेल प्रबंधक द्वारा स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य) और स्टेशन प्रबंधक (परिचालन)जैसे पदों पर कर्मचारियों की पदस्थापना की गई है। जानकारी के अनुसार स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य) द्वारा सभी प्लेटफार्मों में प्रति दिन साफ सफाई अच्छे ढंग से की जा रही है या नहीं उसकी जिम्मेदारी रहती है। स्टेशन परिसर में यह चर्चा जोरो से है कि एस.एम.(सी) साफ सफाई पर ध्यान न देते हुए केवल उच्च अधिकारियों की जी हुजुरी में विशेष रूचि रखकर, केवल अधिकारियों को खुश करने में ही अपना भविष्य सुरक्षित रखने के लिए प्रयासरत रहता है यह पूर्व में पदस्थ वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक के सबसे ज्यादा नजदीक रहते हुए भरपूर फायदा उठाते हुए स्टेशन में पदस्थ कर्मचारियों पर हमेशा ही रौब झाड़ते हुए अपने कार्य में अपनी निपुणता को दर्शाता है। यहाँ इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि मुख्य स्टेशन से चंद कदम की दूरी पर महाप्रबंधक एवं मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय है। महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय मंडल रेल प्रबंधक कमल तलरेजा एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा द्वारा अचानक ही मुख्य स्टेशन पहुँचते हैं पमरे के प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक कुशाल सिंह ने स्टेशन में गंदगी देखे जाने पर खान पान स्टाल को बंद कराया था और लापरवाही के चलते स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य)को फटकार लगायी थी परंतु इसका कोई भी असर स्टेशन की सफाई व्यवस्था में दिखायी ही नहीं पड़ रहा है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा, एक कुशल प्रशासनिक अधिकारी के रूप में अपनी अलग पहचान बनाए हैं वह इस संबंध में आवश्यक कदम उठाएंगे।

# डॉ आनंद सिंह राणा को मिला राज्य स्तरीय पुरुस्कार




**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय क्षेत्र मे जिला संगठक के रुप में वर्ष 2020 -21 मे उत्कृष्ट कार्य हेतु राज्य स्तरीय पुरुस्कार की घोषणा की गई ,जिसमें जिला संगठक के रुप मे राज्यस्तरीय पुरुस्कार डॉ राणा को कौरोना काल में दी गई उत्कृष्ट सेवाऔं के फलस्वरूप यह राज्यस्तरीय एक मात्र पुरुस्कार प्रदान करने की घोषणा की गई।

उक्त उपलब्धि पर शहर में शिक्षा जगत में हर्ष व्याप्त है, इस अवसर पर पंडित राजेश दुबे, बबलू महराज शरदचंद्र पालन, डॉ.अभिजात त्रिपाठी, डॉ.शक्ति सिंह मंडलोई डॉ.गंगाधर त्रिपाठी, अभिमन्यु जैन सुरेश मित्र विचित्र डॉ उदयभानु तिवारी, अशोक मिश्र राजसागरी आचार्य उमाशंकर दुबे एवं श्री जानकीरमण परिवार ने उनका सम्मान कर उनका अभिनंदन कर उन्हे बधाईयां दी ।

# अग्नि पीड़ित किसानों की मदद के लिए आगे आये कृषक



**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले की सिहोरा तहसील के ग्राम मोहतरा एवं बंधा में अब तक की सबसे भीषण अग्नि दुर्घटना में 6 अप्रेल 2025 को लगभग 120 किसानों की सेकड़ो एकड़ में पक कर खड़ी गेहूँ की फसल जलकर खाक हो गई थी। बहुतायत ऐसे छोटे छोटे किसान जिनके पास कुल जितनी जमीन थी उतनी पूरी जलने से उनके सामने रोजी रोटी और परिवार के भरण पोषण का संकट पैदा हो गया है। घटना के बाद वरिष्ठ अधिकारी व कई जनप्रतिनिधि पीड़तो के पास पहुंचे लेकिन विडंबना है की पीड़तो को किसी से अभी तक केवल आश्वासन के अतिरिक्त कुछ भी प्राप्त नही हुआ। नतीजन किसानों के प्रतिनिधियों ने घटना के बाद किसानों को उनकी उस स्थिति से उबारने के लिए कुछ तात्कालिक सहायता करने का बीड़ा उठाया। सिहोरा के किसानों ने अनाज व राशि का वितरण किया।

इसी कड़ी में फार्मर्स ग्रुप द्वारा भी सहयोग राशि एकत्रित की गई, जिसे वितरित करने किसान प्रतिनिधि पीड़तो के गांव पहुंचे। ग्राम मोहतरा में काशी प्रसाद पटेल एवं ग्राम बंधा में मुकेश सिंह गौर के निवास स्थान पर एकत्रित हुए सभी पीड़तो को सहयोग राशि वितरित की गई । इस अवसर पर भारत कृषक समाज के के. के. अग्रवाल ने सभी सहयोग कर्ताओ का आभार व्यक्त करते हुए कहा की पीड़ित अन्नदाता की मदद सबसे बड़ा धर्म है, इस हेतु सबको आगे आना चाहिए। अग्रवाल ने बताया की इस तरह की अग्नि दुर्घटना का फसल बीमा में कोई कवरेज नहीं है। प्रशासन ने भी नियमों का हवाला देते हुए मदद करने से हाँथ खड़े कर दिये । शासन , प्रशासन तथा जन प्रतिनिधि यदि चाहते तो अन्य श्रोतो व अपनी निधि से इन पीड़तो की मदद करवा सकते थे। परन्तु पीड़तो की कोई सुध नही ली गई। रूपेंद्र पटेल ने शासन प्रशासन पर मुआवजा हेतु दवाब बनाने संघर्ष में साथ देने, तथा पीड़तो की आगे भी सहायता करने का वायदा किया। इस अवसर पर सुभाष चंद्रा, प्रमोद मरवाहा, रामगोपाल पटेल, रामकिशन पटेल, अनिल चिले, जितेंद्र देसी, रामेश्वर अवस्थी, कमलेश सोनी, महेन्द्र पटेल, सुरेश कुर्मी, महेन्द्र कुर्मी, अंकित पटेल, राजेश पटेल, सुखदेव चौबे, संदेश सिंह,जगत सिंह, रितेश गुप्ता, आदि कृषक प्रतिनिधि उपस्थित थे। मनोज पटेल ने ग्रामवासियो की ओर से उनके गांव के पीड़तो की सहयता के लिए समस्त कृषक समाज का आभार व्यक्त किया।

# मुहर्रम 7 तारीख़ सफर की रात आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहादत के पर्व मुहर्रम की जुमेरात को सात तारीख सफर की रात है। इस मौके पर नगर एवं उपनगर की सवारियां मदन महल दरगाह में हाज़री पेश करेंगी। मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी की सदारत में आयोजित सलामी समारोह में सज्जादानशीन मुबारक कादरी, निज़ाम कादरी, आफताब कादरी, अब्बू बाबा कादरी, इनायत कादरी, आबिद अली, शराफत कादरी, द्वारा सवारियों व मुजावरों का परम्परानुसार इस्तक़बाल किया जाएगा और दूध के प्याले पेश किये जाएंगे। दरगाह परिसर में अनेकों कमेटियों द्वारा ज़ायरीनौ के लिए लंगर का एहतेमाम किया जाएगा। शानदार सजावट मोहर्रम की 7 तारीख सफर की रात के अवसर पर उपनगरीय क्षेत्र गढ़ा के जुलूस पथ पर नूरानी नौजवान कमेटी, शान लंगर कमेटी, अमन एकता कमेटी, हुसैनी एकता कमेटी, हेदरै लंगर कमेटी, अमर एकता कमेटी, कर्बला लंगर कमेटी, गौस ए आज़म लंगर कमेटी द्वारा शानदार सजावट की गई है। हैदरै लंगर कमेटी द्वारा विगत वर्षों से बीते 30 देग मटर पनीर पुलाव का एहतेमाम हिंदू मुस्लिम धर्मावलंबियों के लिए किया गया है। आकर्षक झांकी- मुजावर मोहल्ला हुसैनी एकता कमेटी द्वारा कर्बला की आकर्षक झांकी सजाई गई है! हाजी राहत अली, जुल्फिकार कादरी, बबलू अंसारी, सलीम शाह , जुबेर नेता आदि ने तमाम अकीदतमंदो से शिरकत की गुजारिश की है! इसी प्रकार मुजावर मोहल्ले में भी कर्बला की झांकी हैदरै लंगर कमेटी के तत्वावधान में सजाई गई है!

**ज़मायते कादरी-** मुजावर मोहल्ला कादरी नगर में ज़मायते कादरी के तत्वाधान में सवारियों व मुजावरों एवं प्रशासनिक अधिकारीयों, समाज सेवीयों तथा प्रेस मीडिया के लोगों का इस्तक़बाल किया जाएगा। ज़मायते कादरी के वारिस कादरी, रोशन कादरी, हाफिज असद कर्बलाई, जवाहर कादरी, अफ़ज़ल कादरी, अशफ़ाक़ कादरी, सेवाज गामा, अरशद कादरी ने शिरकत की गुज़ारिश की है। शिया समुदाय - मुहर्रम की 7 तारीख को प्रात: काल से शिया समुदाय द्वारा जिक्र ए शहादतेन का सिलसिला शुरू हो जाएगा। प्रात: 10 बजे आनंद नगर स्थित दाउद अली के इमामबाड़े में मजलिस होगी। इसी प्रकार दोपहर 2 बजें तैयब अली चौक स्थित मरहूम बाबा जाफरी के इमामबाड़े में मजलिस होगी जिसमें मौलाना साहब अपनी तकरीर बयान करेंगे।

तकरीर उपरांत आलम जुलूस निकलेगा जिसमें नगर के शिया बंधु जंजीरों से दर्दनाक मातम करेंगे। जुलूस में सुजाआत रिज़वी, फ़ैज़ान रिज़वी, रानू रिज़वी, मुर्तजा नकवी, समसुल भाई, काजिम रिज़वी, नोहे पेश करेंगे। घंटाघर, बड़ी ओमती, गलगला होते हुए जुलूस शिया इमामबाड़े में पहुचेंगां जहां जुलूस का समापन होगा। रात्रि 8 बजे इमामबाड़े में मजलिस होगी जिसमें मौलाना जाबिर अंसारी साहब वाक्याते करबला के बयान करेंगे।

मुस्लिम इस्लाह कमेटी के हाजी कदीर सोनी, हाजी मक़बूल अहमद रज़वी, हाजी शेख जमील नियाज़ी, मतीन अंसारी, पप्पू वसीम खान, बाबा रिज़वान, जमा खान, हाजी मोईन खान, मतलूब अंसारी, प्यारे साहब, ताहिर खान, ज़ैदी बाबा, मुबारक अली कादरी, सैय्यद कादिर अली कादरी, अशरफ मंसूरी, एजाज उस्मानी,आदि ने मुहर्रम की 7 तारीख सफर की रात के मौके पर छोटी बजरिया गढ़ा से मदन महल दरगाह तक मार्ग में अतिरिक्त पुलिस बल, व्यवस्था करने की मांग की है। एवं पर्व को आपसी भाईचारे के साथ शालीनतापूर्वक मनाने की अपील की है।



## नूरानी सरकार का शाही सन्दल

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मोहर्रम की 7 तारीख को हिंदू मुस्लिम कौमी एकता के प्रतीक ज्योति नगर गढ़ा स्थित विक्की पहलवान के इमामबाड़े में नूरानी सरकार के शाही संदल का कार्यक्रम गुरूवार शाम 7 बजे से आयोजित किया गया है। बेड़े के मुकेश दुबे, सौरभ अवस्थी, पीयूष, अनवर खान, शमसेर ने जानकारी देते हुए बताया कि गाजीपीर शेरूद्दीन नुरूद्दीन हजरत सैययद नूरानी वली सरकार का शाही संदल हाजी इम्तियाज अली खान की सरपरस्ती में ज्योति नगर गढ़ा में गुरूवार शाम 7 बजे से आयोजित किया गया है। इस मौके पर ताजपोशी व फूलपोशी की जाएगी। बेड़े वालों ने सभी अकीदतमंदों से शामिल होने की अपील की है।

# सदगुरुओं को समर्पित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ



**जबलपुर, देशबन्धु।** गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर 1990 में गीताधाम गौरीघाट के उद्घाटन समय से पूज्य सद्गुरुओं को समर्पित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ प्रात: स्मरणीय महामंडलेश्वर महंत स्वामी रामचन्द्रदास शास्त्री के पावन संरक्षण में एवं पूज्य श्रीमद् जगतगुरु डॉ. स्वामी श्यामदेवाचार्य महाराज के पावन मुखारविंद से संपन्न होती रही है ,जो आज तक परंपरागत रूप से निरन्तर चल रही है। इस वर्ष भी गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर कल गुरुवार 03 से 09 जुलाई बुधवार तक गीताधाम गौरीघाट में अनंत विभूषित पूज्य जगतगुरु डॉ स्वामी नरसिंहदेवाचार्य महाराज के पावन मुखारविंद से पूज्य सद्गुरुओं को

उनकी सूक्ष्म उपस्थित में समर्पित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आयोजित किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 से 6.30 तक होगी। 10 जुलाई को श्री नृसिंह मंदिर तथा गीताधाम में गुरुपूर्णिमा महोत्सव, गुरुओं का पूजन अर्चन वंदन धूम धाम से मनाया जाएगा ।

सभी गुरु भाई बहिनों एवं श्रद्धालु भक्तों से अनुरोध है कथा के माध्यम से गुरुओं को अपनी भावांजलि, प्रनमांजलि, पुष्पांजलि अर्पित कर शुभाशीष प्राप्त कर अपने जीवन धन्य करें । गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रीमद् भागवत महापुराण में उपस्थिति का आग्रह नरसिंह मंदिर, गीताधाम परिवार, श्री सनातन धर्म महासभा जबलपुर ने किया है।

# स्किन केयर मार्केट में मिल रही वैरायटीज

**जबलपुर, देशबन्धु।** लुक के मामले में कॉम्प्रोमाइस ना करने वाली सिटी गर्ल्स और लेडीज मैट ब्यूटी कॉस्मेटिक्स का इस्तेमाल अधिक कर रहीं हैं। यह लुक खासतौर पर बारिश सीजन के लिए कैरी किया जा रहा है। कॉलेज गोइंग स्टूडेंट्स से लेकर ऑफिस वर्किंग प्रोफेशनल मैट फिनिश लुक पसंद कर रही हैं। बारिश में जहां यह बिखरता नहीं है, वहीं लंबे समय तक सेट रहता है। इसलिए मैट कॉस्मेटिक फॉर लॉन्ग लास्टिंग मेकअप लुक के ट्रेंड को सिटी गर्ल्स और लेडीज फॉलो कर रहीं हैं। लिक्विड ब्लश का क्रेज सिटी गर्ल्स का कहना है कि सीजन में उन्होंने मेकअप पैटर्न में कुछ बदलाव किए हैं। इसके चलते पावडर ब्लश की जगह जहां क्रीम ब्लश लगाया जा रहा है, वहीं हाइलाइटर पर ब्रेक दिया जा रहा है। **लिपस्टिक और काजल वॉटरप्रूफ-** मार्केट में तरह-तरह की कॉस्मेटिक आइटम्स बारिश को देखते हुए वॉटरप्रूफ रेंज में मिल रहे हैं। इनमें कॉम्पेक्ट, लिपस्टिक, काजल, क्रीम, ब्लश, मस्कारा, आईशेडो और आइलाइनर तक वॉटरप्रूफ फॉर्म में मिल रहे हैं।

# बारिश में पत्तेदार सब्जियों से करें परहेज

**जबलपुर, देशबन्धु।** मानसून में होम क्लीनिंग के साथ खुद की सेहत का ध्यान रखना भी जरूरी हो जाता है। क्योंकि जरा सी नमी फंगस बढ़ा देती है। इससे कई बीमारियां होने लगती है। एक्सपर्ट कहते हैं कि मौसम की हवा में नमी बढ़ने से फंगस और बैक्टीरिया तेजी से पनपते हैं। मौसम में पालक, हरी धनिया, चौराई और पत्तागोभी जैसी हरा पत्तेदार सब्जियों से बचना चाहिए। क्योंकि यह बारिश के पानी में अधिक संक्रमित होती हैं।

**स्ट्रीट फूड से बनाएं दूरी-** बारिश में दूषित पानी और खराब खानपान के कारण डायरिया, पेचिश, डेंगू, मलेरिया, कंजंक्टिवाइटिस, टाइफाइड, वायरल फीवर और निमोनिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। न्यूट्रीशियनिस्ट के अनुसार मौसम में स्ट्रीट फूड खाने से बचें, क्योंकि आसपास साफ-सफाई न होने, दूषित पानी और संक्रमित भोजन से फूड पॉइजनिंग और पेट के इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है।

**मेटाबॉलिक रेट हो जाती है स्लो-** मौसम



में नमी बढ़ने से शरीर का मेटाबॉलिक रेट स्लो हो जाता है। इससे भोजन पचने में ज्यादा समय लगता है। इसके कारण गैस, अपच, पेट दर्द, दस्त जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं। वायरल और बैक्टीरियल इंफेक्शन का खतरा भी बढ़ जाता है। कोल्ड ड्रिंक्स और आइसक्रीम जैसी ठंडी चीजें गले में इंफेक्शन का कारण बन सकती हैं। इस मौसम में शाम के समय सूप जरूर पिएं।

**डॉ. प्रीति गुप्ता, न्यूट्रिशनिस्ट**

**लौकी, तुरई और टिंडा खाएं-** होममेकर शिवानी जायसवाल ने बताया कि बारिश के मौसम में लौकी, तोरई, टिंडा, कद्दू, परवल और भिंडी जैसी सब्जियां खा सकते हैं। ये हल्की और आसानी से पचने वाली सब्जियां हैं। वहीं, गोभी, बैगन व पत्ते वाली सब्जियों में कीड़े व गंदगी जमा हो जाती है, इसलिए मौसम के मुताबिक सब्जियां ही चुनती हूं। शाम के समय गर्मा-गरम सूप जरूर बनाती हूं, क्योंकि यह सर्दी-जुकाम से बचाता है।

## ये अपना रहे फॉर्मूला

इम्यूनिटी मजबूत बनाने के लिए डाइट में तुलसी, अदरक, आंवला, मौसमी फल और शहद का चुनाव- किचन का स्लैब, चॉपिंग बोर्ड और कॉर्नर्स की सफाई करें ताकि बरसाती कीड़े ना हों। - नमी से बचने के लिए मसाले और दालें एयरटाइट कंटेनर में रखें। - फल-सब्जियों को गुनगुने पानी से अच्छी तरह धोकर ही इस्तेमाल करें। - जिन चीजों में नमी हो उसे बचा कर रखें। मैट फिनिश मेकअप व जेल कॉम्पेक्ट से स्किन कर रही है ग्लो

## मूवी की एंजॉय, बाहर खेले गेम्स



**जबलपुर, देशबन्धु।** माधवी महिला मंडल के तत्वावधान में मानसून सेलिब्रेशन और मूवी वॉचिंग प्रोग्राम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में लेडीज ने मूवी वॉचिंग के साथ आउटर गेम्स भी एंजॉय किया। इसके साथ ही फोटो और वीडियोज से रील्स तैयार की। आयोजन में किरण, बीना, ज्योति, अल्का, रश्मि, अनीता, उषा, शशि, आरती, रेखा, आशा, राजकुमारी, शेफाली, मनीषा, सुनीता, पूनम, सुनीता, राखी, ज्योति मौजूद रहीं।

## पौधरोपण कर लिया संरक्षण का संकल्प

**जबलपुर, देशबन्धु।** बाल कल्याण समिति के तत्वावधान में शासकीय बाल सुधार गृह रांझी में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष मनीष व्यास, सीमा सिंह चौहान, शासकीय बालगृह अधीक्षिका मौजूद रहीं।

## हुसैन लंगर कमेटी ऐलाने लंगर-ए-आम

**जबलपुर,देशबन्धु।** आप तमाम हजरात को ये इतिला दी जाती है कि बतारीख 7 मुहर्रमुल हराम, मुताबिक आज बरोज जुमेरात को लंगर-ए-आम का एहतमाम किया गया है। वक्त: दोपहर 12 बजे से बमुकाम : पुराना बस स्टैण्ड, राजीव गांधी मार्केट, टेम्पो हॉस्पिटल के सामने जबलपुर मिनजानिब हाजी अशरफ खान टेम्पो वाले, जाकिर भाई, शाकिर भाई, नासिर भाई, साबिर भाई, ताहिर भाई। आप तमाम हजरात से गुजारिश है कि लंगर में तशरीफ लाकर कमेटी को शुक्रिया का मौका इनायत फरमाए।

## डॉ. मोना को मिला राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार



**जबलपुर, देशबन्धु।** समाज सेवा, साहित्य एवं प्रबंधक के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य के लिए फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा लेखिका एवं समाजसेविका (डॉ.) मोना का चयन प्रतिष्ठित राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार 2025 के लिए किया गया है। यह पुरस्कार उन्हें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को नई दिल्ली स्थित एनडीएमसी कन्वेंशन सेन्टर में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया जाएगा।

## रिषभ जैन बने कलेक्ट्रेट के वित्त एवं पर्यटन विभाग के प्रमुख

**जबलपुर,देशबन्धु।** सीईओ हेमंत सिंह के सेवानिवृत्त होने के बाद वित्त एवं पर्यटन विभाग के लिए एक ऐसे सक्षम अधिकारी की तलाश थी जो पर्यटन के क्षेत्र को एक नई सोच के साथ आगे बढ़ा सके और यह तलाश रिषभ जैन पर जाकर समाप्त हुई जिसके कयास पहले से ही लगाए जा रहे थे और अंतत: कलेक्ट्रेट के वित्त एवं पर्यटन विभाग का पदभार रिषभ जैन को सौंप दिया गया।

## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 03 जुलाई 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। अषाढ़ शुक्ल पक्ष की अष्टमी नक्षत्र-हस्त।**

मेष - लंबी अवधि की आर्थिक योजना के लिए दिन अनुकूल है। आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से दिन लाभदायक होगा। शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा।

वृषभ - आज आपकी वाणी का जादू किसी को अभिभूत करके आपको लाभ दिलाएगा। वाणी की सौम्यता नए संबंध स्थापित करने में सहायक होगी।

मिथुन - मानसिक दुविधा के कारण महत्वपूर्ण निर्णय लेने में परेशानी होगी। विचारों की अधिकता के कारण मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। **क-334-660**

कर्क - तन-मन की ताज़गी के अनुभव के साथ घर में भी आनंद का वातावरण रहेगा। मित्रों तथा स्नेहीजनों के साथ मुलाकात होगी।

सिंह - आपका दिन मिश्रितफल देनेवाला रहेगा। किसी लंबी योजना में आप कन्फ्यूज हो सकते हैं। महत्वपूर्ण काम में मनोवांछित सफलता प्राप्त नहीं कर सकेंगे।

कन्या - आज के लाभदायक दिन आपकी वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। वाक्चातुर्य और मीठी वाणी से आप अच्छे और लाभप्रद संबंध विकसित कर सकेंगे।

तुला - आज असंयमित और अविचारी व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकता है। दुर्घटना से बचे रहें।

वृश्चिक - नौकरी- धंधे और व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्रों के साथ मुलाकात तथा प्रवास का आयोजन करेंगे। विवाहोत्सुक युवक- युवतियों के लिए शुभ संयोग निर्मित होगा।

धनु - आर्थिक और व्यापारिक आयोजन करने के लिए शुभ दिन है। कोई भी काम सफलतापूर्वक पूरा होगा। परोपकार की भावना आज बलवती रहेगी।

मकर - बौद्धिक कार्य या साहित्य लेखन जैसी प्रवृत्तियों के लिए आज अनुकूल दिन है। आपके व्यवसाय में नई विचारधारा आपके कार्यों को नया स्वरूप देगी।

कुंभ - आपको गलत काम और नकारात्मक विचारों से दूर रहने की सलाह दी जाती है। ज्यादा सोच-विचार करने से मानसिक रूप से परेशान रह सकते हैं।।

मीन - व्यापारियों को आगे बढ़ने के बहुत से अवसर मिलते रहेंगे। पार्टनरशिप के काम के लिए समय अच्छा है। कलाकार और साहित्यकार कुछ अच्छा रचने के काबिल रहेंगे। बड़े लोगों से सम्मान प्राप्त कर सकेंगे। **क-700-349**

1,6,4,9,13,65,46,93,59,02,55,61

# प्रांतीय स्तर से हुई पौधरोपण की शुरुआत



**जबलपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महिला परिषद लार्डगंज शाखा एवं सुप्रभात क्लब के संयुक्त तत्वावधान में प्रांतीय स्तर पर गोलबाजार में पौधरोपण किया गया। आयोजन में प्रांतीय प्रोजेक्ट जागृति से प्रगति, सद्भावना के सद प्रयास से सेवा के अंतर्गत पौधे लगाकर संरक्षण की जिम्मेदारी ली गई। इस दौरान आम, जामुन, नीम, पीपल के पौधे लगाए गए। आयोजन में प्रांतीय विशिष्ट अधिकारी सुषमा जैन, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. कुसुम जैन, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष विजयलक्ष्मी, प्रांतीय उपाध्यक्ष साधना बडकुल, निशा चौधरी, मीना राज, संभाग अध्यक्ष संध्या कौशल, संध्या जैन, प्रेमलता, चित्रा, प्रीति सिंघई, उषा सिंघई, कल्पना जैन, अध्यक्ष पूजा विद्यार्थी, सचिव मनीषा जैन, सुशीला नेता, डॉ. चित्रा जैन, चेलना संभाग अध्यक्ष सविता जैन, प्राची जैन, सुप्रभात क्लब गजेंद्र राठौर मौजूद थे। समारोह में डॉ. कुसुम जैन को लाइफ टाइम अचीवमेंट, डॉ. प्रियंका जैन, डॉ. संध्या जैन को डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में सम्मानित किया गया।

# वन यात्रा में साझा किए सरोकार के संस्मरण

**जबलपुर, देशबन्धु।** वन बंधु परिषद जबलपुर चेप्टर के तत्वावधान में बरेला ग्राम खमरिया में एकल विद्यालय भ्रमण एवं वन यात्रा सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ग्रुप एवं इनरव्हील क्लब के सदस्यों ने हिस्सा लिया। वन यात्रियों ने बच्चों को स्टेशनरी सामग्री, खेल सामग्री, भोजन सामग्री, मिठाइयां वितरित की गई। इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष मधु अग्रवाल, चार्टर्ड अकाउंटेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए कैलाश चंद्र अग्रवाल ने अतिथि भूमिका निभाई। इस मौके पर वनबन्धु परिषद महिला समिति की अध्यक्ष मनीषा दुबे, प्रणव अग्रवाल, सुकेश अग्रवाल, प्रद्युम्न गुप्ता, तरुण पारवानी, संचित अग्रवाल, मधु अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, मंजू घई,




रचना पोद्दार, शिल्पा गुप्ता, शालिनी अग्रवाल, ममता खत्री, नंदिनी अग्रवाल, बंटी अग्रवाल, पूनम तिवारी, मनीषा अग्रवाल, श्रद्धा चतुर्वेदी मौजूद रहीं।

# डॉ. वाई आर यादव का मुख्यमंत्री ने किया सम्मान



**जबलपुर, देशबन्धु।** चिकित्सा क्षेत्र में न सिर्फ शहर बल्कि विश्व में ख्यातिलब्ध डॉ. प्रो. वाई आर यादव की उपलब्धियों की लंबी सूची में डॉक्टर्स डे पर एक और उपलब्धि जुड़ गई। चिकित्सा क्षेत्र में डॉ. यादव के अनुकरणीय और अग्रणी योगदान के लिए प्रदेश शासन द्वारा सम्मानित किया गया, जिससे शहर के चिकित्सा जगत में एक और उपलब्धि जुड़ गई। प्रो. वाई.आर. यादव को डॉक्टर्स डे के अवसर पर गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला और प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा संदीप यादव द्वारा सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदेश के आठ प्रतिष्ठित डॉक्टरों को चिकित्सा के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय और अग्रणी योगदान के लिए प्रदान किया गया। प्रगतिशील चिकित्सा शिक्षक संघ, मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित यह सम्मान समारोह न्यूरो सर्जरी, न्यूरो एंडोस्कोपी, चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा में प्रो. यादव के उत्कृष्ट कार्य के लिए एक गौरवपूर्ण और यादगार थी। प्रो. यादव ने इस भव्य सम्मान के लिए आयोजकों को अपना हार्दिक धन्यवाद देते हुए नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के स्थायी समर्थन के लिए कृतज्ञतापूर्वक आभार व्यक्त किया हैं।

# किन्नर संत एवं मंगलामुखी किन्नर की छवि धूमिल करने की साजिश



**जबलपुर, देशबन्धु।** हिंदू टाइगर्स फोर्स के सदस्यों द्वारा किन्नर संत एवं मंगलामुखी किन्नर धूमिल करके खराब करने की साजिश रची जा रही है। इसकी शिकायत का ज्ञापन एसपी को दिया गया जिसमें किन्नर संत संतोषी माता जो कि खाटू श्याम आश्रम डुमना की संस्थापक है ने बताया मंगलामुखी किन्नर समाज के सभी धर्मगुरु शिष्य एक साथ एक मठ में रहकर, सांस्कृति परंपरा से कई पीढ़ियों से समाज में, शुभ कार्य, गृह प्रवेश, जन्म, विवाह यजमानों के घर जाकर गीत भजन नाच गाकर आशीर्वाद स्वरूप बधाई मांग कर जीवन यापन करते हैं, एवं किन्नर समाज में सभी जाति वर्ग के धर्म गुरु शिष्य रहते हैं।

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री संतोष रजक-** ग्रीन सिटी माढ़ोताल निवासी श्री संतोष रजक (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कृष्णा रत्नानी-** नारायण चौक द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री लक्ष्मण दास रत्नानी की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा रत्नानी (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**डॉ. गोपाल पोल-** सुधा विहार रामपुर निवासी डॉ. गोपाल पोल का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री महेंद्र सोनकर-** गोराबाजार केंट निवासी श्री महेंद्र सोनकर (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जुगल राव-** गढ़ा रानी दुर्गावती वार्ड निवासी श्री जुगल राव (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मोहन सिंह राजपूत-** नारायण चौक निवासी श्री मोहन सिंह राजपूत (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री टेकचंद केवट-** बादशाह हलवाई मंदिर के पास गौरीघाट रोड निवासी श्री टेकचंद केवट का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अक्षय पटेल-** दक्षिण मिलौनीगंल बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री मनोहर पटेल के पुत्र श्री अक्षय पटेल (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नीरज गणेश-** हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी महाराजपुर निवासी श्री नीरज गणेश (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुन्नालाल कुचबंधिया-** शीतलामाई कुचबंधिया मोहल्ला निवासी श्री मुन्नालाल कुचबंधिया का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री बेनी प्रसाद चौधरी-** सुशीला परिसर अमखेरा गोहलपुर निवासी श्री बेनी प्रसाद चौधरी (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हरीनाथ प्रजापति-** शीतलामाई ताड़ीखाना के पीछे निवासी श्री हरीनाथ प्रजापति (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

# जबलपुर एसटीएफ के हत्थे चढा गांजा तस्कर गिरोह

## उमरिया-मानपुर ताला में कार्यवाही, 120 किलों गांजा मय कार के जप्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** जबलपुर एसटीएफ ईकाई ने उमरिया मानपुर ताला के पास घेराबंदी कर बिना नंबर की डिजायर कार से गांजे की बड़ी खेप लेकर आ रहे तीन तस्करों को दबोचा है। जिनकी कार से पुलिस ने 120 किलों गांजा कीमती करीब दस से बारह लाख रुपये का बरामद किया है। पुलिस ने कार और गांजा जप्त करते हुए आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की।

एसटीएफ अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि मानपुर ताला की ओर से उमरिया तरफ से बिना नम्बर की सिल्बर कलर की स्विफ्ट डिजायर से कुछ लोग अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर उमरिया आने वाले है।

जिसके बाद एसटीएफ ने ताला वन विभाग के बैरियर पर घेराबंदी कर कार को रोका। जिसमें तीन व्यक्ति बैठे हुए थे। पूछताछ में कार चालक ने अपना नाम शिवम उर्फ इन्द्र बहादुर सिंह पिता प्रेम नारायण सिंह वैश्य उम्र 27 साल निवासी ग्राम व पोस्ट बरतरा थाना खैरहा तहसील बुढार जिला शहडोल बताया एवं कार में



सामने की सीट में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम करन सिंह पिता ध्रुव बहादुर सिंह चंदेल उम्र 30 साल निवासी सोहागपुर वार्ड नंबर 04, ख्वाजा नगर, बाणगंगा, सोहागपुर शहडोल एवं कार की पीछे की सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम प्रदीप कुमार पटैल पिता राजबली पटैल उम्र 34 साल निवासी ग्राम सिगुडी थाना मानपुर जिला उमरिया बताया । एसटीएफ की टीम द्वारा बिना नम्बर की स्विफ्ट डिजायर कार की तलाशी लेने पर 04 काले रंग की प्लास्टिक बोरी बरामद की गई, जिनमें गांजा भरा हुआ था। जो कि तौल करने पर 120 किलों पाया गया। आरोपियों को पकडने में एसटीएफ निरीक्षक गनेश सिंह ठाकुर, निरीक्षक निकिता शुक्ला, उप निरीक्षक मुनेन्द्र कौशिक, गोपाल विश्वकर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

# डंडे से हमला कर आधा दर्जन श्वान के बच्चों को मार डाला

**जबलपुर,देशबन्धु।** युवक ने शराब के नशे में आधा दर्जन श्वान के नवजात बच्चों की डंडा से हमला कर हत्या कर दी। एनिमल लव ऑफ ग्रुप के सदस्यों ने इस संबंध में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर



श्वानों के बच्चों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। अधारताल थाना प्रभारी प्रवीण कुमार कुमरे से प्राप्त जानकारी के अनुसार एनिमल लव ऑफ ग्रुप के सदस्यों ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी महाराजपुर निवासी राजेश दाहिया नामक युवक ने सोमवार 30 जून की रात को ए.बी किडिस स्कूल के पास डंडा से हमला कर श्वान के पांच बच्चों को मार डाला था। बच्चों के शव को नगर निगम के कर्मचारी उठाकर ले गये थे। युवक ने मंगलवार 1 जुलाई को भी एक श्वान के बच्चे पर डंडे से हमला कर उसे मार डाला था।

घटना की जानकारी मिलने पर ग्रुप के सदस्य पहुँचे तो युवक ने उनके साथ भी गाली गलौज की थी। ग्रुप के सदस्य मांग कर रहे थे कि नगर निगम से श्वान के बच्चों की रिक्वरी करते हुए उनका पोस्टमार्टम करवाया जाये। ग्रुप के सदस्य एक ष्वान के बच्चे के षव को अपने साथ लाये थे,जिसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 296 तथा 325 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# मॉं का इलाज कराने जा रहे बेटे पर चाकू से हमला

## तिलवारा क्षेत्र में वारदात

**जबलपुर,देशबन्धु।** तिलवारा थाना क्षेत्र निवासी रोहित यादव जब अपनी मॉं को कार से उपचार कराने के लिये लेकर जा रहे थे, तभी दो बदमाशों ने उनसे शराब पीने के लिये रुपयों की मांग करते हुए चाकू से हमला कर दिया। जिससे रोहित के दोनों पैरों की जांघ में गंभीर चोटे आई है।

पुलिस ने बताया कि शास्त्रीनगर इंद्रप्रस्थ कालोनी निवासी 27 वर्षीय रोहित यादव खेती किसानी करता है। बीती रात करीब साढ़े आठ बजे वह अपनी मॉं को इलाज कराने के लिये कार से लेकर जा रहा था। जैसे ही वह अपने घर से आगे बढ़ा उसी समय दो बदमाश पहुंचे और कार के सामने आकर गालीगलौज करते हुए शराब पीने के लिये रोहित से रुपयों की मांग करने लगे। रोहित के विरोध करने पर आरोपियों ने चाकू से हमला कर उसके दोनों पैरों की जांघ में चोट पहुंचा दी और मौके से फरार हो गये। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी शुरु कर दी है।

# शराब के लिये रुपये न देने पर हमला

## हनुमानताल और गोहलपुर में वारदात

**जबलपुर,देशबन्धु।** हनुमानताल और गोहलपुर में बदमाशों ने शराब पीने के लिये रुपये न देने पर जहां एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया तो वहीं गोहलपुर में एक युवक के साथ बेरहमीं से मारपीट की गई। दोनों मामलों की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर उन्हें जांच में लिया है।

हनुमानताल पुलिस ने बताया कि मंडी मदार टेकरी निवासी 50 वर्षीय अलीम कुरैशी बीती देररात कब्रिस्तान गेट नंबर-1 के पास खड़ा था। उसी समय इमरान कुरैशी पहुंचा और उससे शराब पीने के लिये तीन सौ रुपयों की मांग करने लगा। अलीम ने रुपये देने से मना किया तो इमरान ने चाकू से उस पर हमला कर दिया। जिससे अलीम के हाथ में गंभीर चोट आ गई। इसी प्रकार गोहलपुर पुलिस ने बताया कि अधारताल कंचनपुर निवासी 22 वर्षीय राज कुमार जक बीती रात अपने साथी हितेश उर्फ दीपांशु के साथ अपना मोबाईल सुधरवाकर चंडालभाटा रोड से वापस आ रहा था। गायत्री मंदिर के आगे सूर्या मलिक अपने साथी निखिल सेन और आशीष यादव के साथ मिला, जिसने राज और दीपांशु से शराब पीने के लिये दो हजार रुपयों की मांग की। उनके रुपये देने से मना करने पर तीनों आरोपियों ने राज व दीपांशु के साथ जमकर मारपीट की, जिससे दोनों को चोटे आ गई। दोनों मामलों की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर उन्हें विवेचना में लिया है।


# युवक को नाले में धकेला

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोहलपुर थाने में बधैया मोहल्ला निवासी 34 वर्षीय कृष्णकांत कोष्टा ने शिकायत दर्ज करायी। जिसमें उसने बताया कि वह बीती रात करीब ग्यारह बजे खाना खाने के बाद घर के सामने नाले के पास खड़े होकर फ्लाई ओवर का काम देख रहा था। उसी समय मोहल्ले का रवि बर्मन आया, जिसने बेवजह गालीगलौज करते हुए उसे नाले में धक्का दे दिया, जिससे उसके सिर में चोट आ गई। मयंक कोरी व सुमित ने उसे नाले से बाहर निकाला, जिसके बाद रवि जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# काम के दौरान करंट की चपेट में आने से मजदूर की मौत

## गोराबाजार के बिलहरी की घटना

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोराबाजार थाना क्षेत्रातंर्गत बिलहरी बजरंग नगर स्थित एक घर में मजदूरी करने गये युवक की करंट के चपेट में आने से मौत हो गई, वहीं एक अन्य भी झुलस गया, जिसका उपचार जारी है।



पुलिस को कपिल सोनी उम्र 24 वर्ष निवासी लखराम मोहल्लाा खितौला ने बताया कि वह मुनीमी का काम सिहोरा में करता है। बीते दिवस उसके फूफा सुभाष सोनी एवं गोविन्द कोल मजदूरी करने बजरंग कालोनी बिलहरी गोराबजार निन्दर कौर के यहां गये थे। दोनों घर के ऊपर सीट पर त्रिपाल बिछा रहे थे। छत से पाईप लोहे का उठाकर नीचे रखते समय ऊपर उठ गया, जो बिजली के तार से छू जाने से करंट लग गया। जिन्हें उपचार हेतु विक्टोरिया अस्पताल लेकर गये। जहां डाक्टर ने चौक सुभाष सोनी उम्र 40 वर्ष निवासी लखराम मोहल्ला खितौला को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

# सॉफ्टवेयर इंजी. सहित दो अन्य घरों में चोरों का धावा

**जबलपुर,देशबन्धु।** गोराबाजार के तिलहरी क्षेत्र में जहां अज्ञात चोर साफ्टवेयर इंजीनियर के सूने घर का ताला तोड़कर लाखों का माल ले उड़े, तो वहीं संजीवनी नगर और गोहलपुर के दो घरों का ताला तोड़कर भी अज्ञात चोरों ने जेवर और नगदी साफ कर दी। तीनों मामलों की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर उन्हें विवेचना में लिया है।

गोराबाजार पुलिस ने बताया कि तिलहरी टाउनशिप निवासी 30 वर्षीय सुहंस कुमार देव बैंगलोर एक निजी कंपनी में साफ्टवेयर इंजीनियर है। विगत 7 जून को उसके पिता राजेन्द्र प्रसाद, मॉं बबीता प्रसाद व बहन सुसुमना घर में ताला लगाकर दिल्ली चले गये थे। बीते दिवस जब वह अपने घर वापस आया तो उसने देखा कि मेन गेट का ताला टूटा था, दरवाजा खुला था। अंदर जाकर देखा सामान अस्त व्यस्त था। दोनों आलमारी के लाकर टूटे हुये थे। जिनमें रखे सोने चांदी के जेवर तथा नगदी लगभग 2 लाख 50 हजार रूपये गायब थे। इसके अलावा ऊपर वाले कमरे की लकड़ी की आलमारी भी खुली थी, जिसमे रखे सोने-चांदी के जेवर और नगदी



### गोराबाजार, संजीवनीनगर व गोहलपुर में वारदात, लाखों का माल चोरी

भी गायब थी। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

### नगदी चुरा ले गये चोर

इसी प्रकार संजीवनी नगर थाने में शाही तालाब के समीप रहने वाली 50 वर्षीय मनीषा तिवारी ने शिकायत दर्ज करायी कि उसके पति और बच्चें बाहर रहकर जॉब करते है वह घर पर अकेली रहती है। 30 जून की रात वह खाना खाकर सो गई थी, उसके दूसरे दिन शाम को जब बच्चों के कमरे में जाकर देखा तो दरवाजा अंदर से बंद था। उसने दूसरे दरवाजे से जाकर देखा तो अंदर पूरा सामान अस्त व्यस्त पड़ा था। खिड़की की ग्रिल टूटी हुई थी, आलमारी में रखे चालीस हजार रुपये की नगदी गायब थी। फ्रिज, गैस चूल्हा, सिलेण्डर सहित अन्य सामग्री चुरा ले गये चोर-इसी प्रकार मिलौनीगंज धोबी चौराहा निवासी 53 वर्षीय गोपाल रजक 25 जून की शाम छह बजे अपने घर में ताला लगाकर सपरिवार अपनी बहन दुर्गेश रजक के साथ ग्वारीघाट नर्मदा नगर चले गये थे। उसके दूसरे दिन 26 जून की सुबह जब वापस लौटे तो उनके घर के कमरों के ताले टूटे हुए थे। घर में रखा फ्रिज, गैस चूल्हा एवं गैस सिलेण्डर, मिक्सी, रेडियो मशीन, बर्तन एवं कपड़े गायब थे। जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। तीनों मामलों की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर उन्हें विवेचना में लिया है।

# पुरानी रंजिश पर साले-जीजा पर हमला

## संजीवनी नगर के परसवाड़ा क्षेत्र की घटना

**जबलपुर,देशबन्धु।** संजीवनी नगर थाना क्षेत्रातंर्गत परसवाड़ा में दो बदमाशों ने पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक और जीजा पर किसी नुकीली चीज से हमला कर उन्हें लहूलुहान कर दिया। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि परसवाड़ा रजिस्ट्री आफिस के समीप रहने वाला 24 वर्षीय यशवंत पटैल बीती रात लगभग 11-50 बजे अपने घर के बाहर खड़ा था। उसी समय अर्जुन गोटिया और रूपम बर्मन आकर उससे पुरानी बुराई को लेकर गाली गलौज करने लगे। उसने गालियां देने से मना किया तो दोनों उसके साथ हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगे। अर्जुन गोटिया ने किसी नुकीली चीज से हमलाकर दाहिने भुजा में चोट पहुँचा दी। यशवंत का जीजा अंकित ठाकुर, श्रेयांश पटैल, ललित कहार बीच बचाव करने लगे तो रूपम बर्मन ने किसी नुकीली चीज से हमलाकर उसके जीजा अंकित ठाकुर के दाहिने हाथ में चोट पहुँचा दी तथा दोनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# बाईक से गिरकर वृद्धा की मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** भेड़ाघाट थाना क्षेत्रातंर्गत मोटर साइकिल से गिरी देवी सुरैया निवासी 63 वर्षीय शांति बाई की उपचार दौरान मेडिकल अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि लालमाटी द्वारका नगर निवासी जगदीश रैकवार ने सूचना दी कि बीती शाम उसे राहुल रैकवार ने फोन पर बताया कि दोपहर तीन बजे उसकी मॉं शांतिबाई छेड़ी बरौदा से अपने घर देवी सुरैया आ रहीं थी, जो कि मोटर साइकिल से गिर गई। जिन्हें उपचार के लिये मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उपचार दौरान उनकी मौत हो गई।

# अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर,देशबन्धु।** पनागर पुलिस ने ज्योति टाकीज के पास से एक आरोपी को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सतीश राय उम 55 वर्ष निवासी टाकीज के सामने पनागर बताया। जिसके कब्जे में रखी बोरी एवं थैले को चौक करने पर कुल 97 पाव देशी शराब कीमती लगभग 9 हजार 230 रूपये की रखी मिली। जिसे जप्त करते हुये आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

# युवती ने घर में लगाई फांसी, मौत

**जबलपुर,देशबन्धु।** बरेला के गौर पुलिस चौकी क्षेत्रातंर्गत ग्राम परसवाड़ा में 22 वर्षीय निशा पटेल ने अपने घर में सा?ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। युवती ने उक्त आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इसका अब तक पता नहीं चल सका है। कमलेश पटेल द्वारा दी गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

# तीन अधिकारियों पर अवमानना की कार्यवाही के निर्देश

## पूर्व आदेश के पालन न करने पर कोर्ट सख्त

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट ने अनुविभागीय अधिकारी मऊगंज बीपी पाण्डेय सीईओ जनपद पंचायत मऊगंज राम कुशल मिश्रा और बीआरसीसी शिव कुमार रजक के खिलाफ अवमानना कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिये। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने हाईकोर्ट रजिस्ट्री को तीनों अधिकारियों के खिलाफ पृथक से अवमानना याचिका दाखिल करने के निर्देश दिये है। पूर्व आदेश के पालन में बुधवार को तीनों अधिकारी हाजिर हुए और कोर्ट से बिना शर्त माफी भी मांगी।

दरअसल हाईकोर्ट ने पूर्व में दायर एक याचिका पर निर्देश दिए थे नए सिरे से तीन सदस्यीय कमेटी बनाकर जांच करें। इसमें स्व सहायता समूह को सुनवाई का अवसर भी प्रदान करें। अधिकारियों के जवाब का अवलोकन करने पर कोर्ट ने पाया कि उन्होंने पहले के दस्तावेज पेश कर दिए हैं। हलफनामा में तीन सदस्यीय कमेटी की जांच रिपोर्ट भी संलग्न नहीं है। रीवा के मऊगंज की अंजू स्व सहायता समूह खुटहा ने एसडीओं के उस आदेश को चुनौती दी थी। जिसमें याचिकाकर्ता का मध्यान्ह भोजन आपूर्ति का ठेका निरस्त कर दिया था। हाईकोर्ट ने कहा था कि पॉलिसी के अनुसार एसडीओं की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी नए सिरे से जांच करे और नए सिरे से आदेश जारी करें। ऐसा नहीं होने पर याचिकाकर्ता ने दोबारा याचिका दायर की थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

## सिर में डंडे से मारने से हुई थी हत्या

### गैर इरादतन हत्या के तहत दोषी करार दिया जाना सही

**जबलपुर,देशबन्धु।** गैर इरादतन हत्या के तहत आठ साल की सजा से दंडित किये जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दायर की थी। हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल तथा जस्टिस ए के सिंह की युगलपीठ ने ट्रायल कोर्ट द्वारा दी गयी सजा की पुष्टि करते हुए अपील को खारिज कर दिया। पन्ना निवासी विक्रम सिंह यादव की तरफ से दायर की गयी अपील में कहा गया था कि ट्रायल कोर्ट द्वारा उसे गैर इरादतन हत्या के आरोप में नवम्बर 2023 को आठ साल की सजा से दंडित किया था। ट्रायल कोर्ट सहआरोपी को दोषमुक्त कर दिया गया था। जिसके खिलाफ पीड़ित पक्ष ने हाईकोर्ट में अपील दायर की थी। अपील में कहा गया था कि आवेश में आकर रामसुजान के सिर पर लाठी से हमला कर दिया था। पीडित रामसुजान पैदल अस्पताल गया था और वापस भी लौटा था और दूसरे दिन उसकी मौत हो गयी थी।

पुलिस ने उसके तथा सह आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया था। ट्रायल न्यायालय ने गैर इरादतन हत्या के अपराध में उक्त सजा से दंडित किया था। अपीलकर्ता की तरफ से तर्क दिया गया कि चोट साधारण थीं और उसे बात का कोई ज्ञान नहीं था कि उसके कृत्य से मृत्यु हो जाएगी। अपीलकर्ता का प्रथम अपराध है,इसलिए नरमी बरती जानी चाहिए। सरकार की तरफ से युगलपीठ को बताया गया कि अपीलकर्ता के कब्जे से जब्त किये गये डंडे में एफ.एस.एल. रिपोर्ट के




अनुसार मानव रक्त पाया गया है। युगलपीठ ने अपने आदेष में कहा है कि अपीलकर्ता ने शरीर के महत्वपूर्ण भाग अर्थात सिर पर डंडे से प्रहार किया गया था, जो कठोर तथा कुंद वस्तु है। अपीलकर्ता को इसका ज्ञान नहीं था कि उसके कृत्य से किसी मृत्यु हो सकती है। ट्रायल कोर्ट ने अपीलकर्ता को आईपीसी की धारा 304 भाग 2 के तहत दोषी ठहराते हुए उक्त सजा से दंडित करने में कोई गलती नहीं की है। युगलपीठ ने उक्त आदेष के साथ याचिका को खारिज कर दिया।

## एकलव्य विद्यालय की शिक्षिका के तबादले पर रोक

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय नरई नाला जबलपुर में पदस्थ माध्यमिक शिक्षक नेहा जैन के स्थानांतरण पर रोक लगा दी। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने अगली सुनवाई तक राज्य शासन को जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। जबलपुर निवासी नेहा जैन की ओर से अधिवक्ता वंदना त्रिपाठी ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता का चयन विशेष रूप से एकलव्य विद्यालय में पदस्थापना के लिए हुआ था। शासन द्वारा उन्हें एक गैर-एकलव्य संस्था शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मंडला में स्थानांतरित कर दिया गया है, जो नीति के विरुद्ध है। उन्होंने बताया कि 17 फरवरी 2025 के विभागीय परिपत्र के तहत याचिकाकर्ता से स्थान चयन हेतु पांच विकल्प लिए गए थे। जिनमें मंडला के दो विद्यालय भी शामिल थे, परंतु उन्हें किसी भी विकल्प वाले विद्यालय में स्थानांतरित नहीं किया गया।

## हत्याकांड में तीन को आजीवन कारावास

**जबलपुर,देशबन्धु।** अपर सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार सहलाम की अदालत ने हत्या के आरोपी खमरिया निवासी विपिन बेन, तपन बेन व प्रताप वाल्मीक का दोषी करार दिया है। अदालत ने तीनों आरोपियों को आजीवन कारावास व दस-दस हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक सुशील कुमार सोनी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि आरोपियों ने 19 मई 2023 को एकराय होकर गोपाल की हत्या कर दी थी। कैलाशधाम के समीप लाश फेंककर भाग गए थे। हत्या सिर पर पत्थर पटक कर की गई थी। हत्या की वजह पुरानी रंजिश थी। आरोपी मौके की फिराक में थे। मौका मिलते ही वारदात को अंजाम दे दिया। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। मामले के विचारण के दौरान पेश किये गये गवाह व साक्ष्यों को मद्देनजर रखते हुए अदालत ने तीनों आरोपियों को उक्त सजा सुनाई।

## हिंदी भाषी प्रांतों के निवासियों को परेशान न किया जाये

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट व जिला बार एसोसिएशन, जबलपुर ने संयुक्त रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र भेजा है। इसके जरिए हिंदी भाषी प्रांतों के निवासियों से मारपीट रोकने व हिंदी भाषा का प्रयोग बाधित न करने की मांग की गई है। हाईकोर्ट बार अध्यक्ष धन्य कुमार जैन, सचिव परितोष त्रिवेदी, जिला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा, सचिव ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि पत्र कलेक्टर के माध्यम से भेजा गया है। जिसमें साफ किया गया है कि हिंदी भाषा भारत का गौरव है। इसलिए हिंदी बोलने वालों के साथ किसी भी राज्य में अत्याचार अनुचित है। यह एक तरह से देश का अपमान है। इससे देश की एकता व अखंडता को खतरा पैदा हो सकता है। लिहाजा, समय रहते इस तरह की हरकतों पर ठोस अंकुश सुनिश्चित किया जाए। ऐसा न होने पर अधिवक्ता समुदाय अपने स्तर पर प्रतिकार करेगा। दक्षिण भारत के राज्यों में उत्तर भारतीयों के साथ भेदभाव भी अनुचित है। इस पर भी विराम लगाया जाना चाहिए। इस तरह भारतवासियों के बीच फैलता वैमनस्य खतरनाक है। लिहाजा, केंद्र व राज्य सरकारें अपनी जिम्मेदारी समझें। हाईकोर्ट व जिला बार की संयुक्त बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर पत्र तैयार किया गया है।

## स्कूल परिसर व खेल मैदान में अतिक्रमण पर कोर्ट सख्त

### अनावेदकों को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

**जबलपुर,देशबन्धु।** सीधी जिले की मझौली तहसील अंतर्गत ग्राम मझगवां के माध्यमिक शाला परिसर व खेल मैदान में अतिक्रमण किये जाने को हाईकोर्ट ने सख्ती से लिया। एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने मामले में अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है। युगलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 4 अगस्त को निर्धारित की है। यह जनहित का मामला सीधी जिले के मझगवां ग्राम पंचायत के सरपंच सुजय सिंह की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने पक्ष रखा। आवेदन की ओर से कहा गया कि ग्राम में स्थित शासकीय माध्यमिक शाला की बाउंड्रीवाल व खेल मैदान पर अनावेदकों ने निर्माण कार्य कर अतिक्रमण कर रखा है। जिससे स्कूल के बच्चों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उक्त मामले की शिकायत जिम्मेदार अधिकारियों से की गई, लेकिन नतीजा सिफर रहा, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई है। मामले में मप्र शासन के सचिव, कलेक्टर सीधी, एसडीओ व एडिशनल तहसीलदार मझौली सहित अनावेदक छब्बीलाल साहू, बालमुकुंद साहू, भरत साहू, राजकुमार नामदेव व प्रेमलाल साहू को पक्षकार बनाया गया है। मामले की प्रारंभिक सुनवाई पश्चात न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

# गांधीग्राम-धमकी-बेला मार्ग कीचड़ में तब्दील, आवागमन मुश्किल

**गांधीग्राम,देशबन्धु।** गांधीग्राम से मझगवां को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण गांधीग्राम-धमकी-बेला प्रधानमंत्री ग्राम सड़क मार्ग इन दिनों ग्रामीणों, राहगीरों और छात्र-छात्राओं के लिए बड़ी मुसीबत बन गया है। वर्तमान बरसात में स्थिति और अधिक जटिल हो गई है। लगभग एक किलोमीटर का यह मार्ग ब्लू डस्ट के दलदल और कीचड़ में तब्दील हो चुका है, जिससे आवागमन पूरी तरह से बाधित है। ग्रामीणों को जबलपुर पहुंचने के लिए अब करीब 4 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाकर सिलुआ, टिकरिया, बरनू, गांधीग्राम के रास्ते जाना पड़ रहा है, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी हो रही है।

**ब्लू डस्ट की मोटी परत, दुर्घटना का खतरा**-गांधीग्राम-धमकी मार्ग पर ब्लू डस्ट की लगभग 2 इंच मोटी परत जम गई है। जानकारी के अनुसार, गांधीग्राम स्थित माइंस से धमकी, बम्होरी, गांधीग्राम होते हुए ब्लू डस्ट का भारी मात्रा में परिवहन डंपरों, हाईवा और ट्रकों में होता है। इन वाहनों से टपकने वाली गीली ब्लू डस्ट पूरे मार्ग पर फैल जाती है, जिससे सड़क दलदल में बदल गई है। इस



दलदल के कारण दोपहिया वाहन चालक और स्कूली बच्चे आए दिन फिसलकर गिर रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है। सबसे अधिक समस्या नियमित रूप से गांधीग्राम शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल आने वाले छात्र छात्राओं की है जिनकी साईकिल इसी कीचड़ युक्त मार्ग में गिर जाती हैं जिससे उनके कपड़े खराब हो जाते हैं।

रात में नरक का रास्ता बन जाता है मार्ग-

ग्रामीणों का कहना है कि रात के अंधेरे में यह मार्ग नरक के रास्ते से कम नहीं लगता। अंधेरे में ब्लू डस्ट का दलदल और भी खतरनाक हो जाता है, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा, ब्लू डस्ट ढोने वाले भारी वाहनों की लंबी कतारें भी सड़क पर लगी रहती हैं, जिससे आवागमन और भी बाधित होता है।

### ग्रामीणों ने की शीघ्र सुधार की मांग

धमकी, बम्होरी, बेला, बेली, बड़खेरी सहित आसपास के कई गांवों के लोग और छात्र-छात्राएं प्रतिदिन इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। पूर्व उपसरपंच रामू कोल, पूर्व पंच बेड़ी लाल कोल, एस. कुमार यादव, अभय चौरसिया, बलराम पटेल, कमलेश पटेल, रतीलाल भूमिया, विजय पटेल सहित ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से तत्काल इस समस्या का समाधान करने की मांग की है। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क मार्ग से ब्लू डस्ट के दलदल को तुरंत हटाने और रात में सड़क पर खड़े रहने वाले भारी वाहनों को हटाने का आग्रह किया है, ताकि यातायात नियमित और सुचारू रूप से संचालित हो सके। यह मार्ग इन क्षेत्रों के लिए जीवनरेखा के समान है और इसका जल्द से जल्द दुरुस्त होना अति आवश्यक है।

# उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

**सिहोरा, देशबन्धु।** बुधवार को जनपद सभागार कक्ष में राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा आयोजित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत संकुल स्तरीय नोडल अधिकारियों के लिए एक महत्वपूर्ण जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जन-जन को साक्षर बनाने के संकल्प को पूरा करना है।



प्रशिक्षण में जिला स्तरीय प्रशिक्षण टीम से श्रीमती अंजलि सेलिट, जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी, जबलपुर, जनपद पंचायत सीईओ टीबी सिंह, विकास खंड शिक्षा अधिकारी, मझौली, अतुल चौधरी और बीआरसी बृजकिशोर गर्ग उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त, दीपक पटेल, जिला सह समन्वयक, केशव दुबे, बीआरसीसी ग्रामीण; डाइट व्याख्याता; नगर 01 विकास खंड सह समन्वयक, जबलपुर, जगत पटेल, नगर 02, जबलपुर; नेतराम झरिया, कुंडम, श्याम राव मंडलेकर, सिहोरा, विनोद पटेल, पनागर बिंदु गुप्ता, शहपुरा और भास्कर गुप्ता, पाटन, बीएसी अरविन्द चौबे सहित सभी संकुल सह समन्वयक और नोडल अधिकारी तथा सभी विकास खंड सह समन्वयक, जिला जबलपुर ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से सभी प्रतिभागियों ने मिलकर जिले को पूर्ण साक्षर बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## सार-समाचार



### सिहोरा सर्वोदय ब्राह्मण समाज की वार्षिक आम बैठक आयोजित

**सिहोरा, देशबन्धु।** सर्वोदय ब्राह्मण समाज सिहोरा की वार्षिक आम बैठक हरिओम कैफे में सुबोध पांडे एडवोकेट की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

बैठक में पिछले वर्ष की आय-व्यय का अनुमोदन किया गया और आगामी वर्ष के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों पर चर्चा हुई। इन कार्यों में बाबाताल मुक्ति धाम में मरम्मत व सुधार कार्य, विप्र बच्चों को नोटबुक वितरण, और संस्था के कार्यालय की मरम्मत कराना शामिल था। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य सदस्यों में सुबोध पाण्डेय (अध्यक्ष), रामदत्त मिश्रा (कोषाध्यक्ष), राजेश कुररिया (अध्यक्ष), जयप्रकाश तिवारी (महामंत्री), विष्णुदत्त गौतम (संरक्षक), मिथिलेश शुक्ला, सुरेंद्र मिश्रा, के.के. कुररिया, जगदीश प्यासी, रामप्रताप उपाध्याय (मुन्ना भैया), सुरेन्द्र शुक्ला, रवि मिश्रा, अर्जुन गर्ग, सतीश तिवारी, अमित कुररिया, संतोष उरमलिया, शीतल दुबे, नवनीत शुक्ला, विजय दुबे, जितेंद्र तिवारी, डब्बू पाठक, योगेंद्र मिश्रा, ज्ञान प्रकाश बडगैया, अशु परोहा, यक्ष दत्त दुबे, घनश्याम बड़गैया, बालमुकुंद चौबे, और रामस्नेही चौबे (मूनी) शामिल थे।

### ई-अटेंडेंस आदेश निरस्त करने की मांग शिक्षकों में रोष : मप्र कर्मचारी कांग्रेस

**गांधीग्राम,देशबन्धु।** मध्यप्रदेश कर्मचारी कांग्रेस ने स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी ई-अटेंडेंस के आदेश को अव्यवहारिक बताते हुए इसे तत्काल निरस्त करने की मांग की है। संगठन के प्रांतीय महामंत्री रजनीश पटेल ने बताया कि संरक्षक वीरेंद्र खोंगल एवं प्रांतीय अध्यक्ष सुरेंद्र निगम ने मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपकर इस आदेश को शिक्षकों के सम्मान के विरुद्ध और भेदभावपूर्ण बताया है।

रजनीश पटेल ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षकों पर ई-अटेंडेंस थोपना अनुचित है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अधिकांश शासकीय स्कूल दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं, जहाँ नेटवर्क की समस्या बनी रहती है। इसके अतिरिक्त, शिक्षकों को शिक्षण कार्य के अलावा कई अन्य शासकीय कार्य भी करने पड़ते हैं, ऐसे में ई-अटेंडेंस अनिवार्य करना न्यायसंगत नहीं है। कर्मचारी नेता वीरेंद्र खोंगल, सुरेंद्र निगम, रजनीश पटेल और प्रवीण कुमार सोनी ने सरकार से इस आदेश को तुरंत वापस लेने की मांग की है। उन्होंने अपील की है कि शिक्षकों के सम्मान में इस आदेश का विरोध और बहिष्कार किया जाए।

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता समाजसेवी पत्रकार राजेन्द्र बंधु को दी बधाई

**शहपुरा, देशबन्धु।** कांग्रेस सेवा दल ग्रामीण जिला जबलपुर के महामंत्री राजेंद्र बंधु के जन्मदिन पर कांग्रेस परिवार की ओर से कांग्रेस नेता डॉ नीलेश जैन, सुमन कुमार जैन, सरदार दलवीर सिंह जस्सल, साकिर कुरैशी, ताहिर खोकर, अशरफ मंसूरी जस्सल राजकुमार जैन मामाजी, संजय वर्मा, नेकराम पटेल, प्रमोद शुक्ला सुखेंद्र सिंह लोधी, संजय जैन, किपी संजय जैन प्रभु, डॉक्टर चंद्रेश जैन, डॉक्टर महेंद्र जैन, अमित जैन, युवा निर्मल चंद जैन, अतुल जोसेफ, मार्को बाबा, नरेश साहू, सुभाष पटेल, हाजी हामिद खान, मोहम्मद असलम, डॉक्टर अलीम मंसूरी, मकसूद मंसूरी, अब्दुल रहमान मलिक, अभिमन्यु शर्मा, दिलावर खान रिंकू कुशवाहा, सुखेंद्र लोधी, शफी खान, अनुराग शुक्ला, ऐश्वर्य ठाकुर, युग लोधी, अरविंद पंडा, सौरभ विश्वकर्मा आदि की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

### कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के केंद्रीय पर्यवेक्षक से की मुलाकात



**जबलपुर, देशबन्धु।** कांग्रेस संगठन सृजन अभियान के केंद्रीय पर्यवेक्षक जबलपुर प्रभारी गुरदीप सिंह सप्पल, अजय सिंह राहुल, विधायक आरके दोगने व पुष्पराज पटेल से मुलाकात कर संगठन से संबंधित चर्चा कर अपने विचार रखे।

# जमीन में कब्जे को लेकर लहराई तलवार

**रीवा देशबन्धु।** जमीन में कब्जा करने पहुंचे दबंगों ने तलवार लहराते हुए ग्रामीणों को धमकाने का प्रयास किया है। दबंगों द्वारा तलवार लहराते का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है जिसमें वह ग्रामीणों को धमकाते नजर आ रहे हैं। मामला सेमरिया तहसील के भमरा गांव का है जहां शासकीय जमीन पर कब्जा करने पहुंचे दबंगों ने हंगामा खड़ा कर दिया। आरोप है कि शंकर मिश्रा व मन्नू पांडे ट्रैक्टर लेकर जमीन की जुताई करने पहुंचे थे और जब स्थानीय लोगों ने विरोध किया तो मन्नू पांडे ने तलवार निकाल ली और लोगों को धमकाने लगा। फिलहाल घटना का वीडियो भी वायरल हो रहा है जिसमें आरोपी तलवार लहराते हुए दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि जिस जमीन पर कब्जे की कोशिश की जा रही थी, वह एक शासकीय भूमि है और गांव के लोगों का निस्तार भी उसी से होता है। फिलहाल स्थानीय लोगों की शिकायत और वीडियो सामने आने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की है। सेमरिया थाना प्रभारी विकास कपीस ने बताया है कि वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल दोनों आरोपी फरार है और पुलिस उनकी तलाश करने में जुटी हुई है।



# भाजपा के संभागीय कार्यालय में 11 को बजाएंगे घंटा शंख और थाली

**सिहोरा,देशबन्धु।** सिहोरा के स्थानीय नेताओं के घर प्रदर्शन करने के बाद लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने सिहोरा जिला के लिए आंदोलन के द्वितीय चरण की घोषणा कर दी है। अब 11 जुलाई को सिहोरा वासी भाजपा के संभागीय कार्यालय जबलपुर के समक्ष शंख,घंटा और ताली बजाकर पूछेंगे कि भाजपा के द्वारा सिहोरा को जिला बनाने का जो वादा किया गया था वह कब पूरा होगा?

**पोस्टर से पाट देंगे संभागीय कार्यालय -** लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के अनिल जैन, कृष्ण कुमार कुररिया, विकास दुबे, सुशील जैन ने कहा कि 11 जुलाई को संभागीय कार्यालय के समक्ष दोपहर 12:00 बजे से 1:00 बजे तक लगातार प्रदर्शन किया जाएगा ।इस दौरान भाजपा के जिन दिग्गज नेताओं ने सिहोरा को जिला बनाने की सार्वजनिक घोषणाएं की है उनकी घोषणाओं के पोस्टर से भाजपा कार्यालय की दीवार को पाट दिया जाएगा।

**पहले चरण में मिला था भरपूर समर्थन -** सिहोरा जिला के आंदोलन के प्रथम चरण में समिति ने 20 मई से 4 जून तक सिहोरा के प्रत्येक भाजपा नेता के घर के समक्ष शंख, घंटा और ताली बजाकर प्रदर्शन किया था। इस प्रदर्शन के बाद 6 जून को सिहोरा के बस स्टैंड में सिहोरा जिला की मांग को लेकर विशाल धरना प्रदर्शन भी आयोजित हुआ था।आंदोलन के इस चरण में सिहोरा वासियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया था।अब समिति ने आंदोलन के द्वितीय चरण में अपना प्रदर्शन भाजपा के संभागीय कार्यालय जबलपुर की ओर कर दिया है ।समिति के मानस तिवारी,संतोष पांडे,अमित बक्शी,नंदू परोहा,प्रदीप दुबे ने घोषणा की है कि आंदोलन के तृतीय चरण में भोपाल में भाजपा प्रदेश कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया जाएगा।




### सिहोरा जिला आंदोलन का द्वितीय चरण घोषित

# दूसरे दिन भी ई अटेंडेंस सिस्टम फेल

### शिक्षकों के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार, शिक्षक नाराज

गांधीग्राम,देशबन्धु। मध्य प्रदेश में शिक्षकों की ई-अटेंडेंस व्यवस्था लगातार दूसरे दिन भी ठप रही, जिससे शिक्षकों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं. हमारे शिक्षक ऐप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने का यह सिस्टम अपने पहले ही दिन फेल हो गया था, और यह समस्या आज भी जारी है. तकनीकी खामियों के चलते शिक्षक अपनी डिजिटल हाजिरी दर्ज नहीं करा पा रहे हैं, जिससे उनमें भारी निराशा है।

मध्य प्रदेश शिक्षा विभाग द्वारा लागू की गई ई-अटेंडेंस प्रणाली 1 जुलाई को अपने पहले दिन ही पूरी तरह से विफल हो गई थी, और 2 जुलाई को भी शिक्षकों को ऐप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करने में लगातार परेशानी का सामना करना पड़ा. गांधीग्राम और बुढ़ागर जैसे क्षेत्रों के शिक्षकों को हमारे शिक्षक ऐप पर लगातार वेब पेज उपलब्ध नहीं और नेट जैसी त्रुटियां मिल रही हैं. इस तकनीकी विफलता ने सरकार की नई व्यवस्था की तैयारियों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं.

**तकनीकी खामी बनी सिरदर्द-** विकासखंड सिहोरा के कई सरकारी स्कूलों में सुबह 10 बजे तक, जब शिक्षकों को अपनी उपस्थिति दर्ज करनी थी, तो अधिकांश शिक्षक विद्यालयों में उपस्थित थे. हालांकि, ऐप के माध्यम से हाजिरी लगाने की कोशिश करने पर उन्हें पर वेब पेज अनुपलब्ध होने की सूचना मिली. यह अप्रत्याशित तकनीकी विफलता लगातार दूसरे दिन भी जारी रही, जिससे शिक्षकों को वैकल्पिक तरीकों से अपनी उपस्थिति दर्ज कराने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

ई-अटेंडेंस की विफलता के बाद, कई शिक्षकों ने संकुल के व्हाट्सएप समूहों में स्कूल परिसर से अपनी सेल्फी और हस्ताक्षर किए हुए उपस्थिति रजिस्टर की तस्वीरें भेजकर काम चलाया. वहीं, बड़ी संख्या में शिक्षकों ने जनशिक्षकों को हमारे शिक्षक ऐप पर हाजिरी न लग पाने की जानकारी दी। इस घटना ने शिक्षा विभाग की नई ई-अटेंडेंस प्रणाली की तैयारियों पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है. शिक्षकों का आरोप है कि डिजिटल उपस्थिति प्रणाली को लागू करने से पहले तकनीकी पहलुओं और सर्वर क्षमता पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप लगातार दो दिनों से यह बड़ी अव्यवस्था देखने को मिल रही है.

शिक्षक संघ के विभिन्न पदाधिकारियों ने उपभोक्ता संबंध में बात करते हुए सवाल उठाया कि शासन-प्रशासन द्वारा शिक्षकों के साथ ही दोहरा व्यवहार क्यों किया जा रहा है और अन्य विभागों में इसे क्यों लागू नहीं किया जा रहा है. शिक्षकों का कहना है कि जब वे समय पर विद्यालय पहुंच रहे हैं और बच्चों के भविष्य को संवार रहे हैं, तो उनकी आने-जाने के समय उनकी लोकेशन को ट्रेस करने वाली इस हमारे शिक्षक ऐप का विरोध करते हुए उन्होंने कहा है कि शिक्षकों पर इस प्रकार का पहरा उन्हें अपमानित करने जैसा है। अब देखना यह होगा कि शिक्षा विभाग इस समस्या का समाधान कितनी जल्दी करता है और भविष्य में ऐसी तकनीकी अड़चनें न आएं।

# मासूम बच्चों को छोड़कर भाग गई मां, बच्चों को मिले परिजन, मां का नहीं चला पता

**रीवा देशबन्धु।** जिले के गढ़ कस्बे में बस के अंदर दो मासूम बच्चों को छोड़कर लापता हुई मां का अब तक कोई पता नहीं चला है वहीं पुलिस ने मासूम बच्चों को उनके पिता और बाबा के सुपुर्द कर दिया है महिला का मोबाइल भी बंद बता रहा है। जानकारी के अनुसार आज सुबह चाकघाट से रीवा आ रही बस में एक मां ने अपने दो कलेजे के टुकड़े मासूम बेटा और बेटी को छोड़कर लापता हो गई जिसके बाद बस के कर्मचारियों ने बच्चों को ले जाकर गढ़ थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया था, पुलिस ने दोनों बच्चों को जिला बाल कल्याण समिति रीवा भेज दिया इस दौरान बच्चों के पिता और बाबा ने सोशल मीडिया के माध्यम से उनकी पहचान की और पुलिस से संपर्क कर जिला बाल कल्याण समिति रीवा पहुंचे ।महिला कहां है किसके पास है किन परिस्थितियों में है अब तक इसका कोई पता नहीं चला है महिला का मोबाइल भी बंद बता रहा है।



# चार हाथियों ने 50 से अधिक घरों में की तोड़फोड़

**अनूपपुर, देशबन्धु ।** छत्तीसगढ़ से आए चार प्रवासी जंगली हाथियों का दल बीते 19 दिनों से अनूपपुर जिले में सक्रिय है। ये हाथी अब डिंडौरी जिले की सीमा में प्रवेश कर चुके हैं। बुधवार की सुबह यह समूह मोहगांव बीट के बैदरा गांव से लगे जमुनापानी जंगल में देखा गया, जहां वे दिन में विश्राम कर रहे हैं। हाथियों का यह समूह 16 जून से राजेंद्रग्राम वन परिक्षेत्र के कई ग्रामीण इलाकों में रात के समय तोड़फोड़ कर रहा था। दिन में ये जंगल में विश्राम करते हैं, और रात को अनाज की तलाश में गांवों का रुख करते हैं। इस दौरान वे 50 से अधिक मकानों में तोड़फोड़ कर घरों में रखे अनाज को खा चुके हैं, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वन विभाग का गश्ती दल लगातार हाथियों की निगरानी और ट्रैकिंग कर रहा है। विभाग द्वारा ग्रामीणों से सावधानी बरतने और रात्रि में सतर्क रहने की अपील की गई है। अब तक किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है, जो वन अमले की सजगता का परिणाम है।यह दल 14 जून की रात मरवाही वन मंडल (छत्तीसगढ़) से जैतहरी क्षेत्र में दाखिल हुआ था। वहां से यह अनूपपुर होते हुए 17 जून को राजेंद्रग्राम पहुंचा और लगातार 16 दिन तक आसपास के गांवों में विचरण करता रहा।



# मंदबुद्धि किशोरी से गैंगरेप, गर्भवती होने पर हुआ खुलासा



**रीवा देशबन्धु।** मानसिक रूप से कमजोर एक नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप किए जाने का हैरान कर देने वाला मामला प्रकाश में आया है। आरोपियों ने उसकी मानसिक कमजोरी का फायदा उठाते हुए दरिंदगी की वारदात को अंजाम दिया। तकरीबन 6 माह पूर्व हुई इस घटना का खुलासा उसे वक्त हुआ, जब नाबालिक गर्भवती हो गई। घटना की जानकारी होने के बाद परिजनों ने फिलहाल इसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई है, वही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

**गांव के ही दो युवकों ने की वारदात, आरोपियों की तलाश जारी**

यह हैरान कर देने वाला मामला जिले के जवा थाना क्षेत्र का है, जहां 6 माह पूर्व मानसिक रूप से कमजोर नाबालिक लड़की के साथ हुई दरिंदगी का खुलासा गर्भवती होने पर हुआ है। बताया जा रहा ही दिमागी हालत ठीक ना होने के कारण किशोरी अक्सर गांव में घूमती रहती थी। आरोप है कि इसी का फायदा उठाकर गांव के ही आरोपी राहुल चर्मकार व दीपक चर्मकार उसे सूनसान स्थान पर ले गए और दरिंदगी की। वही मानसिक कमजोरी के कारण पीड़िता घटना को भी नहीं समझ पाई और ना ही परिजनों को जानकारी दे सकी। लेकिन घटना के कुछ समय बाद किशोरी में शारीरिक बदलाव देखकर परिजनों ने पूछा तो दोनों आरोपियों द्वारा गलत काम करने की जानकारी दी। इसके बाद परिजन पीड़िता को जवा थाने ले गए जिसकी शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। बताया गया कि दरिंदगी की शिकार पीड़िता को तकलीफ होने पर मेडिकल कॉलेज के गांधी स्मृति चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जहां परिजनों ने उसके गर्भपात की भी मांग की है। उनका कहना है कि पीड़िता मंदबुद्धि है और बच्चे की देखभाल में भी असमर्थ है।

मंदबुद्धि किशोरी के साथ बलात्कार हुआ था जिसमें वह गर्भवती हो गई है, फिलहाल मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।



विवेक सिंह
पुलिस अधीक्षक रीवा

## इथियोपिया : मई में मलेरिया के 5 लाख से अधिक मामले आए सामने, डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट

**अदीस अबाबा, ( आईएएनएस )।** इथियोपिया में मलेरिया के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, मई में 5,20,782 मलेरिया के मामले सामने आए। यह एक महीने में दर्ज की गई बड़ी संख्या है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अपनी हालिया रिपोर्ट में बताया कि इथियोपिया में मलेरिया के अलावा, कालरा, खसरा और एमपॉक्स जैसी अन्य बीमारियों का प्रकोप भी जारी है। देश के कुछ हिस्सों में चल रहे संघर्ष के कारण स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच मुश्किल हो गई है। इन क्षेत्रों में लोगों को तत्काल सहायता की जरूरत है। लेकिन, सहायता पहुंचाने में मुश्किलें सामने आ रही हैं। मलेरिया इथियोपिया में एक आम बीमारी है, खासकर उन क्षेत्रों में जो समुद्र तल से 2,000 मीटर से नीचे हैं। यह क्षेत्र देश के तीन-चौथाई हिस्से को कवर करता है, जहां की लगभग 69 प्रतिशत आबादी मलेरिया के खतरे में है।

# अब्राहम अकॉर्ड से जुड़ेगा बड़ा इस्लामिक देश, खत्म होगी इजरायल से 77 साल की दुश्मनी?

सीरिया में 14 साल तक चले गृह युद्ध के बाद अब हालात सामान्य होने की ओर हैं। अमेरिका ने सीरिया से सारे प्रतिबंध हटा लिए हैं और अब यह इस्लामिक मुल्क दोबारा से सामान्य जनजीवन की ओर बढ़ रहा है। आर्थिक गतिविधियों में इजाफा हुआ है तो वहीं सुरक्षा व्यवस्था के हालात भी सुधरे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने सीरिया के नए राष्ट्रपति अहमद अल शारा से मुलाकात भी की और फिर यह ऐलान हुआ। लेकिन अमेरिका की इस रियायत की अब एक वजह सामने आ रही है। दरअसल इजरायल और सीरिया के बीच पहली बार सीधी वार्ता हुई है। यही नहीं खबर है कि दोनों देशों के बीच संबंध सामान्य करने पर कुछ ऐलान हो सकता है। इसे अब्राहम अकॉर्ड के विस्तार के तौर पर देखा जा रहा है। मध्य पूर्व के मामलों के जानकारों का कहना है कि शायद अमेरिका ने सीरिया से सभी बैन हटाने को लेकर पहले से ही ऐसी डील की होगी कि उसे इजरायल से रिश्ते सुधारने होंगे। अब उसी दिशा में सीरिया बढ़ता दिख रहा है। यदि ऐसा कुछ हुआ तो वैश्विक राजनीति में यह बड़ा बदलाव होगा क्योंकि सीरिया और इजरायल एक तरह से 1948 से ही जंग में



हैं। इस तरह 77 साल पुरानी दुश्मनी खत्म होगी। अल जजीरा की एक रिपोर्ट के अनुसार दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच सीधी वार्ता हुई है। यह वार्ता भी बैकचैनल से संयुक्त अरब अमीरात ने कराई है, जो 2020 से ही अब्राहम अकॉर्ड शामिल है।

**अब तक अब्राहम अकॉर्ड के मेंबर बन चुके हैं ये देश**

इसीलिए कहा जा रहा है कि सीरिया का इजरायल से रिश्ते सामान्य करना अब्राहम अकॉर्ड का विस्तार होगा। दरअसल डोनाल्ड ट्रंप ने ही अपने पहले कार्यकाल में अब्राहम अकॉर्ड कराया था। तब यूएई, बहरीन, मोरक्को और सूडान इसमें शामिल हुए थे। पहली बार इस्लामिक मुल्कों ने इजरायल को मान्यता दी थी और उससे रिश्ते सामान्य किए थे। अब ट्रंप प्रशासन चाहता है कि इसका विस्तार हो जाए ताकि मिडल ईस्ट में शांति कराई जा सके। ट्रंप ने मई में ही तीन मिडल ईस्ट देशों का दौरा किया था। इसके अलावा सऊदी अरब में सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शारा से मुलाकात की थी।

### क्या इजरायल और सीरिया के रिश्ते सामान्य होना इतना आसान है?

इन चर्चाओं को लेकर सीरिया के लेखक रॉबिन यासिन कसाब ने कहा कि ऐसा होना मुझे को मुश्किल लग रहा है। उन्होंने कहा कि सीरिया के इजरायल के करीब जाना इसलिए मुश्किल है क्योंकि 1967 की जंग से रिश्ते बहुत खराब हो गए थे। इजरायल ने हमारे हिस्से वाले गोलान हाइट्स पर कब्जा जमा रखा है। उस पर भी कुछ फैसला हो, तभी ऐसा संभव है। वहीं इजरायली रक्षा मंत्री गिदिओन सार का कहना है कि हम सीरिया से समझौता करेंगे, लेकिन गोलान हाइट्स के मसले पर पीछे नहीं हटेंगे। हालांकि सीरिया में अब समझौते को सही मानने वालों की संख्या बढ़ी है। इसकी वजह है कि लंबे अरसे से आर्थिक बदहाली से जूझ रहे लोग अब हालात सामान्य होते देखना चाहते हैं।

## बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को झटका, सुनाई गई छह महीने की जेल की सजा



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को बुधवार को करारा झटका लगा है। अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण (आईसीटी) ने अदालत की अवमानना के एक मामले में छह महीने की जेल की सजा सुनाई है। यह फैसला अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण-1 के अध्यक्ष न्यायमूर्ति मोहम्मद गुलाम मुर्तुजा मोजुमदार की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने सुनाया। इसी फैसले में न्यायाधिकरण ने गैबांधा के गोविंदगंज निवासी शकील अकंद बुलबुल को दो महीने की जेल की सजा सुनाई। यह पहली बार है जब अपदस्थ अवामी लीग नेता को 11 महीने पहले पद छोड़ने और देश छोड़कर भागने के बाद किसी मामले में सजा सुनाई गई है। इसी साल जून महीने में अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण के अभियोक्ताओं ने पिछले साल बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के दौरान हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध का औपचारिक आरोप लगाया। आईसीटी के मुख्य अभियोक्ता मोहम्मद ताजुल इस्लाम ने आरोप लगाया कि हसीना ने अपनी सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों पर व्यवस्थित हमला किया। संयुक्त राष्ट्र अधिकार कार्यालय की रिपोर्ट के अनुसार, 15 जुलाई से 15 अगस्त, 2024 के बीच लगभग 1,400 लोग मारे गए, क्योंकि पिछली सरकार के पतन के बाद भी जवाबी हिंसा जारी रही। हालांकि, हसीना ने सभी आरोपों से इनकार किया है।

## दुनिया में खत्म होगी एक और जंग, डोनाल्ड ट्रंप के ऑफर के बाद हमास भी तैयार, बस एक शर्त

**काहिरा।** ईरान और इजरायल की जंग थमने के बाद अब दुनिया में एक और युद्ध थमने जा रहा है। डोनाल्ड ट्रंप की पहल के बाद इजरायल ने हमास के साथ 60 दिन के सीजफायर पर सहमति जताई है। अब हमास की ओर से भी कहा गया है कि हम इसके लिए तैयार हैं। लेकिन उसने एक शर्त रखी है कि जंग कुछ दिनों के लिए नहीं बल्कि पूरी तरह से समाप्त होनी चाहिए। हमास का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब एक दिन पहले ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि इजराइल गाजा में 60 दिन के संघर्ष विराम की शर्तों पर सहमत हो गया है। उन्होंने हमास को चेतावनी दी कि वह इस समझौते को स्वीकार करे, अन्यथा हालात और बिगड़ेंगे।

ट्रंप ने यह घोषणा तब की जब वह सोमवार को 'वाइट हाउस' में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे।

## सुडोकू 6962

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | | 6 | 2 | | 3 |
| | 8 | | 3 | 7 | 5 | | | 1 |
| | 1 | | 8 | | | | 5 | 7 |
| 1 | 5 | 4 | | | | | | 6 |
| 6 | | | 5 | | 9 | | | 8 |
| 2 | | | | | | 4 | 7 | 5 |
| 5 | 6 | | | | 8 | | 3 | |
| 7 | | | 4 | 5 | 3 | | 6 | |
| 8 | | 3 | 9 | | 7 | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## डिपॉर्ट किए जाने की धमकी से डर गए एलन मस्क? अब खुलकर कर रहे ट्रंप की तारीफ

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और टेस्ला व स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क के बीच चल रहा तीखा विवाद एक नए मोड़ पर पहुंच गया है। अमेरिका से निकाले जाने की धमकी के बीच मस्क अब ट्रंप की तारीफ करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ट्रंप दुनियाभर की गंभीर लड़ाइयों को रुकवाने के लिए क्रेडिट के हकदार हैं। दरअसल इससे पहले ट्रंप ने खुली धमकी देते हुए कहा था कि मस्क को अपना बोरिया बिस्तर समेटकर वापस दक्षिण अफ्रीका जाना पड़ सकता है। इस विवाद के बीच अब मस्क ने ट्रंप की तारीफ की है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, जो तारीफ का हकदार है, उसकी तारीफ करनी चाहिए। डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया भर में कई गंभीर संघर्षों को सफलतापूर्वक हल किया है। मस्क की यह पोस्ट ट्रंप द्वारा इजरायल और गाजा के बीच 60 दिन के संभावित युद्धविराम की घोषणा के बाद आई।

**कैसे हुई विवाद की शुरुआत**- दोनों के बीच मौजूदा तनाव तब शुरू हुआ जब मस्क ने ट्रंप के महत्वाकांक्षी वन बिग ब्यूटीफुल बिल की आलोचना की। इस बिल में इलेक्ट्रिक वाहनों पर दी जाने वाली टैक्स सब्सिडी को खत्म करने का प्रावधान है, जो मस्क की कंपनी टेस्ला के लिए बड़ा झटका हो सकता है। मस्क ने इसे कर्ज का बोझ बढ़ाने वाला और नफरती करार दिया था। जवाब में, ट्रंप ने सोमवार को ट्रुथ सोशल पर मस्क को चेतावनी दी कि उन्हें अपनी दुकान बंद करके दक्षिण अफ्रीका वापस जाना पड़ सकता है। ट्रंप ने यह भी कहा कि मस्क को मिलने वाली सरकारी सब्सिडी खत्म की जा सकती है और उनकी कंपनियों पर डॉज से निगरानी कराई जा सकती है, जिसे ट्रंप ने एलन को खा जाने वाला राक्षस बताया।

मंगलवार को व्हाइट हाउस से फ्लोरिडा के लिए रवाना होने से पहले ट्रंप ने पत्रकारों से कहा, हमे देखना होगा कि क्या मस्क को निर्वासित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा किया कि मस्क की कंपनियां, जैसे टेस्ला और स्पेसएक्स, सरकारी सब्सिडी और अनुबंधों पर बहुत निर्भर हैं। ट्रंप ने कहा, एलन को ट्रंप की जरूरत है, ट्रंप को उसकी जरूरत नहीं।

**मस्क का जवाब और तारीफ**- ट्रंप की धमकी के जवाब में मस्क ने एक्स पर लिखा, बहुत मन कर रहा है पलटवार करने का। बहुत ज्यादा मन कर रहा है। लेकिन फिलहाल खुद को रोक रहा हूं। हालांकि, बुधवार को मस्क ने अचानक टोन बदला और ट्रंप की तारीफ की। मस्क की यह पोस्ट कई लोगों के लिए आश्चर्यजनक थी, क्योंकि यह उनके और ट्रंप के बीच महीने भर से चल रहे तनाव के बाद आई। मस्क ने ट्रंप की उस पोस्ट को शेयर किया जिसमें इजरायल-गाजा के बीच संभावित युद्धविराम की घोषणा की गई थी, और इसे ट्रंप की संघर्ष समाधान की क्षमता का उदाहरण बताया। मस्क और ट्रंप पहले घनिष्ठ सहयोगी रहे हैं। मस्क ने 2024 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप का समर्थन किया था और उनकी कैंपेन के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक सहायता प्रदान की थी। हालांकि, जून 2025 में मस्क द्वारा ट्रंप के बिल की आलोचना के बाद दोनों के बीच दरार पड़ गई। मस्क ने इस बिल को अमेरिका को श्वङ्क और स्वच्छ ऊर्जा क्रांति में पीछे छोड़ने वाला बताया था। इसके जवाब में ट्रंप ने मस्क पर निशाना साधते हुए कहा कि मस्क को सब्सिडी खत्म होने से परेशानी हो रही है क्योंकि हर कोई इलेक्ट्रिक कार नहीं चाहता।

## केदारनाथ धाम में लंबित कार्यों में तेजी लाने के लिए पर्यटन सचिव की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित

***केदारनाथ।** केदारनाथ धाम में लंबित महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा और तेजी लाने के लिए पर्यटन सचिव/मुख्य कार्यकारी अधिकारी, उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड धीरज सिंह गर्ब्याल की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई गई। बैठक में सचिव संस्कृति (उत्तराखंड सरकार), रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी, राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र (एनएससी-दिल्ली) के निदेशक और अधिशासी अभियंता, संयुक्त निदेशक पर्यटन और अन्य संबंधित अधिकारी शामिल हुए।*



बैठक के दौरान केदारनाथ में चिंतन स्थल की भूमि से संबंधित मुद्दों का समाधान किया गया। तीर्थयात्रियों और आगंतुकों के लिए सुचारू और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए इन चिंतन स्थलों को मौजूदा पैदल मार्गों से जोड़ने के लिए संपर्क मार्ग विकसित करने का भी निर्णय लिया गया।

सचिव पर्यटन ने निर्देश दिए कि चिंतन स्थल के पास पुरानी हाई-वोल्टेज केबल को एक सप्ताह के भीतर हटा दिया जाए, और चिंतन स्थल के सुदृढ़ीकरण का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए। इसके अलावा यह भी निर्णय लिया गया कि केदारनाथ परिचय संग्रहालय का संचालन और रखरखाव संस्कृति विभाग द्वारा किया जाएगा, जबकि शिव उद्यान का संचालन और रखरखाव केदारनाथ विकास प्राधिकरण (केडीए) द्वारा किया जाएगा। वर्तमान में शिव उद्यान में प्रस्तावित ओपन थिएटर स्थल पर स्थित मोबाइल टावर को थिएटर के निर्बाध विकास की सुविधा के लिए दूसरे स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा।

केदारनाथ धाम द्वीप क्षेत्र में पानी की आपूर्ति और बिजली जैसी आवश्यक सेवाओं के कुशल प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए, एक तकनीकी एजेंसी को शामिल करने का भी निर्णय लिया गया, जो भविष्य में सार्वजनिक उपयोगिता से संबंधित मुद्दों के समय पर समाधान सुनिश्चित करने में मदद करेगी।

बैठक के दौरान सचिव पर्यटन ने जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग को केदारनाथ धाम में बढ़ती विद्युत लोड आवश्यकताओं को पूरा करने तथा विद्युत संबंधी चुनौतियों का स्थायी समाधान करने के लिए 33 केवीए सबस्टेशन के विकास कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। सचिव पर्यटन ने बताया कि भविष्य में भी संस्कृति मंत्रालय (भारत सरकार), पर्यटन विभाग, सांस्कृतिक विभाग तथा जिला प्रशासन के मध्य समन्वय को मजबूत करने के लिए इस प्रकार की नियमित उच्च स्तरीय बैठकें आयोजित की जाएंगी तथा प्रत्येक कदम पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी।


## अमेरिका के पास हो गई हथियारों की कमी? यूक्रेन की सप्लाई रोकी, बीच युद्ध में दिया झटका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्रालय ने यह विवरण नहीं दिया कि कौन से विशिष्ट हथियारों की आपूर्ति रोकी गई है। मंत्रालय के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने कहा, अमेरिका की सेना पहले कभी इतनी तैयार और सक्षम नहीं रही।

यह रोक यूक्रेन के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। अमेरिका ने अपने हथियारों के भंडार में कमी होने का हवाला देते हुए यूक्रेन को भेजे जाने वाले कुछ हथियारों की खेप की आपूर्ति रोक दी है। अमेरिकी अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अमेरिका का हथियारों की आपूर्ति रोकना यूक्रेन के लिए एक झटका है।

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के नेतृत्व वाले प्रशासन ने यूक्रेन को कुछ हथियार देने का वादा किया था ताकि वह रूस के खिलाफ जारी युद्ध में अपनी सुरक्षा कर सके। हथियारों की आपूर्ति पर यह रोक अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन की नई प्राथमिकताओं को दर्शाती है। रक्षा मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा अमेरिका के हथियार भंडार की समीक्षा किए जाने और इसमें कमी को लेकर चिंता जताए जाने के बाद यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति रोकी गई है। अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' की प्रवक्ता एना केली ने एक बयान में कहा, हमारे देश के सैन्य सहयोग और दुनिया भर के अन्य देशों को दी जाने वाली सहायता की समीक्षा के बाद अमेरिका के हितों को सर्वोपरि रखने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

## वर्ग पहेली 6962



**बायें से दायें:-**

१. बड़ी मुश्किल से
३. बाकायदा
५. दहाड़
६. बेइज्जती, अपमानित
७. प्रयासरत
९. सामयिक
१०. जिसके अधिकार को समाप्त कर दिया गया हो (उर्दू)
१२. जहरीला
१३. छोटी टोकरी
१४. श्रीकृष्ण की पत्नी राधा की जन्मस्थली (उर्दू)
१६. जमीन में गड़ाना (उर्दू)
१८. त्रुटिपूर्ण (उर्दू)
२०. प्राय:, अधिकतर
२१. पथप्रदर्शक (उर्दू)
२३. मानव खोपड़ी

**ऊपर से नीचे:-**

१. थोड़ा भी
२. लिपिबद्ध (उर्दू)
३. गणेश
४. दरिंदगी, पाशविक (उर्दू)
५. बीता हुआ समय
८. लोचदार होने का भाव
१०. बेरोजगार (उर्दू)
११. पूर्ति होना, खर्च होना
१२. अवसाद, उदासी
१३. कल्याण, शुभ
१४. समान
१५. चौकन्ना, सतर्क
१६. छल, धोखा, लुभावना (उर्दू)
१८. ज्योतिषी, गिनने वाला
२०. बहने के गुण वाले पदार्थ, द्रव
२२. लड़ाई, युद्ध

### वर्ग पहेली-6961



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**आस्था** दो लाख सुरक्षाकर्मियों के साए में अमरनाथ यात्रा की तैयारी पूर्ण, पहला दर्शन कल

# पहले जत्थे के 15 हजार श्रद्धालु करेंगे हिमलिंग के प्रथम दर्शन

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** (देशबन्धु)। बुधवार की सुबह जम्मू से पहला जत्था बाबा अमरनाथ की पवित्र यात्रा के लिए रवाना होगा। अगर मौसम ने साथ दिया तो 3 जुलाई की शाम को ही पहले जत्थे के श्रद्धालु 14500 फुट की ऊंचाई पर बनने वाले हिमलिंग के प्रथम दर्शन करेंगे। यात्रा में शामिल होने जा रहे लाखों श्रद्धालुओं की सेवा के लिए लखनपुर से लेकर पवित्र गुफा तक 125 से अधिक लंगरों की व्यवस्था स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा की गई है।

यही नहीं सेना समेत दो लाख से अधिक सुरक्षाकर्मी करीब 38 दिनों तक लखनपुर से लेकर गुफा तक श्रद्धालुओं की सेवा में लगे रहेंगे। आधिकारिक तौर पर प्रतिदिन 15 हजार श्रद्धालुओं को पहलगाम तथा बालटाल के रास्ते यात्रा में शामिल होने की अनुमति दी गई है।

अभी तक करीब सवा तीन लाख श्रद्धालुओं ने अपना पंजीकरण विभिन्न माध्यमों से करवाया है जबकि सोमवार से आन स्पाट पंजीकरण की आरंभ हो चुका है। यात्रा का मुख्य बेस कैंप जम्मू के यात्री भवन में बनाया गया है जहां पिछले कई दिनों से चल रही तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। दावाहै कि इसे अभेद्य किला बना दिया गया है। जबकि रोडबंदी का अभ्यास आज से ही आरंभ कर जम्मूवासियों को तकलीफों के दौर से गुजारा जाने लगा है। जम्मू से



■ सेना समेत दो लाख से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात

लेकर बालटाल तथा पहलगाम तक के यात्रा मार्ग की सुरक्षा को सेना, केरिपुब के हवाले किया जा चुका है। पहलगाम से गुफा तथा बालटाल से गुफा तक के रास्तों पर सेना और बीएसएफ भी स्थानीय पुलिस का साथ दे रही है। जबकि गुफा के बाहर इस बार सुरक्षा का जिम्मा आईटीबीपी के हवाले है। अनुमानत: दो लाख से अधिक सुरक्षाकर्मी यात्रा के मोर्चे पर तैनात किए जा चुके हैं। यही नहीं प्रदेश के सभी कर्मचारी और अधिकारी तक का ध्यान अब अमरनाथ यात्रा के प्रति ही इसलिए है क्योंकि यह अब धार्मिक से राष्ट्रीय यात्रा का रूप धारण कर चुकी है जिस कारण आतंकी नजरें भी इस पर टिकी हुई हैं। अनुमानित आने वाले करीब 8 से 10 लाख श्रद्धालुओं के लिए 125 से अधिक लंगरों की स्थापना के साथ-साथ ठहरने की व्यवस्थाओं का इंतजाम पूरा हो चुका था। स्वास्थ्य सेवाएं हाई अलर्ट पर कर दी गई थीं क्योंकि पिछले कई सालों से यात्रा में शामिल होने वालों में 100 के करीब प्रतिवर्ष हृदयगति रूकने से मौत के मुंह में जा रहे हैं। इतना जरूर था कि आतंकियों सें निपटने की तैयारियों में कहीं ढील नहीं थी।

# खेल जगत

## विंबलडन 2025: सिनियाकोवा ने 5वीं वरीयता प्राप्त झेंग को हराया

**लंदन।** विंबलडन 2025 के दूसरे दिन भी बड़ा उलटफेर देखने को मिला। चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा ने मंगलवार को विंबलडन में महिला एकल के पहले दौर में चीन की पांचवीं वरीयता प्राप्त झेंग किनवेन को हराया। चेक खिलाड़ी ने ऑल इंग्लैंड क्लब में 7-5, 4-6, 6-1 से जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। 10 महिला युगल ग्रैंड स्लैम खिताब अपने नाम कर चुकी 29 वर्षीय सिनियाकोवा ने दृढ़ता दिखाते हुए पहला सेट 7-5 से जीत लिया। 22 वर्षीय झेंग ने दूसरे सेट में 6-4 से जीत हासिल कर वापसी की कोशिश की। सिनियाकोवा ने 5-0 की शुरुआत के साथ अंतिम सेट पर अपना दबदबा बनाया और 6-1 से जीत दर्ज की। पिछले सीजन में घास पर किनवेन को हराने के बाद से यह सिनियाकोवा की पहली शीर्ष 10 जीत है। अब वह घास पर किनवेन के खिलाफ 3-0 से आगे हैं।



# भारत ने इंग्लैंड पर 2-0 से बढ़त बनाई

## जेमिमा व अमनजोत के अर्द्धशतकों से भारत ने ब्रिस्टल में इंग्लैंड का किला भेदा

■ टैमी ब्यूमोंट का अर्द्धशतक भी इंग्लैंड के काम न आया

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

महिला टी 20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच





**नई दिल्ली,** 2 जुलाई (देशबन्धु)। अनुभवी जेमिमा रॉड्रिग्ज और अमनजोत कौर के बेहतरीन अर्द्धशतक और अपनी गेंदबाजों की नपी तुली गेंदबाजी की बदौलत भारत ने मेजबान इंग्लैंड को ब्रिस्टल में दूसरे महिला टी 20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में मंगलवार देर रात 24 रन से हरा लगातार दूसरी जीत के साथ पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली। भारत की महिला टीम ने इंग्लैंड से सीरीज का ट्रेंट ब्रिज में खेला गया पहला मैच छह विकेट से जीता था। टैमी ब्यूमोंट का तेज अर्द्धशतक भी इंग्लैंड की महिला टीम के काम न आया। भारत की महिला टीम ने इंग्लैंड के अजेय किले समझे जाने वाले ब्रिस्टल में उससे पहला टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैच जीता।

भारत की महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाए जाने पर शैफाली वर्मा (3 रन, 4 गेंद), पहले मैच में शतक जड़ने वाली उनकी सलामी जोड़ीदार स्मृति मंधाना (13 रन, 13 गेंद, 2 चौके) व चोट के बाद वापसी करने वाली कप्तान हरमनप्रीत कौर (1 रन, 2 गेंद) के रूप में तीन विकेट 5.1ओवर में मात्र 31 रन पर खो दिए। शैफाली क्रीज छोड़ कर फिलर की गेंद को उड़ाने निकली और विकेटकीपर जोंस को कैच थमा और भारत ने पहला विकेट 14 रन पर खो दिया। स्मृति ने आर्लोट की गेंद को उड़ाने की कोशिश में मिड ऑन पर बेल को कैच थमाया और भारत ने दूसरा विकेट 30 रन पर गंवा दिया और स्कोर में एक रन ही और जुड़ा था कि कप्तान हरमनप्रीत क्रीज ने बेल की शॉर्ट गेंद को उड़ाने के फेर में फाइन लेग पर फिलर को कैच थमा बैठी। अमनजोत कौर (अविजित 63 रन, 40 गेंद, 9 चौके) की जेमिमा रॉड्रिग्ज (63 रन, 41 गेंद, एक छक्का, 9 चौके) के साथ चौथे विकेट की 93 रन तथा ऋचा घोष(32 रन, 20 गेंद, 6 चौके) के साथ पांचवें विकेट की 57 रन की अटूट भागीदारी की बदौलत भारत ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 181 रन बनाए । भारत ने आखिरी दस ओवर में 117 रन बनाए। जेमिमा इंग्लैंड की सबसे कामयाब मध्यम तेज गेंदबाज लॉरेन बेल (2/17) की गेंद धीम वाइड गेंद को उड़ाने के फेर में कवर में डंकले को कैच थमा भारत की चौथी बल्लेबाज के रूप में 124 रन के स्कोर पर आउट हुईं। जवाब में भारत ने अपना दूसरा टी अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रही बाएं हाथ की स्पिनर श्रीचारणी (2/28) के बुने स्पिन के जाल की बदौलत टैमी टैमी ब्यूमोंट(54 रन,35 गेंद, एक छक्का, आठ चौके) की खुद रन आउट होने से पहले विकेटकीपर एमी जोंस(32 रन,27 गेंद, चार चौके) के साथ चौथे विकेट की 70 रन तथा सौफी एकेलस्टोन (35 रन, 23 गेंद, एक छक्का, चार चौके) के मैच की आखिरी गेंद पर रन आउट होने से पहले एम आर्लोट (अविजित 5) के साथ सातवें विकेट के लिए 47 की भागीदारी के बावजूद इंग्लैंड को 20 ओवर में सात विकेट पर 157 रन पर रोक कर मैच जीत लिया।

भारत की अमनजोत कौर ने अर्द्धशतक जड़ने के बाद शिवर ब्रंट(13 रन, 10 गेंद, तीन चौके) को कप्तान हरमनप्रीत कौर के हाथों कैच करा उनका अहम विकेट ले पावरप्ले में इंग्लैंड का स्कोर तीन विकेट 17 रन कर दिया। ब्यूमोंट ने चार बरस में अपना पहला टी 20 अंतरराष्ट्रीय अर्द्धशतक जड़ा। इंग्लैंड ने सोफिया डंकले(1 रन, 5 गेंद) और डैनी वेट हॉज(1) के रूप में दो विकेट दो रन पर खो दिए।

## मंधाना-शेफाली की जोड़ी के नाम 'वर्ल्ड रिकॉर्ड'



**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज का लगातार दूसरा मैच जीत लिया है। भारतीय टीम ने ब्रिस्टल में खेले गए इस मुकाबले में 24 रन से जीत दर्ज की। पांच मुकाबलों की सीरीज के इस दूसरे मैच के दौरान स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की जोड़ी ने इतिहास रच दिया। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महिला टी20 मुकाबलों में सर्वाधिक रन बनाने वाली जोड़ी बन गई है। स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की जोड़ी ने अब तक इस फॉर्मेट में कुल 2726 रन बनाए हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया की ओर से एलिसा हेली और बेथ मूनी की जोड़ी ने कुल 2720 रन जोड़े हैं। इस लिस्ट में सुजी बेट्स और सोफी डिवाइन की जोड़ी तीसरे पायदान पर है, जिसने साथ मिलकर न्यूजीलैंड के लिए कुल 2556 रन जुटाए हैं। ईशा ओझा और तीर्था सतीश की जोड़ी अब तक यूएई के लिए कुल 1985 रन बना चुकी है, जबकि पांचवें पायदान पर मौजूद कविशा ईगोडागे और ईशा ओझा की जोड़ी ने यूएई के लिए कुल 1976 रन जुटाए हैं। ब्रिस्टल में खेले गए इस मुकाबले की बात करें, तो टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय महिला टीम ने चार विकेट खोकर 181 रन बनाए। टीम 31 के स्कोर तक तीन विकेट गंवा चुकी थी। यहां से जेमिमा रोड्रिग्स ने अमनजोत कौर के साथ चौथे विकेट के लिए 93 रन जुटाए। जेमिमा 41 गेंदों में एक छक्के और नौ चौकों के साथ 63 रन बनाकर आउट हुईं। यहां से अमनजोत ने ऋचा घोष के साथ पांचवें विकेट के लिए 57 रन की अटूट साझेदारी करते हुए भारत को विशाल स्कोर तक पहुंचाया। अमनजोत ने 40 गेंदों में 63 रन बनाए, जबकि ऋचा ने 20 गेंदों में 32 रन की नाबाद पारी खेली। मेजबान टीम की ओर से लॉरेन बेल ने सर्वाधिक दो विकेट चटकाए, जबकि लॉरेन फाइलर और एम अर्लॉट ने एक-एक शिकार किया।

# दूसरे टेस्ट में स्मिथ की वापसी संभव

■ स्टीव स्मिथ वेस्टइंडीज के खिलाफ इस सीरीज के पहले मैच में नहीं खेल पाए थे



वेस्टइंडीज-ऑस्ट्रेलिया सीरीज

**सेंट जॉर्ज,** 2 जुलाई (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ वेस्टइंडीज के खिलाफ ग्रेनेडा में दूसरे टेस्ट में वापसी को तैयार हैं। स्मिथ ने उंगली के 'कंपाउंड डिस्लोकेशन' के बाद पहली बार ट्रेनिंग की है। हालांकि, यह संभावना नहीं है कि वह स्लिप में अपनी नियमित पोजीशन पर लौट पाएंगे। स्टीव स्मिथ वेस्टइंडीज के खिलाफ इस सीरीज के पहले मैच में नहीं खेल पाए थे।

स्मिथ ने पिछले रविवार टेस्ट टीम में शामिल होने के बाद अपने पहले ट्रेनिंग सेशन में लगभग एक घंटे तक बल्लेबाजी की। 'क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू' की रिपोर्ट के अनुसार, स्मिथ ने मंगलवार को ट्रेनिंग के दौरान कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड और टीम फिजियो के साथ बातचीत की, जिसके बाद स्लिप कैच और धीमी गेंदबाजी का अभ्यास किया। साथ ही उन्होंने ग्राउंड बॉल ड्रिल भी की। ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने पत्रकारों से कहा कि स्मिथ एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। सोचिए कि जब वह टीम के लिए 10 हजार रन जोड़ते हैं, तो आप इससे बहुत खुश होते हैं। इसलिए हम इंतजार करेंगे और देखेंगे। जाहिर है, स्मिथ यहां अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। वह काफी आश्वस्त दिखाई दे रहे हैं और वापसी करने के लिए उत्साहित हैं। मुझे लगता है कि थोड़ा और अनुभव टीम के लिए अच्छा है। मुझे लगता है कि स्मिथ वापसी के लिए बहुत अच्छा काम कर रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने पिछले हफ्ते वेस्टइंडीज के खिलाफ बारबाडोस में 159 रन से जीत दर्ज की थी। इस दौरान बीयू वेबस्टर ने सेकेंड स्लिप में स्मिथ की भूमिका निभाई थी। उनके अलावा जोश इंगलिस ने थर्ड स्लिप में फील्डिंग की। उम्मीद है कि स्मिथ नंबर-4 पर बैटिंग करेंगे। ऐसे में जोश इंगलिस प्लेइंग इलेवन से बाहर बैठ सकते हैं। ऐसे में वह प्लेइंग इलेवन में एकमात्र बदलाव होंगे।

## सुधांशु मित्तल खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष बने, उपकार सिंह बने महासचिव

**नई दिल्ली,** 2 जुलाई (एजेंसियां)। सुधांशु मित्तल फिर से खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष चुने गए, जबकि उपकार सिंह विर्क महासचिव चुने गए। खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया (केकेएफआई) ने राष्ट्रीय राजधानी में केकेएफआई मुख्यालय में चुनावों के सफल आयोजन के बाद आधिकारिक तौर पर अपनी नई शासी संस्था की घोषणा की। चुनावों की देखरेख जिला न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) डॉ. कामिनी लाउ ने की, जो रिटर्निंग ऑफिसर थीं। गोविंद शर्मा को नई व्यवस्था का कोषाध्यक्ष चुना गया। उपकार सिंह विर्क पिछली शासी संस्था में संयुक्त सचिव के रूप में कार्यरत थे, जबकि गोविंद शर्मा उसी में कार्यकारी सदस्य थे। घोषणा के बाद बोलते हुए,सुधांशु मित्तल ने कहा कि एक बार फिर से भारतीय खो-खो महासंघ का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी मिलना सम्मान की बात है। पिछले कुछ वर्षों में, हमने खेल की राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय छवि को ऊपर उठाने के लिए



अथक प्रयास किया है। यह नया जनादेश हमें खो-खो की वैश्विक मान्यता और संस्थागत विकास के लिए हमारे दृष्टिकोण को गति देने के लिए प्रेरित करता है। नए निकाय ने आठ उपाध्यक्ष, चार संयुक्त सचिव और 13 कार्यकारी सदस्यों का भी चुनाव किया। अश्विनी बिपिन पाटिल और मोनिका शासी निकाय में एथलीट आयोग का प्रतिनिधित्व करेंगे। नए महासचिव उपकार सिंह विर्क ने खेल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि खो-खो हमारी संस्कृति में निहित है, और इसे एक आधुनिक, वैश्विक खेल में बदलना हमारी पहुंच में है।

## सार संक्षेप

### भारत की पहली मिश्रित दिव्यांग क्रिकेट टीम ने रचा इतिहास

नई दिल्ली। भारत की मिश्रित दिव्यांग क्रिकेट टीम ने पहली बार लॉर्ड्स के मैदान पर मैच खेलकर इस सप्ताह इतिहास रच दिया। वर्तमान में चल रही सीरीज का यह मैच ऐसी टीम के साथ खेला गया जो कि तकरीबन आठ सालों से मिश्रित दिव्यांग क्रिकेट खेल रही है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के साथ भारत ने विश्वस्तरीय मंच पर इस प्रारूप में आधिकारिक प्रवेश कर लिया है। इस अवसर पर गैर लाभकारी संगठन स्वयं की संस्थापक अध्यक्ष स्मिनु जिंदल को इंग्लैण्ड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड द्वारा आयोजन स्थल पर सात क्रिकेट बोर्डो के अधिकारियों के समक्ष अपने विचार व्यक्त करने के लिए आमंत्रित किया गया। उन्होंने कहा कि स्वयं इसी नवंबर में एक्सेसिबल स्पोर्ट्स एण्ड टूरिज्म पर भारत के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन भी करेगा। इस सम्मेलन में नीति, खेल, आतिथ्य एवं दिव्यांगता से जुड़े प्रतिनिधि हिस्सा लेकर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। सुश्री जिंदल ने कहा कि लॉर्ड्स में जो कुछ भी हो रहा है, वह आकस्मिक नहीं बल्कि प्रतीकात्मक है। इस मैदान ने क्रिकेट के सबसे बेहतरीन पलों को देखा है।

### बांग्लादेश ने श्रीलंका को 244 रन के स्कोर पर रोका

**कोलंबो।** तसकीन अहमद (चार विकेट) और तंजीम हसन साकिब (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर बंगलादेश ने पहले दिन-रात्रि एकदिवसीय मुकाबले में श्रीलंका की पूरी टीम को 244 रन के स्कोर पर समेट दिया। आज यहां श्रीलंका की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 29 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिये। आलम यह था कि पथुम निसंका और कामिंडु मेंडिस तो अपना खाता भी नहीं खोल सके। निशान मदुश्का (6) तीसरे विकेट के रूप में आउट हुये। ऐसे संकट के समय बल्लेबाजी करने आये कप्तान चरित असालंका ने कुसल मेंडिस के साथ पारी को संभाला।

## साक्षी, जैस्मिन, लक्ष्य चाहर अगले दौर में पहुंचे

■ जैस्मिन ने अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की की

विश्व बॉक्सिंग कप



**अस्ताना,** 1 जुलाई (एजेंसियां)। भारत ने कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में खेली जा रही विश्व बॉक्सिंग कप में शानदार शुरुआत की। मंगलवार को साक्षी, जैस्मिन और लक्ष्य चाहर अपने-अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। महिलाओं की 54 किग्रा वर्ग में साक्षी ने धैर्यपूर्ण प्रदर्शन करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड की चार्ली डेविसन को सर्वसम्मति से 5:0 से हराया। जैस्मिन ने महिलाओं के 57 किग्रा वर्ग में अजरबैजान की अयनुर मिकायिलोवा को उसी अंतर से हराकर अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की की। लक्ष्य चाहर ने पुरुषों के 80 किग्रा वर्ग में दमदार प्रदर्शन करते हुए बुल्गारिया के विलियम चोलोव को विभाजित फैसले में 4: से हराया। मनीष राठौर पुरुषों के 55 किग्रा वर्ग में जापान के रुई यामागुची के खिलाफ करीबी मुकाबले के बाद प्रतियोगिता से बाहर हो गए। साक्षी, लक्ष्य और जैस्मिन अब सचिन सिवाच, हितेश गुलिया, मुस्कान, मीनाक्षी और संजू के साथ अगले दौर में शामिल हो गए हैं, जिससे अस्ताना में टूर्नामेंट में भारत की मजबूत शुरुआत हुई है। इससे पहले हितेश और सचिन सिवाच ने विश्व मुक्केबाजी कप में अपने शुरुआती मुकाबलों में प्रभावशाली और सर्वसम्मत जीत हासिल की। महिलाओं की प्रतियोगिता में, मीनाक्षी ने लाइट-फ्लाईवेट श्रेणी में ऑस्ट्रेलिया की मैडेलीन बोवेन पर 5-0 की स्पष्ट जीत

## भारत की वैश्विक खेल महाशक्ति बनने की महत्वाकांक्षा को दर्शाती है 'राष्ट्रीय खेल नीति' : भूपति

**नई दिल्ली,** 2 जुलाई (एजेंसियां)। भारत के पूर्व ग्रैंड स्लैम विजेता महेश भूपति ने स्वीकृत राष्ट्रीय खेल नीति 2025 की सराहना की है। उन्होंने बताया कि कैसे यह नीति पैडल जैसे उभरते खेलों के लिए दरवाजे खोलती है और भारत के 'ओलंपिक रोडमैप' को सशक्त बनाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को राष्ट्रीय खेल नीति (एनएसपी) 2025 को मंजूरी दे दी है, जिसका उद्देश्य देश के खेल परिदृश्य को नया आकार देना और खेलों के जरिए लोगों को सशक्त बनाना है। 'वर्ल्ड पैडल लीग' के सह-संस्थापक महेश भूपति ने कहा कि राष्ट्रीय खेल नीति 2025 भारत



की वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में पहचाने जाने की बढ़ती महत्वाकांक्षा को दर्शाती है। रोमांचक बात यह है कि यह नीति केवल स्थापित खेलों पर ही फोकस नहीं करती है, बल्कि 'पैडल' जैसे उभरते खेलों के लिए भी जगह बनाती है। उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धी लीग शुरू करना, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा विकसित करना और

> राष्ट्रीय खेल नीति 2025 भारत की वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में पहचाने जाने की बढ़ती महत्वाकांक्षा को दर्शाती है : महेश भूपति

निजी क्षेत्र के सहयोग को बढ़ावा देना, यही वह पहलू हैं, जो पैडल जैसे नए और उभरते खेलों के विकास के लिए बेहद जरूरी हैं। नई नीति मौजूदा राष्ट्रीय खेल नीति 2001 का स्थान लेती है और भारत को एक वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए एक दूरदर्शी और रणनीतिक रोडमैप पेश करती है। इसमें 2036 ओलंपिक गेम्स सहित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्टता हासिल करने के लक्ष्य को भी प्रमुखता से शामिल किया गया है। महेश

# गोंजालो ने रियल मैड्रिड को क्वार्टर फाइनल में पहुंचाया

■ ग्रेगोरियो ने दूसरे हाफ की शुरुआत में भी अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी





क्लब वर्ल्ड कप

**मियामी,** 2 जुलाई (एजेंसियां)। रियल मैड्रिड ने हार्ड रॉक स्टेडियम में जुवेंटस को 1-0 से हराकर क्लब विश्व कप के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली।

यह मुकाबला जाबी अलोंसो की टीम के शानदार दूसरे हाफ के चलते तय हुआ, जिसमें 54वें मिनट में गोंजालो के जबरदस्त हेडर ने टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद जुवेंटस के गोलकीपर डी ग्रेगोरियो ने रियल मैड्रिड को और गोल करने से रोके रखा। मैड्रिड ने मुकाबले के ज्यादातर समय दबदबा बनाए रखा, लेकिन सिर्फ जुवेंटस के गोलकीपर मिशेल डी ग्रेगोरियो के शानदार बचावों की बदौलत जीत का अंतर और बड़ा नहीं हो सका।

रियल मैड्रिड ने तेज शुरुआत की। उसने जुवेंटस के हाफ में ही डेरा जमाए रखा, लेकिन सीरी-ए की टीम के तेज काउंटर-अटैक ने उन्हें लगभग चौंका ही दिया। इस अटैक का अंत रैंडल कोलो मुआनी के उस प्रयास के साथ हुआ, जो थिबो कर्टुआ की नेट की छत पर जाकर लगा। इसके बाद फ्रांसिस्को कोंसेसाओ के पास गोल करने का शानदार मौका था, लेकिन उन्होंने फ्री हेडर को सीधा रियल के दिग्गज बेल्जियन गोलकीपर कर्टुआ के हाथों में मार दिया। हालांकि, जुवेंटस के गोलकीपर मिशेल डी ग्रेगोरियो ने पहले हाफ में दो बार अपनी टीम को बराबरी पर रखा। खास तौर पर हाफ आवर के करीब उन्होंने जूड बेलिंगहम के नजदीक से की गई कोशिश को अपने पैर की मदद से असामान्य तरीके से रोकते हुए शानदार बचाव किया। पहले हाफ के इंजरी टाइम में डी ग्रेगोरियो का सबसे बेहतरीन बचाव देखने को मिला। इस दौरान उन्होंने फेडरिको वाल्वर्डे के लगाए गए शानदार शॉट को गोल में जाने से रोका। 27 वर्षीय ग्रेगोरियो ने दूसरे हाफ की शुरुआत में भी अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी। उन्होंने तेजी से आते दो खतरनाक प्रयासों को रोका। लेकिन, आखिरकार डी ग्रेगोरियो भी मात खा ही गए। मुकाबले के 54वें मिनट में गोंजालो गार्सिया ने ट्रेंट एलेक्जेंडर-अर्नोल्ड की क्रॉस पर शानदार हेडर लगाकर रियल मैड्रिड को एक बढ़त दिला दी। इसके बाद फेडरिको वाल्वर्डे की एक शानदार ओवरहेड किक पर डी ग्रेगोरियो ने एक

## एमएलसी 2025 : सिएटल ओकार्स की यूनिकॉर्न्स पर चार विकेट से जीत

■ सिएटल ओकार्स की टीम ने आठ में से छह मुकाबले जीत चुकी है



**नई दिल्ली,** 2 जुलाई (एजेंसियां)। सिएटल ओकार्स ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 के 22वें मैच को अपने नाम किया। सिएटल ओकार्स ने फ्लोरिडा में खेले गए इस मुकाबले में सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के खिलाफ चार विकेट से जीत दर्ज की। यह सीजन में सैन फ्रांसिस्को यूनाइटेड की दूसरी हार रही। टीम अब तक आठ में से छह मुकाबले जीत चुकी है। प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पर मौजूद यह टीम पहले ही 'प्लेऑफ' के लिए क्वालीफाई कर चुकी है। वहीं, दूसरी ओर आठ में से तीन मैच जीतकर सिएटल ओकार्स ने अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को कायम रखा है। सैन फ्रांसिस्को यूनाइटेड के अलावा वाशिंगटन फ्रीडम और टेक्सास सुपर किंग्स भी अगले दौर में प्रवेश कर चुकी हैं। मुकाबले की बात करें, तो टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी सैन फ्रांसिस्को यूनाइटेड ने पांच विकेट खोकर 168 रन बनाए। टीम महज दो रन पर कप्तान मैथ्यू शॉर्ट (2) का विकेट गंवा चुकी थी। यहां से फिन एलन ने जेक फ्रेजर-मैकगर्क के साथ दूसरे विकेट के लिए 49 रन जोड़े। फिन एलन 15 गेंदों में 23 रन बनाकर आउट हुए, जबकि जैक ने 22 गेंदों में 35 रन की पारी खेली। इन दोनों के पवेलियन लौटने के बाद संजय कृष्णमूर्ति ने टिम सेफर्ट के साथ चौथे विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी की। संजय कृष्णमूर्ति ने 28 गेंदों में सर्वाधिक 41 रन की पारी खेली, जबकि टिम सेफर्ट 31 रन बनाकर नाबाद रहे। विपक्षी टीम की ओर से अयान देसाई ने सर्वाधिक दो विकेट झटके। इसके जवाब में सिएटल ओकार्स ने तीन गेंदें शेष रहते ही जीत दर्ज कर ली।

| SENSEX | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| BSE | 83409.69 ▲ 287.60 | NSE | 25453.40 ▲ 88.40 | MCX Gold | 97359 ▲108 |
| silver | 105980 ▲ 108 | | | | |

देशबन्धु

# अर्थ जगत

## रुपया नौ पैसे टूटकर 85.68 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के कारण बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे टूटकर 85.68 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर में मामूली सुधार से भी रुपये पर दबाव पड़ा क्योंकि बाजार निवेशक भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का इंतजार कर रहे हैं, जिसके लिए बातचीत जारी है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.59 पर खुला। इसने कारोबार के दौरान 85.57 के उच्चस्तर तथा 85.75 के निचले स्तर को छुआ।



# घी, साबुन और स्नैक्स होंगे सस्ते ?

## 12 प्रतिशत स्लैब हटा सकती है केन्द्र सरकार

***नई दिल्ली।*** *वर्तमान में 12 प्रतिशत जीएसटी लागू करने वाली अधिकांश वस्तुएं आम नागरिकों द्वारा रोजमर्रा की जिंदगी में इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुएं हैं। इनमें वे उत्पाद शामिल हैं जो मध्यम वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के उपभोग पैटर्न में प्रमुखता से शामिल हैं।*




केंद्र सरकार वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के ढांचे में जल्द ही महत्वपूर्ण बदलाव कर सकती है, जिससे आम उपभोक्ताओं को राहत मिल सकती है। मीडिया रिपोर्ट में सरकारी सूत्रों के हवाला से बताया गया है कि चर्चा के तहत एक प्रमुख प्रस्ताव यह है कि या तो कुछ आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया जाए या 12 प्रतिशत स्लैब को पूरी तरह से खत्म कर दिया जाए। सूत्रों के अनुसार, वर्तमान में 12 प्रतिशत जीएसटी लागू करने वाली अधिकांश वस्तुएं आम नागरिकों द्वारा रोजमर्रा की जिंदगी में इस्तेमाल की जाने वाली वस्तुएं हैं। इनमें वे उत्पाद शामिल हैं जो मध्यम वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के उपभोग पैटर्न में प्रमुखता से शामिल हैं।

विचाराधीन योजना में इन वस्तुओं को 5 प्रतिशत के निचले कर स्लैब में पुनः वर्गीकृत करना शामिल है, जिससे वे अंतिम उपभोक्ताओं के लिए प्रभावी रूप से सस्ती हो जाएंगी। वैकल्पिक रूप से, सरकार 12 प्रतिशत स्लैब को पूरी तरह से खत्म करने और वस्तुओं को मौजूदा निचले या उच्च स्लैब में पुनः आवंटित करने का विकल्प चुन सकती है। जीएसटी परिषद की आगामी 56वीं बैठक में अंतिम निर्णय लिए जाने की संभावना है। प्रोटोकॉल के अनुसार, परिषद की बैठक बुलाने से पहले 15 दिन का नोटिस देना आवश्यक है, लेकिन सूत्रों से संकेत मिलता है कि सत्र इस महीने के अंत में हो सकता है।

यह कदम राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होने की उम्मीद है, खासकर चुनाव से पहले के वर्ष में, और आबादी के एक बड़े हिस्से द्वारा उपभोग की जाने वाली आवश्यक वस्तुओं पर मुद्रास्फीति के दबाव को कम करने में मदद कर सकता है। केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता वाली जीएसटी परिषद, जिसमें राज्य वित्त मंत्री शामिल हैं, के पास कर दरों में बदलाव की सिफारिश करने का अधिकार है। अगर यह प्रस्ताव पारित हो जाता है, तो यह 2017 में अप्रत्यक्ष कर प्रणाली लागू होने के बाद से जीएसटी दरों में सबसे महत्वपूर्ण बदलावों में से एक होगा।

# जुलाई में 8 दिन बंद रहेगा शेयर बाजार



***मुम्बई।*** *भारतीय शेयर बाजार जुलाई 2025 में कुल 8 दिन बंद रहेगा, जिनमें केवल शनिवार और रविवार की नियमित छुट्टियां शामिल हैं। इस महीने अलग से कोई एक्सचेंज हॉलिडे नहीं है।*

आमतौर पर सप्ताहांत पर स्टॉक

### अगस्त में लगातार तीन छुट्टियां

मार्केट में ट्रेडिंग नहीं होती। एनएसई की ट्रेडिंग हॉलिडे लिस्ट के अनुसार, अगली आधिकारिक बाजार बंदी 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) को होगी, इसके अलावा 16 अगस्त शनिवार और 17 अगस्त को रविवार के कारण बाजार बंद रहेगा। इसके बाद 27 अगस्त को गणेश चतुर्थी पर बाजार बंद रहेगा। पूरे साल 2025 में कुल 14 ट्रेडिंग हॉलिडे तय किए गए हैं।

**जुलाई में बैंकों की छुट्टी-** जुलाई में बैंक भी 13 दिन बंद रहेंगे। महीने के 4 रविवार और दूसरे-चौथे शनिवार के अलावा, 7 और दिन बैंकों में कोई कामकाज नहीं होगा। आरबीआई के नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट के तहत कई अलग-अलग राज्यों में लोकल फेस्टिवल और धार्मिक त्योहारों के मद्देनजर बैंकों की छुट्टियां रहेगी। हालांकि, इस दौरान कस्टमर्स ऑनलाइन बैंकिंग की मदद ले सकते हैं।

### छुट्टियों की लिस्ट

| | |
|---|---|
| 15 अगस्त- | स्वतंत्रता दिवस/ पारसी नव वर्ष |
| 27 अगस्त- | गणेश चतुर्थी |
| 2 अक्टूबर- | महात्मा गांधी जयंती/दशहरा |
| 21 अक्टूबर- | दिवाली लक्ष्मी पूजन |
| 22 अक्टूबर- | दिवाली बलिप्रतिपदा |
| 5 नवंबर- | प्रकाश गुरुपर्व श्री गुरु नानक देव |
| 25 दिसंबर- | क्रिसमस |

## लाल निशान पर बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स 287 अंक गिरा

हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन आज यानी बुधवार (2 जुलाई) को शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। सेंसेक्स 287 अंक गिरकर 83,409 के स्तर पर और निफ्टी में 88 अंक की गिरावट रही, ये 25,453 के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 0.98 प्रतिशत गिरकर 39,594 के स्तर पर और कोरिया का कोस्पी 1.17 प्रतिशत चढ़कर 3,053 पर कारोबार कर रहा है। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 0.63 प्रतिशत चढ़कर 24,223 पर और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.058 प्रतिशत गिरकर 24,223 पर कारोबार कर रहा है। 1 जुलाई को अमेरिका का डाउ जोन्स 0.91 प्रतिशत चढ़कर 44,495 पर बंद हुआ। वहीं, नैस्डेक कंपोजिट 0.82 प्रतिशत नीचे 20,203 पर और एस एण्ड पी 500 0.11 प्रतिशत नीचे 6,198 पर बंद हुए।

# अमिताभ, शाहरुख, ऋतिक के निवेश वाली रियल एस्टेट कंपनी का आएगा आईपीओ




***नई दिल्ली।*** *अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान, ऋतिक रोशन, अजय देवगन, सारा अली खान, एकता कपूर जैसी बॉलीवुड की नामचीन हस्ती में एक समानता है। इन सभी ने रियल एस्टेट सेक्टर की कंपनी श्री लोटस डेवलपर्स एंड रियलिटी में निवेश किया है। इस कंपनी का आईपीओ आने वाला है।*

**मुंबई-** अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान और ऋतिक रोशन जैसे फिल्मी सितारे जिस कंपनी में निवेश करें, वह कंपनी जरूर अच्छी होगी। ऐसी ही एक कंपनी है श्री लोटस डेवलपर्स एंड रियलिटी। इस कंपनी शेयर बाजार के नियामक सेबी से आरंभिक सार्वजनिक निर्गम लाने की मंजूरी मिल गई है। आईपीओ के जरिए कंपनी की योजना 792 करोड़ रुपये जुटाने की है।

**मिली अंतिम मंजूरी-** मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सेबी ने श्री लोटर्स डेवलपर्स एंड रियलिटी को आईपीओ लाने के लिए अंतिम मंजूरी दे दी है। कंपनी ने 24 दिसंबर 2024 को सेबी के पास अपने आईपीओ के कागजात दाखिल किए थे। आईपीओ के तहत एक रुपया अंकित मूल्य के शेयरों से 792 करोड़ रुपये तक जुटाए जाएंगे। इस इश्यू में ऑफर फोर सेल का कोई प्रावधान नहीं है।

**अमिताभ बच्चन समेत कई फिल्मी सितारों का निवेश-** इस कंपनी में बॉलीवुड के कई सितारों का निवेश है। इनमें अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान, अजय देवगन, ऋतिक रोशन, सारा अली खान, एकता कपूर, टाइगर श्रॉफ और राजकुमार राव जैसे नाम शामिल हैं। इन्होंने हाल ही में कंपनी में छोटी हिस्सेदारी खरीदी है। अमिताभ बच्चन ने इस कंपनी के लगभग 6.7 लाख शेयर 10 करोड़ रुपये में खरीदे हैं।

## पीएनबी ने दी ग्राहकों को खुशखबरी

# सेविंग अकाउंट में मिनिमम बैलेंस रखने का झंझट खत्म

***नई दिल्ली।*** *पंजाब नेशनल बैंक ने अपने अकाउंट होल्डर्स के लिए एक बड़ा ऐलान किया है। बैंक ने कहा है कि अब बचत खातों में मिनिमम एवरेज बैलेंस न मेंटेन करने पर कोई जुर्माना नहीं वसूला जाएगा। बैंक के इस फैसले से अकाउंट में मिनिमम बैलेंस रखने की चिंता से लोगों को राहत मिलेगी।*




बैंक का यह नया नियम 1 जुलाई, 2025 से लागू हो गया है। इससे खासतौर महिलाओं, किसानों और निम्न आय वाले परिवारों को मदद मिलेगी। पिछले महीने केनरा बैंक ने भी जून के महीने से अपने सभी अकाउंट्स पर एवरेज मंथली बैलेंस मेंटेन करने की जरूरत को हटा दिया। बैंक इसलिए अपने अकाउंट में मिनिमम एवरेज बैलेंस मेंटेन करने के लिए कहती है ताकि अपने ऑपरेशनल खर्चों को पूरा किया जा सके और ग्राहकों को तरह-तरह की सर्विस जैसे कि ऑनलाइन बैंकिंग, एटीएम, ब्रांच वगैरह का खर्च उठा सके। कई बार बैंक मिनिमम बैलेंस मेंटेन करने पर ग्राहकों को अधिक इंटरेस्ट रेट, फ्री एटीएम ट्रांजैक्शन जैसी सुविधाएं भी देती है। वहीं, मिनिमम बैलेंस मेंटेन न करने पर बैंक अपने ग्राहकों से जुर्माना वसूलती है। कई बार तो लंबे समय तक अकाउंट में मिनिमम एवरेज बैलेंस मेंटेन न करने पर बैंक अकाउंट तक बंद करा देते हैं। मोटे तौर पर समझे तो बैंक एक बिजनेस है, जो अपने खर्चों को पूरा करने के लिए डिपॉजिट और पेनाल्टी पर ही निर्भर रहते हैं।

### मुद्रा बाजार

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 85. 70 |
| एक यूरो | 100. 82 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 115. 81 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 56. 56 |
| एक जापानी येन | 0. 59 |


**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 78 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 94 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-102 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -74 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)


### सराफा बाजार


**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 98000 चांदी -107300

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 98000 चांदी -107300


### दाल- चावल भाव


**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 9500-10000, फाइन 105000-11000, एक्स्ट्रा बोल्ड 11500-12000, चना दाल एवरेज 7200-7400 चना दाल मार्का 7300-7500, मसूर दाल एवरेज 7600-7700, मसूर दाल फाइन 8200-8300, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9500-10000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-9500, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 11000-11200। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3200-3400, बेस्ट 3400-3600, बीपीटी चालू 4000-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5000-5200 फाइन-5500-5600 दुबराज भाटापारा 5000-5200, जेजेएल चालू 5000-5200, फाइन 6000-6500, बासमती कनकी चालू 3000-3500, बासमती कनकी मीडियम 3500-4000, बेस्ट 4000-4200, मोगरा- 5000-5800, दुबार- 5500-6000, तिबार- 6000-7500, बासमती 7500-8500, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4350-4400, फाइन 4600-4800, मुरमुरा- 5800-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।


### लोहा भाव


**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।


# वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में कोयला उत्पादन 16.39 फीसदी बढ़ा

***नई दिल्ली।*** *कैप्टिव और कॉमर्शियल कोयला खदानों से उत्पादन में 16.39 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई है। कोयला मंत्रालय के अनुसार जून 2025 में कोयला प्रेषण 17.31 मीट्रिक टन दर्ज किया गया। पिछले साल की तुलना में कोयला प्रेषण में 13.03 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कोयला प्रेषण का मतलब होता है कि खनन के बाद कोयले को उपभोक्ताओं तक भेजना। इसमें आमतौर पर कोयले को कोयला खदानों से बिजली संयंत्रों, इस्पात कारखानों, सीमेंट कंपनियों या अन्य औद्योगिक इकाइयों तक ट्रांसपोर्ट करना शामिल होता है।*



**कोयला उत्पादन 15.57 मिलियन टन तर पहुंचा** - ये आंकड़े कोयला क्षेत्र के मजबूत प्रदर्शन का संकेत देते हैं। यह देश भर में प्रमुख उद्योगों की ऊर्जा और कच्चे माल की जरूरतों को पूरा करने में बड़ी भूमिका निभाता है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के दौरान कोयला उत्पादन 15.57 मिलयन टन तक पहुंच गया। यह वृद्धि बेहतर परिचालन दक्षता और खनन क्षमताओं के बेहतर उपयोग का परिणाम है। कोयला मंत्रालय के जारी ग्राफ में पहली तिमाही के अंत में पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रदर्शन में लगातार सुधार हुआ है। उत्पादन और प्रेषण दोनों के आंकड़ों साल दर साल बढ़ रहे हैं।

# 2025 की पहली छमाही में घरेलू यात्री वाहनों की बिक्री धीमी

***नई दिल्ली।*** *वर्ष 2025 की पहली छमाही में भारत में घरेलू यात्री वाहनों की मांग कुछ धीमी रही है। देश की प्रमुख कार निर्माता कंपनियों मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स और हुण्डई को इस दौरान बिक्री में गिरावट का सामना करना पड़ा है। वहीं, महिंद्रा एंड महिंद्रा और स्कोडा जैसी कंपनियों ने अपने नए मॉडल्स की बदौलत इस गिरावट के ट्रेंड से खुद को काफी हद तक बचा लिया।*



### मारुति-हुण्डई जैसे ब्रांडों पर दिखा असर

ऑटोमोबाइल सेक्टर के शुरुआती अनुमान बताते हैं कि जून 2025 में थोक स्तर पर वाहन डिस्पैच 6.4 प्रतिशत घटकर करीब 3.2 लाख यूनिट्स पर आ गया, जबकि खुदरा बिक्री (रजिस्ट्रेशन) 4.4 प्रतिशत गिरकर 2.94 लाख यूनिट रही। मारुति सुजुकी, जो देश की सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माता है, ने इस साल की पहली छमाही में 2.प्रतिशत गिरावट के साथ 8.80 लाख से कुछ अधिक वाहनों की डिलीवरी की। अकेले जून महीने में कंपनी की डिस्पैच 13.3 प्रतिशत गिरकर 1.18 लाख यूनिट्स पर आ गई। खासतौर पर यूटिलिटी वाहन श्रेणी में भी गिरावट देखी गई, जो 52,373 से घटकर 47,947 रह गई। टाटा मोटर्स के पैसेंजर व्हीकल और ईवी यूनिट के मैनेजिंग डायरेक्टर शैलेश चंद्रा ने कहा कि मई और जून में मांग में काफी सुस्ती रही, जिससे वॉल्यूम दबाव देखने को मिला। हालांकि इलेक्ट्रिक वाहनों की श्रेणी में अच्छा प्रदर्शन देखने को मिला, जो नए मॉडलों की वजह से मुमकिन हो सका। ह्युंडै मोटर इंडिया ने भी साल की पहली छमाही में 7.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की और इस दौरान 2.85 लाख वाहन डिस्पैच किए। जून महीने में यह गिरावट और तेज रही, जब बिक्री 12 प्रतिशत घटकर 44,024 यूनिट्स रह गई। इसके विपरीत, महिंद्रा एंड महिंद्रा ने शानदार प्रदर्शन किया। कंपनी ने 2025 की पहली छमाही में 3.01 लाख से ज्यादा वाहनों की बिक्री कर 20 प्रतिशत की ग्रोथ दर्ज की। जून में बिक्री 18 प्रतिशत बढ़कर 47,306 यूनिट्स पर पहुंच गई, जबकि पिछले साल इसी महीने यह 40,022 थी। एम एण्ड एम की ग्रोथ में इसके इलेक्ट्रिक वाहनों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्हें कंपनी ने मार्च से डीलर्स तक भेजना शुरू किया था।

कुल मिलाकर, जबकि कुछ दिग्गज कंपनियों को बाजार की धीमी गति का असर झेलना पड़ा, वहीं इलेक्ट्रिक सेगमेंट और नए मॉडल पेश करने वाली कंपनियों ने इस मंदी में भी अपना ग्रोथ कायम रखा।

# जून में घटी यूपीआई ट्रांजैक्शन की रफ्तार, 1.5 प्रतिशत की गिरावट

***नई दिल्ली।*** *भारत के डिजिटल भुगतान सिस्टम की रीढ़ माने जाने वाले यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस में जून 2025 में मामूली गिरावट देखने को मिली है। मई में रिकॉर्ड 18.68 अरब ट्रांजैक्शंस के बाद जून में यह संख्या घटकर 18.4 अरब रह गई, जो कि 1.5 प्रतिशत की गिरावट है। ट्रांजैक्शन वैल्यू की बात करें तो जून में कुल 24.04 लाख करोड़ का लेन-देन हुआ, जबकि मई में यह आंकड़ा 25.14 लाख करोड़ था यानी ट्रांजैक्शन वैल्यू में भी 4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।*




हालांकि, साल-दर-साल तुलना करें तो जून 2024 की तुलना में जून 2025 में यूपीआई ट्रांजेक्शन की संख्या में 32 प्रतिशत और ट्रांजैक्शन वैल्यू में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। जून में औसतन हर दिन 613 मिलियन ट्रांजैक्शन हुए, जो मई के 602 मिलियन की तुलना में थोड़ा ज्यादा है। हालांकि, प्रति दिन की वैल्यू 80,131 करोड़ रही, जो मई के 81,106 करोड़ से कम है। आईएमपीएस यानी इमीडिएट पेमेंट सर्विस में भी गिरावट देखने को मिली। मई में जहां 464 मिलियन लेनदेन हुए थे, जून में यह घटकर 448 मिलियन रह गए। ट्रांजेक्शन वैल्यू भी ?6.41 लाख करोड़ से घटकर 6.06 लाख करोड़ पर आ गई। इसी तरह, डिजिटल टोल भुगतान प्रणाली फास्टटैग में भी जून में कमी आई है। कुल 386 मिलियन ट्रांजैक्शन दर्ज किए गए, जबकि मई में यह आंकड़ा 404 मिलियन था। ट्रांजैक्शन की वैल्यू भी 7,087 करोड़ से घटकर 6,793 करोड़ रह गई। एईपीएस के जरिए भी ट्रांजैक्शन में गिरावट देखी गई। जून में कुल 97 मिलियन ट्रांजैक्शन हुए, जो मई के 105 मिलियन से 8 प्रतिशत कम हैं। ट्रांजैक्शन वैल्यू 26,616 करोड़ रही, जो पिछले महीने के 28,703 करोड़ की तुलना में 7 प्रतिशत कम है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि यह गिरावट सीजनल यानी मौसमी हो सकती है और इससे भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था के दीर्घकालिक विकास पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा। एयरपे पेमेंट सर्विसेज के संस्थापक कुणाल झुनझुनवाला ने कहा कि भारत का डिजिटल भुगतान तंत्र वैश्विक मानकों से कहीं आगे निकल चुका है और देश अब डिजिटल परिपक्वता के दूसरे चरण की ओर बढ़ रहा है। वहीं, वर्ल्डलाइन इंडिया के ऑपरेशंस हेड रामकृष्णन राममूर्ति ने कहा कि जून का प्रदर्शन इस बात का संकेत है कि भारत में कम लागत, सुरक्षित और इंटरऑपरेबल डिजिटल भुगतान प्रणाली को लेकर भरोसा लगातार गहराता जा रहा है। भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था भले ही जून में थोड़ी धीमी रही हो, लेकिन दीर्घकालिक रफ्तार अब भी कायम है और आने वाले महीनों में इसके और तेज़ होने की उम्मीद है।


**देशबन्धु ग्राहक सेवा**



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**मकान बेचना है**
मिनी ड्यूप्लेक्स- 27 प्लाट 14x32.5= 450 वर्गफुट लगभग सुभाष नगर महाराजपुर महर्षि विद्या मंदिर के पीछे जबलपुर में बेचना है-
संपर्क: केदार प्रसाद मिश्रा
8109324186
र.नं.- 1024 9303003069

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# शहडोल कलेक्ट्रेट परिसर में जमीन की रजिस्ट्री को लेकर विवाद, जमकर हुई मारपीट

**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल कलेक्ट्रेट परिसर में एक जमीन की रजिस्ट्री को लेकर हुए पारिवारिक विवाद के बाद जमकर मारपीट हुई। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें परिवार के सदस्यों के बीच मारपीट और गाली-गलौज साफ दिखाई दे रही है। यह घटना कलेक्ट्रेट परिसर के उप-पंजीयक कार्यालय के सामने हुई। वीडियो में कई महिलाएं और पुरुष एक परिवार के सदस्य को घसीटते हुए बाहर निकालते हुए नजर आ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार, विवाद की शुरुआत सोहागपुर जनपद के एक गांव में जमीन की बिक्री को लेकर हुई, जब परिवार के कुछ सदस्य रजिस्ट्री कराने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान, एक सदस्य को बिक्री प्रक्रिया पर आपत्ति थी, जिससे विवाद शुरू हो गया। लोगों के



अनुसार, स्थिति जल्द ही बिगड़ गई और एक झड़प में तब्दील हो गई।

कलेक्ट्रेट परिसर में मौजूद कर्मचारियों और अन्य लोग घटनास्थल पर इकट्ठा होकर इस झगड़े को देखने लगे। कलेक्ट्रेट परिसर में ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने तत्काल हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित किया। एक दुकानदार ने बताया, कि कुछ देर के लिए स्थिति बहुत गंभीर हो गई थी। सभी लोग चिल्ला रहे थे, लेकिन कोई भी उन्हें अलग करने के लिए आगे नहीं आ रहा था। स्थानीय लोगों के मुताबिक, यह केवल ज़मीन का विवाद नहीं था, बल्कि परिवार के सदस्यों के बीच पुरानी रंजिश का परिणाम था। इस विवाद से जुड़े हुए परिवार के किसी भी सदस्य ने मीडिया से बात करने से मना कर दिया है।

जब इस मामले में पंजीयन कार्यालय में बात की गई तो एक अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि पैसे के लेनदेन को लेकर कहासुनी कार्यालय के भीतर हुई थी।

जब विवाद बढ़ने लगा तो हमने उन्हें कार्यालय से बाहर निकालने के लिए कहा। इसके बाद विवाद और बढ़ गया। विवाद कर रहे शख्स का कहना था कि वह इतने कम पैसों में रजिस्ट्री नहीं होने देगा, वह बार-बार आपत्ति जता रहा था।

# किसान के साथ दिनदहाड़े लूट

## स्कूटी की डिग्गी से तीन लाख उड़ाए



**मैहर, देशबन्धु।** मैहर जिले के अमरपाटन थाना क्षेत्र के रीवा रोड पर बदमाशों ने एक किसान की स्कूटी की डिग्गी से 3 लाख 30 हजार रुपये चोरी कर लिए। पीड़ित किसान उमाकांत सिंह यह रकम किसान क्रेडिट कार्ड की राशि के रूप में जमा करने के लिए बैंक से निकालकर जा रहे थे। इस दौरान अज्ञात आरोपियों ने इस वारदात को अंजाम दिया।

जानकारी के अनुसार, उमाकांत सिंह बैंक से पैसा निकालने के बाद रीवा रोड स्थित किराना दुकान में बैठे हुए थे, तभी कुछ अज्ञात बदमाशों ने मौका पाकर उनकी स्कूटी की डिग्गी से तीन लाख 30 हजार रुपये पार कर दिए। किसान को इस चोरी की जानकारी तब हुई जब उन्होंने डिग्गी खुली देखी। घटना के बाद पीड़ित ने तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

मौके के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई, जिसमें संदिग्धों की गतिविधियां कैद हो गई हैं। फुटेज में दिखाई दे रहा है कि किस तरह बदमाशों ने स्कूटी को निशाना बनाया और चुपचाप वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### लोकायुक्त की कमान अंजूलता के हाथ में

# अनिल विश्वकर्मा को सौंपा गया ईओडब्ल्यू का प्रभार

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश सरकार के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों का तबादला किया गया है। जबलपुर लोकायुक्त की कमान सुश्री अंजूलता पटले को सौंपी गयी है। ईओडब्लयू जबलपुर पुलिस अधीक्षक की दायित्व अनिल विश्वकर्मा को दिया गया है। दोनों अधिकारी पूर्व में जबलपुर में पदस्थ रह चूके है।

प्रशासनिक स्तर पर दस अतिरिक्त पुलिस अधीक्षकों का तबादला किया गया है। जबलपुर में पदस्थ लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक संजय साहू का स्थानांतरण सहायक पुलिस अधीक्षक पद पर पुलिस मुख्यालय भोपाल किया गया है। उनके स्थान पर 6 वीं वाहिनी विसबल जबलपुर में पदस्थ सुश्री अंजुलता पटले को पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त बनाया गया है। इसके पूर्व वह गोरखपुर पुलिस अधीक्षक के तौर पर जबलपुर में पदस्थ थी।

लोकायुक्त उज्जैन में पदस्थ पुलिस अधीक्षक अनिल विश्वकर्मा का स्थानांतरण पुलिस अधीक्षक ईओडब्ल्यू जबलपुर पद पर किया गया है। वह पूर्व में पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त के पद पर जबलपुर में पदस्थ रह चूके है। लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक राजेश मिश्रा का स्थानांतरण सहायक पुलिस अधीक्षक पद पर पुलिस मुख्यालय भोपाल में किया गया है। जबलपुर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के पद पर पदस्थ समर वर्मा का स्थानांतरण पुलिस अधीक्षक ईओडब्ल्यू उज्जैन पद पर किया गया है। पुलिस मुख्यालय में सहायक पुलिस महानिरीक्षक आर्थिक अपराध ब्यूरो पद पर में पदस्थ सुश्री पल्लवी त्रिवेदी का स्थानांतरण सहायक पुलिस महानिरीक्षक पुलिस मुख्यालय किया गया है।

# राजस्व रिकार्ड में गलत तरीके से रास्ते को बता दिया आबादी

## तहसीलदार के आदेश को एडीएम ने पलटा

**जबलपुर, देशबन्धु।** एक सदी पूर्व जिस सड़क पर पक्का मार्ग था वहां नक्शा बटांक आबादी दर्शाए जाने के तहसीलदार के गलत आदेश को एडीएम ने पलट दिया लेकिन एडीएम के आदेश के 130 दिन बाद भी कार्रवाई नहीं हो पाई।

इस मामले में जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में जांच चार वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा किए जाने पर पाया गया कि तत्कालीन तहसीलदार ग्रामीण वर्तमान में नायब तहसीलदार बरगी जबलपुर द्वारा कोर्ट से दोषी ठहराये व्यक्तियों को लाभ हेतु गलत तरीके से पूर्व में खसरा वर्तमान में नक्शा बटांक किया गया। त्रुटि सामने आने के बाद अपर कलेक्टर ग्रामीण जबलपुर न्यायालय द्वारा 21 फरवरी 2025 को आदेश दिया गया कि त्रुटि में सुधार किया जाए लेकिन आदेश जारी होने के 130 दिन बीत जाने के बावजूद अब तक कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित शिकायत कर्ता ने इस मामले में संभागायुक्त एवं कलेक्टर से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार जबलपुर से नागपुर राष्ट्रीय मार्ग बहोरीपार टोल प्लाजा के पास पूर्व दिशा बहोरीपार हल्का नं. 34 रा.नि.मं. बरगी तहसील जबलपुर से खिरहनीघाट नर्मदा मार्ग का रास्ता राजस्व रिकार्ड में खसरा नं. 57 रकवा 1. 940 हेक्टेयर हैं। पूर्व में कोर्ट के आदेशानुसार सड़क मार्ग पर बेजा कब्जाधारी को लाभ हित हेतु एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा अर्थदंड के रूप में 65 हजार रुपए से अधिक राशि खजाने में जमा नहीं की गई। यही नहीं कथित तौर पर तत्कालीन तहसीलदार द्वारा अवैध तरीके से सड़क मार्ग का नक्शा आबादी में कर दिया गया। यही नहीं मात्र 2 घंटे में रिकार्ड दुरुस्त कर दिया गया। इस मामले में पीड़ित द्वारा कलेक्टर सहित अनेक अधिकारी को लिखित शिकायत देने पर 4 वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पूर्ण खसरा बाद में नक्शा आबादी में दर्ज किया गया। जांच में यह भी पाया गया कि अवैध तरीके से गलत मद दर्ज की गई। इस संबंध में एडीएम ग्रामीण जबलपुर द्वारा जारी आदेशानुसार खसरा नक्शा, बटांक का रिकार्ड 130 दिन बीत जाने पर भी आज तक दर्ज नहीं किया गया। पीड़ित द्वारा इस मामले में कलेक्टर जन सुनवाई सहित अन्य अधीनस्थ अधिकारियों को दी गई।

### सड़क मार्ग पर लगातार हो रहे अतिक्रमण

नक्शा, खसरा बटांक दुरूस्त न होने से शिकायत कर्ता सहित अन्य पीड़ित व्यक्तियों को आवागमन रूकावट में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा हैं। यही नहीं सार्वजनिक सड़क पर कब्जेधारी पर कोर्ट के आदेश के बावजूद जुर्माना राशि वसूल न होने के साथ कब्जा अलग करने की कोई कार्रवाई न होने से आरोपी के हौसले बुलंद हैं और वह सड़क मार्ग के भाग पर न सिर्फ स्वयं अवैध कब्जा किया हुआ हैं बल्कि धड़ल्ले से अन्य अतिक्रमणकारियों को भी अवैध कब्जे करा रहा हैं।

# प्रदेश में सबसे ज्यादा जुर्माना लगने के बाद भी नहीं हुआ सुधार

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश भर की शराब दुकानों में कार्रवाईयों के नाम पर जबलपुर ने रिकार्ड बना लिया हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां प्रदेश में सर्वाधिक जुर्माना लगाया गया जो 1 करोड़ 10 लाख रुपए था। हैरानी की बात यह हैं कि इसके बावजूद अब तक एमआरपी पर शराब बिक्री प्रारंभ नहीं हो पाई हैं।

हाल हीं एमआरपी से अधिक पर शराब बेचने को लेकर एक जनहित याचिका उच्च न्यायालय में दायर होने के बाद विभाग के अफसरों की नींद टूटी जिसके बाद वे सक्रिय हुए और ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 15 जिलों में लगभग 2 करोड़ 30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। दरअसल, उच्च न्यायालय ने याचिका पर सुनवाई के बाद आबकारी आयुक्त समेत अन्य अफसरों से चार सप्ताह में जवाब मांगा है। आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल ने 13 मई को सभी जिला आबकारी अधिकारियों और सहायक आबकारी आयुक्तों को इस नियम का उल्लंघन करने वाले शराब दुकानें के लाइसेंसधारियों के खिलाफ कार्रवाई के आदेश जारी किए थे। इस आदेश के साथ ही दस दिनों के भीतर कार्रवाई कर इसकी रिपोर्ट भेजने को कहा गया था। आदेश के बाद अब तक प्रदेश के केवल 15 जिलों में ही शराब दुकानों पर कार्रवाई की गई है। इन सभी दुकानों पर निरीक्षण के दौरान एमआरपी से अधिक पर शराब बेची जाती पाई गई।

राजधानी में भी आबकारी अमले ने 4 समूहों की 7 दुकानों पर कार्रवाई की है। इन पर भी पेनाल्टी लगाने का प्रस्ताव कलेक्टर को भेजा गया था। जिस पर कलेक्टर ने इन दुकानों पर 24 लाख से अधिक का जुर्माना लगाया है। भोपाल में शिकायतों के बाद अमले ने 400 से अधिक ट्रेस परचेसिंग कर शराब दुकानों की असलियत पता की थी। एमआरपी से अधिक या एमएसपी से कम पर शराब बिक्री पर लाइसेंसधारी पर उसकी सालाना लाइसेंस फीस के हिसाब से एक दिन की पेनल्टी लगाई जाएगी। इसी हिसाब से अलग-अलग जिलों में शराब दुकानों पर अलग-अलग पेनल्टी लगाई गई है।

# राशन कार्ड में ई-केवाईसी न होने पर नहीं मिलेगा राशन

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में 30 हज़ार फर्जी राशन कार्ड धारकों के खबर सामने आने के बाद सरकार ने फर्जी राशन हितग्राहियों को राशन से रोकने हेतु राशन कार्ड को ई के वाई सी से लिंक करने का निर्णय लिया है, और इसकी निरन्तर प्रक्रिया चल रही थी, इसी संदर्भ मे इसकी अंतिम तिथि 30 जून थी, जिसे बढ़ाकर अब 15, जुलाई कर दिया है , बात दें की ये प्रकिया कुछ माह से चल रही थी। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश में कुल 5 करोड़ 32, लाख 42 हज़ार पात्र हितग्राही है, इसमें से 4 करोड से अधिक हितग्राहियों की ई के वाई सी हो चुकी है, लगभग 83 लाख हितग्राहियों की ई के वाई सी लंबित है, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत सम्मिलित पात्र हितग्राहियों की पहचान सुनिश्चित कर वास्तविक हितग्राहियों को राशन वितरण करने के लिये हितग्राहियों की ई-केवाईसी करने की प्रक्रिया जारी है। बचे हुए हितग्राहियों की ई-केवाइसी कराने और मृत, अपात्र व अस्तित्वहीन हितग्राहियों का मौके पर सत्यापन के बाद उनका नाम हटाने के लिये 1 से 15 जुलाई तक विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये गये हैं।


SWASTIK MULTI-SPECIALITY HOSPITAL

SWASTIK MULTI-SPECIALITY HOSPITAL & RESEARCH CENTRE

NABH ACCREDITED



विभाग

- न्यूरो सर्जरी विभाग
- मस्तिक रोग विभाग
- कैंसर रोग विभाग
- प्लास्टिक, हेयर ट्रांसप्लांट
- एवं कास्मेटिक सर्जरी विभाग
- बर्न विभाग
- हड्डी रोग विभाग
- दमा व छाती रोग विभाग
- नवजात एवं शिशु रोग विभाग
- फिजियोथेरेपी विभाग
- गुर्दा रोग विभाग
- जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक
- सर्जरी विभाग
- स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- नाक, कान एवं गला रोग विभाग
- हृदय रोग विभाग
- मेडीसिन विभाग
- 2डी ईको, टी.एम.टी. सोनोग्राफी,
- कलर डॉपलर

आई.टी.आई. रोड, अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल के सामने दीनदयाल चौक, जबलपुर

फोन: 0761-2640638 8461884444, 8462884444



ADMISSION OPEN

"THE MAIN AIM OF THE EDUCATION IS ALL ROUND DEVELOPMENT OF THE CHILD"

BULBUL KIDS KINGDOM High School

Uniform FREE

NURSERY, L.K.G., U.K.G. & 1st to 10th

न्यू राम नगर, अमखेरा रोड, अधारताल, जबलपुर

M: 9301408551, 9301408550, 6266655219



J.B.F.A

जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 106 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 98 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 82 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 82 |

मो.-9039925000, 9425800409



सोनू पोल्ट्री

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 78 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 94 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 102 |

मो.- 9039925999



श्रीजानकीरमण कला, वाणिज्य एवं फॉर्मेसी महाविद्यालय

म.प्र. शासन से मान्यता व अनुदान प्राप्त और रानीदुर्गावती वि.वि. एवं फॉर्मेसी काउंसिल से संबद्धता प्राप्त महाविद्यालय

प्रवेश प्रारंभ B.A. B.Com B.Pharma D.Pharma

बल्देवबाग के पास, आगा चौक, जबलपुर मो: 9243447119, 7869474006



जबलपुर आई केयर

डॉ. पूजा मिश्रा (एम.बी.बी.एस., एम.एस., नेत्र सर्जन)

प्रत्येक शुक्रवार निःशुल्क नेत्र परीक्षण

समय-सुबह 11 से 2 बजे तक

पता- खुशी प्लाजा कॉम्पलेक्स, भंवरताल गार्डन, जबलपुर

रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें- 9009101571, 0761-4003010, 8103157419



FOR PRIVATE SCREENING CALL +917999968989

FOR ONLINE BOOKING & OFFER BOOK FROM BOOKMYSHOW

CALL BOOKING 0761-4069888, 4069889

WEDNESDAY OFFER ₹ 90/- Flat

समदड़िया सिनेमा

BOOK YOUR TICKET & FOOD NO WHATSAPP SAMDAREEYA CINEMA +917999968989

OFFER NOT VAILD FOR " SITAARE ZAMEEN PAR" MOVIE

SITAARE ZAMEEN PAR 11:00AM 02:00PM 05:00PM 06:30PM 08:00PM 10:45PM

MAA 10:00AM 12:00PM 02:30PM 03:45PM 05:15PM 08:00PM 09:30PM 10:45PM

KUBERAA 10:15PM

HOUSEFULL-5 03:45PM

KANNAPPA 12:30PM 06:55PM

F:1 THE MOVIE 10:15AM 01:00PM



BHARAT VIDYA SHIROMANI AWARD, MEGA TIME 4 MEDIA & PRIME TIME अवार्ड से सम्मानित

महात्मा गांधी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन

केन्द्र व राज्य सरकार से मान्यता व म. प्र. मेडिकल एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर से सम्बद्धता प्राप्त

| नर्सिंग | पैरामेडिकल | होम्योपैथी | एजूकेशन | लॉ |
|---|---|---|---|---|
| M.Sc. (N) PB. B.Sc. (N) B.Sc. (N) GNM (N) ANM (N) | B.M.L.T. D.M.L.T. | B.H.M.S. | D.Ed. B.Ed. M.Ed. | B.A.LL.B. LL.B. LL.M. |

More Info : महात्मा गांधी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, मेन रेल्वे स्टेशन के पास, होटल कल्चुरी के सामने, साऊथ सिविल लाईन्स, जबलपुर (म.प्र.) Mob. 9300637079, 8103218415, 9893691462, 9200007079



नेशनल हॉस्पिटल

स्थान- 703, गोलबाजार, जबलपुर फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612

C.G.H.S., C.S.M.A., E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त

सुपर स्पेशिलिटी विभाग

• हृदय रोग (एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) • न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) • यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगों का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेजर द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) • शल्य चिकित्सा (हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतों में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) • हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) • छाती रोग • नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) • स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) • नेत्र रोग • शिशु रोग

28 वर्षों से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान



सीधे 10 वीं/12 वीं/कॉलेज के फार्म भरें

प्रवेश प्रारंभ

A Name of Quality Education

यश नर्सरी हा.से. स्कूल

ESTD- 2004

अधारताल/गोहलपुर, जबलपुर

➡ 9 वीं / 11 वीं फेल/पास सीधे 10 वीं/ 12 वीं करें।

➡ 12 वीं पास बी.ए./बी.कॉम./बी.एस.सी./बी.बी.ए./डी.एड./आई.टी.आई./कॉलेज/एन.टी.टी. जैसे कोर्स करें।

➡ ग्रेजुएट छात्र-छात्रा बी.एड./बी.लिब./डी.फार्मा./बी.फार्मा./ जैसे रोजगारोन्मुखी कोर्स कम्प्यूटर कोर्स के रेग्यूलर/प्राइवेट फार्म भरें।

स्टेट बैंक के पास, अधारताल तिराहा, जबलपुर मो: 9303580611, 0761- 4111321